दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ शुक्रवार 17 मई 2024 ■ वर्ष -18 ■ अंक-307 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03



# अलविदा राजमाता
## माधवी राजे सिंधिया पंचतत्व में विलीन



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सिंधिया राजघराने की राजमाता व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह दिल्ली में निधन हो गया था। 75 वर्षीय माधवी राजे लंबे समय से बीमार थीं। बीते दो माह से वह दिल्ली के एम्स में ही भर्ती थीं। गुरुवार को ग्वालियर में राजमाता माधवी राजे सिंधिया पंचतत्व में विलीन हो गईं।

राजसी परंपरा से हुआ राजमाता का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उनकी पार्थिव देह गुरुवार दोपहर से अंतिम दर्शनों के लिए रानी महल में रखी गई थी। कटोराताल स्थित थीम रोड स्थित अम्मा महाराज की छतरी में राजमाता विजयाराजे सिंधिया व स्व. माधव राव सिंधिया की समाधि के पास ही शाम को ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान सिंधिया राजघराने के साथ राजनीतिक जगत की तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। वहीं नेपाल, कश्मीर और गायकवाड़ राजघराने के साथ ही कई बड़ी हस्तियां श्रद्धांजलि देने पहुंची।

- ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी मुखाग्नि
- महल में अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब
- अंतिम संस्कार में शामिल हुए सीएम
- अम्मा महाराज की छत्री के पास हुआ अंतिम संस्कार
- राजसी परंपरा से दी राजमाता को अंतिम विदाई



### परंपरा अनुसार बेटे ने कराया मुंडन

राजमाता माधवी राजे सिंधिया के बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रोच्चार के बीच अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को संपन्न कराया। उन्होंने परंपरा के अनुसार अपना मुंडन भी कराया।

### दो हजार जवान रहे तैनात

राजमाता माधवी राजे के अंतिम संस्कार कई वीवीआईपी के साथ राजघरानों के लोग शामिल हुए। ग्वालियर एसपी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा में दो हजार से भी ज्यादा जवान और अधिकारी नियुक्त किए गए थे। वहीं, एयरपोर्ट से लेकर सिंधिया छत्री परिसर तक किलेबंदी कर दी गई थी।

# किसी के बाप की हिम्मत नहीं कि सीएए को हटा दे

### यदुवंश के सम्मान में हमने मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव को बनाया सीएम

## विपक्षियों पर गरजे पीएम मोदी, बोले- इंडी गठबंधन टूटेगा-बिखरेगा

- चुनाव बाद लखनऊ और दिल्ली के दोनों शहजादे छुट्टी पर जाएंगे
- कन्याकुमारी से कश्मीर तक और अटक से कटक तक उमंग
- यही उत्सव लोकतंत्र की ताकत, इस पर दुनिया का ध्यान गया
- पहली बार पहले पेज पर लोकतंत्र के उत्सव की खबरे छाईं



एजेंसी ■ आजमगढ़

चुनावी जनसभा को संबोधित करने निजामाबाद के गंधुवई पहुंचे पीएम मोदी ने भोजपुरी से जनता का अभिवादन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सब भैया-बहिनी के पांव लगत हई। उन्होंने कहा कि दो दिन पूर्व मैं वाराणसी में था। वहां जो माहौल बना, जिस तरह से काशीवासियों ने लोकतंत्र का उत्सव मनाया। वैसा कभी पूर्व में नहीं दिखा। देश की एकता, अखंडता व संविधान की रक्षा के लिए सीएए लागू किया जाना जरूरी था, जिसे हमने किया और किसी के बाप की हिम्मत नहीं है कि सीएए को हटा दे। सपा-कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शहजादों ने अपनी दुकान चलाने के लिए आजमगढ़, प्रदेश व देश का विकास नहीं होने दिया। आज लोकतंत्र का उत्सव मनाया जा रहा है। भारत के हर कोने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक और अटक से कटक तक सब ओर इस उत्सव की उमंग है। यही उत्सव लोकतंत्र की वह ताकत है जिस पर दुनिया का ध्यान गया। पहली बार है कि दुनिया के अखबारों में पहले पेज पर भारत के लोकतंत्र के उत्सव की खबरे छाई हुई हैं।

### योगी ने चलाया स्वच्छता अभियान

आजमगढ़ में सभा के दौरान मोदी ने एमपी के सीएम को लेकर तो बड़ी बात की ही। साथ ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में माफिया, दंगाइयों और रंगदारी मांगने वालों की सफाई करके मुख्यमंत्री योगी ने भरपूर स्वच्छता अभियान चलाया है। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि हम यदुवंश का महत्व जानते हैं। भाजपा यदुवंश का सम्मान करने वाली पार्टी है। हमने मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया।

- चार जून के बाद मोदी सरकार जरूर बनेगी
- चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों के लिए देश चलाना संभव नहीं
- कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण छीन मुसलमानों को दे दिया
- इंडी गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ वोट जिहाद की अपील कर रहे
- सपा के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे
- कांग्रेस के शहजादे ने तो राम मंदिर को गालियां देने का मिशन चलाया

#### मोदी गारंटी का मतलब आज का कानून

पीएम ने कहा कि जनता का प्रेम और आशीर्वाद, स्नेह दुनिया को अचरज कर रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है। इसलिए साथियों मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है, इसका ताजा उदाहरण आज का कानून है।

#### बंटवारे का शिकार हुए लोग

जनता ने देखा होगा कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो गया है। काफी संख्या में हिंदू, जैन, पारसी जो शरणार्थी बन लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं। यह वे लोग हैं, जो धर्म के नाम पर हुए भारत के बंटवारे के शिकार हुए हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यहां महात्मा गांधी का नाम लेकर लोग सत्ता की सीढ़ियों पर तो चढ़ जाते हैं लेकिन महात्मा गांधी की बातों को याद नहीं रखते।

#### धर्म के नाम पर लड़ाता विपक्ष

70 वर्षों में हजारों परिवार प्रताड़ना और अपनी बेटियों की इज्जत बचाने के लिए अपना धर्म, अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा बचाने के लिए मजबूर होकर भारत में शरण लिए। लेकिन कांग्रेस ने उनकी कभी सुध नहीं लिया। क्योंकि ये लोग कांग्रेस के वोट बैंक नहीं थे। इन लोगों में ज्यादातर दलित थे, पिछड़े समाज से थे, इसलिए इन पर जुल्म हुआ। सपा और कांग्रेस जैसे दलों ने यूपी सहित पूरे देश को दंगों की आग में झोंकने का काम किया। हिंदू-मुस्लिम को लड़ा कर व सेकुलरिज्म का चोला ओढ़ कर सपा व कांग्रेस ने सिर्फ अपनी दुकान चलाई। इनका यह नकाब मोदी ने उखाड़ फेका है।

## चांदी 85,700 रुपए किलो और सोना फिर साढ़े 73 हजार तोला

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के भाव में गुरुवार को एक बार फिर बढ़त दिखी। कारोबार के दौरान 10 ग्राम सोना 541 रुपए महंगा होकर 73,475 रुपए का हो गया। चांदी ने अपना नया ऑल टाइम हाई बनाया है। ये 1,195 रुपए महंगी होकर 85,700 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। वहीं सोने का ऑल टाइम हाई 73,596 रुपए का है जो उसने बीते महीने 19 अप्रैल को बनाया था। भोपाल सहित चार महानगरों की बात करें तो दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,170 रुपए है। मुंबई में10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,020 रुपए है। कोलकाता में10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 67,850 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 74,020 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,130 रुपए है। वहीं मप्र की राजधानी भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,070 रुपए है।



भोपाल में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,070 रुपए

## कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ करने वाले दो आतंकियों को मारा

**जम्मू कश्मीर।** उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के तंगधार इलाके में आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की है। सतर्क सुरक्षाबलों ने इसका पता लगते ही घुसपैठियों की घेराबंदी कर दी है। नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाके में चार से पांच आतंकियों को घेर लिया गया है। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ करने वाले दो आतंकवादियों को मार गिराया है। बारामुला लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान है। इस बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस, सीआरपीएफ, सेना व अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बरत रहे हैं। जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने कहा कि राजोरी, पुंछ और बसंतगढ़ में आतंकी हमलों में शामिल दहशतगर्दों का सफाया किया जाएगा।

**तंगधार इलाके में घुसपैठ की कोशिश विफल**

## अरबों की टैक्स चोरी! कटनी में धन्नासेठों के ठिकानों पर छापा

एजेंसी ■ कटनी

जिले के कई बड़े व्यापारियों के घर और उनके कई ठिकानों पर एक साथ 50 से कारों के साथ इनकम टैक्स के 100 से ज्यादा अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। ये सभी व्यापारी दाल मिल, चावल मिल और कई बड़े व्यापार करते हैं। जिसमें से एक सबसे बड़ा व्यापार करने वाले अनिल इंडस्ट्रीज के तीन भाइयों के घर व उनके ठिकानों पर कार्रवाई की गई। माधवनगर की अनिल इंडस्ट्रीज के अलावा कई व्यापारियों के ठिकानों पर सुबह ही इनकम टैक्स दबिश दी। अनिल इंडस्ट्रीज और कई व्यापारियों पर अरबों रुपए की कर चोरी पकड़ी गई है।

**50 कार के साथ 100 अधिकारियों ने दी दबिश**

## उत्तराखंड में पहली बार दिखा चाइनीज पौंड हेरॉन पक्षी ...

### ब्रीडिंग सीजन में भारत आया नया विदेशी मेहमान

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उत्तराखंड में एक नया विदेशी मेहमान आया है। न सिर्फ आया है बल्कि उसने उत्तराखंड के कोटद्वार को अपना ब्रीडिंग प्वाइंट भी बना लिया है।

यह मेहमान एक पक्षी है। इसका नाम है चाइनीज पौंड होरॉन। आमतौर पर यह पक्षी पूर्वोत्तर राज्यों जैसे- मेघालय, मिजोरम और नगालैंड में दिखता है। या फिर राजस्थान में, लेकिन उत्तराखंड में यह पहली बार आया है। इसे पहली बार उत्तराखंड की वाइल्डलाइफ बर्ड फोटोग्राफर और बर्ड गाइड किरन बिष्ट ने देखा। उन्होंने इसे अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सीनियर बर्ड एक्सपर्ट्स से पूछा। सभी ने बताया कि उत्तराखंड में यह पहली बार देखा गया है। इसके अलावा किरन ने इंटरनेशनल बर्ड डेटाबेस चेक किया।



### गोयल और गुप्ता को जेड श्रेणी की मिली सुरक्षा

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी संगठनों से निपटने में अहम रोल अदा करने वाले पूर्व भारतीय अधिकारियों पर खालिस्तानी संगठनों से बढ़ते खतरों को देखते हुए सरकार ने इन अधिकारियों की सुरक्षा को बढ़ा दिया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी को पता चला था कि कुछ अधिकारियों पर खालिस्तानी समूहों से खतरा मंडरा रहा है। बढ़ते खतरों को देखते हुए पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल और पूर्व एनआईए प्रमुख दिनकर गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

**खालिस्तानी खतरों के बीच केंद्र ने लिया फैसला**

**बड़ा फैसला** डायबिटीज, हार्ट और लिवर के रोगियों के लिए केंद्र सरकार का राहत भरा निर्णय

## आहत मरीजों को राहत... 41 दवाइयों के कम हो गए दाम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

एनपीपीए ने आम लोगों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। जिसके बाद अब ऐसी बीमारियों की दवाएं सस्ती की जाएंगी, जिसके कारण आम लोगों को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं।

लोगों की ओर से बार-बार दाम घटाने की मांग की जा रही थी। दरअसल, केंद्र सरकार ने मधुमेह, हृदय और लीवर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं और छह फॉर्मूलेशन की कीमतें कम कर दी हैं। फार्मास्यूटिकल्स विभाग और राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, एंटासिड, मल्टीविटामिन और एंटीबायोटिक्स उन दवाओं में से हैं जो सस्ती हो जाएंगी। फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और स्टॉकिस्टों को दें।



- एक ही शहर के अस्पतालों में मनमाफिक दाम वसूलने की बातें सामने आई थी
- कंपनियों को निर्देश- दवाओं के दाम कम होने की जानकारी तुरंत डीलरों को दें
- एक अनुमान के मुताबिक भारत में इस समय 10 करोड़ लोग मधुमेह का शिकार

### भारत में सबसे ज्यादा मधुमेह रोगी

यह निर्णय एनपीपीए की 143वीं बैठक में लिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यक दवाओं की कीमत जनता के लिए सस्ती रहे। भारत दुनिया में सबसे अधिक मधुमेह के मामलों वाले देशों में से एक है, जहां 10 करोड़ से अधिक मधुमेह रोगी हैं। जिन देशों को कीमतों में कटौती से फायदा होने की उम्मीद है।

#### संशोधित कीमत जारी

पिछले महीने, फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने 1 अप्रैल से प्रभावी, 923 अनुसूचित दवा फॉर्मूलेशन के लिए अपनी वार्षिक संशोधित कीमतें और 65 फॉर्मूलेशन के लिए संशोधित खुदरा कीमतें जारी कीं।

#### पहले 69 दवाएं हुई थीं सस्ती

अधिकतम और रिटेल कीमतों में यह संशोधन होलसेल प्राइस इंडेक्स में बदलाव के आधार पर दवाओं की कीमतों में 0.00551 प्रतिशत की वृद्धि की एनपीपीए की घोषणा के बाद हुआ है। इस साल की शुरुआत में एनपीपीए ने डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर में इस्तेमाल होने वाली 69 दवाओं की कीमतें कम कर दी थीं।

## ओमान में भारतीय की मौत पर फूटा परिजनों का गुस्सा

### कार्यालय के बाहर शव रखकर मांगा मुआवजा

एजेंसी ■ तिरुवनंतपुरम

ओमान में भारतीय नागरिक की मौत के बाद मृतक के परिजनों विरोध प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की है। परिजनों ने शव को एआईएसएटीएस कार्यालय के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि 13 मई को ओमान के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती एक भारतीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि अगर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान रद्द नहीं होती तो उनकी पत्नी अपने पति की मौत से पहले उनसे मिल सकती थी।



परिजनों ने आरोप लगाया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल की हड़ताल की वजह से बार बार उड़ानें रद्द की हो रही थीं। इस वजह से मृतक की पत्नी अपने पति से मिलने नहीं जा सकीं। मृतक के ससुर ने दावा किया कि अगर उनकी बेटी को ओमान जाने दिया जाता, तो शायद मौत को रोका जा सकता था।

# राजमाता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए सीएम, डिप्टी सीएम और मंत्रीगण





राजमाता श्रीमंत माधवीराजे सिंधिया को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



राजामाता माधवीराजे सिंधिया को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल समेत कई मंत्रियों ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सांत्वना दी और उनकी माताश्री के पर निधन दुख व्यक्त किया।


राजामाता माधवीराजे सिंधिया को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सीएम मोहन यादव, जयभान पवैया और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा।

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ग्वालियर

सीएम मोहन यादव ने राजमाता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, हमारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता जी का दुखद निधन हुआ है। मैं अपनी और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करता हूं।

परमपिता परमेश्वर से कामना करता हूं कि महाकाल बाबा उनको मोक्ष प्रदान करें। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सरकार के कई मंत्री व विधायक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतिम दर्शन के पश्चात राजमाता के मृतक शरीर को पालकी में जय विलास पैलेस से शहर में स्थित सिंधिया छतरी पर ले जाया गया। छतरी पर ज्योतिरादित्य ने पूरे विधि-विधान से अपनी मां का अंतिम संस्कार किया। मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे। उन्होंने कहा, अपूरणीय क्षति है। राजमाता का यूं जाना, राजमाता का विशेष प्रभाव और इस समूचे अंचल में हमेशा से रहा है।

एक लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हुआ है। उनका हम सबको छोड़कर जाना दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सिंधिया जी को इस दुख को सहन करने की शक्ति मिले। ग्वालियर पहुंचे मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राजमाता जी का यूं जाना ग्वालियर और सिंधिया परिवार ही नहीं प्रदेश के लिए एक छति है। इस दुखी की घड़ी में हम सिंधिया परिवार के सहभागी हैं। मैं श्रद्धांजलि देने आया हूं, मां का जाना किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत ही दुखद होता है। हमारे नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता का निधन हुआ है। राजमाता का निधन हुआ है, यह बहुत दुख की घड़ी है। हम सिंधिया परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में सहभागी हैं।


पूर्व केन्द्रीय मंत्री कै. श्रीमंत माधवराव सिंधिया की महारानी एवं केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताश्री राजमाता श्रीमंत माधवीराजे सिंधिया के निधन पर जयविलास महल में गुरुवार को दिवंगत पुण्यात्मा के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं राजकुमार श्रीमंत महाआर्यमन के साथ मप्र के पूर्व केबीनेट मंत्री भगवान सिंह यादव।



ग्वालियर सहकारी बाजार के अध्यक्ष अरविन्द कैंगे द्वारा 6 अक्टूबर 2003 को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं राजमाता श्रीमंत माधवी राजे सिंधिया ने स्व सेवा केन्द्र का लोकार्पण करते किया था, साथ में बाएं से दाएं अध्यक्षता कर रहे मप्र तिलहन संघ के पूर्व अध्यक्ष भगवान सिंह यादव, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, पूर्व सांसद सूर्य प्रसाद, पूर्व विधायक डॉ. आरके गोयल और पूर्व विधायक हरीसिंह नरवारिया।

## ब्रीफ न्यूज

### मध्यप्रदेश की सभी जेल टेलीमेडिसिन से जुड़ेंगी

**भोपाल।** प्रदेश की सभी सेंट्रल और जिला जेलों में अब सीधे तौर पर बंदी टेलीमेडिसिन के जरिए डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे। प्रदेश के जेल महानिदेशक जीपी सिंह ने बताया कि टेलीमेडिसिन योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल के कैदी डॉक्टर से संबंधित बीमारी के बारे में परामर्श ले सकेंगे और उसके आधार पर दवाइयां भी जेल में उपलब्ध कराई जाएंगी। भारत सरकार के इस प्रोजेक्ट के तहत बीमार कैदियों को उपचार कराना भी आसान हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री के चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाणा के लोकसभा क्षेत्र गुडगांव के रेवाडी जिले के कौसली कस्बा में प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने धर्म के नाम पर वोट मांगते हुये कांग्रेस पार्टी के लोगों को हरामी जैसे शब्दों का उपयोग किया है। ऐसी भाषा चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हैं। कांग्रेस ने आयोग से मांग की है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाई जानी चाहिए।

# 3.48 लाख करोड़ के पार हो सकता है 2024-25 का पूर्ण बजट

## जुलाई में प्रस्तावित बजट की तैयारी में जुटा वित्त विभाग

सत्ता सुधार ■ भोपाल

लेखानुदान से काम चला रही प्रदेश सरकार जुलाई में होने वाले मानसून सत्र में वित्तीय वर्ष ने 2024-25 का बजट पेश करेगी। वित्त विभाग बजट की तैयारियों में जुट गया है। सरकार का 2024-25 का पूर्ण बजट का अनुमान 3.48 लाख करोड़ है। इसमें लेखानुदान के 1.45 लाख करोड़ रुपये भी शामिल होगा। अगले वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व प्राप्तियां 2.52 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें राज्य कराधान से आय 96 हजार करोड़ रुपये है।

वित्त विभाग ने 2024-25 के बजट अनुमान और तैयारी को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें विभाग ने वेतन-भत्ते, ऋण भुगतान और 15वें वित्त आयोग के लिए बजट अनुदान को प्राथमिकता में रखने को कहा है। प्रदेश सरकार ने लोकसभा चुनाव के चलते फरवरी में पूर्ण बजट पेश नहीं किया था। सरकार लेखानुदान लेकर आई थी। इसमें तीन महीने का सरकार का योजनाओं और वेतन भत्तों के खर्च का बजट जारी किया गया था। इसमें किसी तरह के नए कर संबंधी नए प्रस्ताव और व्यय के नए मदद शामिल नहीं किए गए थे। जानकारों का कहना है कि सरकार अब लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में अपना पूर्ण बजट लेकर आ सकती है। अब राज्य में चार से पांच साल बाद चुनाव है। ऐसे में सरकार कठोर निर्णय भी ले सकती है। यह समय सरकार के लिए सख्त निर्णय लेने के लिए आदर्श होता है। सरकार जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में बजट पेश कर सकती है।

राज्य सरकार फरवरी में पूर्ण बजट लेकर नहीं आई। सरकार लेखानुदान लेकर आई। जानकारों ने बताया कि इसका कारण केंद्र की तरफ से योजनाओं और प्रोग्राम के लिए राज्य को मिलने वाले राज्यांश में देरी कारण रहा। केंद्र सरकार ने भी लोकसभा चुनाव के चलते लेखानुदान लेकर आई। अब वह भी जुलाई में पूर्ण बजट पेश कर सकती है। लेखानुदान में सरकार पूर्ण बजट पेश होने तक राज्य सरकार के खर्चों और योजनाओं के संचालन के लिए राशि को स्वीकृति देती है।



### मई अंत तक प्रस्ताव भेजें विभाग

वित्त विभाग ने विभागों से कहा है कि नई योजनाओं के प्रस्ताव प्रशासकीय स्वीकृति के बाद ही भेजें। इसमें उद्देश्य और लाभ की जानकारी का विवरण भी भेजने को कहा गया है। वहीं, जिन योजनाओं को बंद किया जा रहा है, उसकी जानकारी भी देने को कहा गया है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की उपयोजना के लिए पर्याप्त राशि रखने को कहा गया है। सभी विभागों को मई अंत तक प्रस्ताव भेजने को कहा गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेसजनों के नाम लिखा पत्र

# कांग्रेस के सम्मानित सिपाहियों के सार्थक योगदान के लिए दिया साधुवाद

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मप्र में चार चरणों के लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही प्रदेश के सभी सम्मानित कांग्रेस के सिपाहियों के चुनाव में योगदान के लिए पत्र लिख साधुवाद दिया है। पटवारी ने अपने पत्र में लिखा है कि गांव-देहात से लेकर बड़े शहरों के कार्यकर्ता के रूप में, विचारधारा से संबद्ध अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी के रूप में चुनाव प्रचार में लगे जुझारू लड़ाके के रूप में या फिर बूथ-बूथ पर जिम्मेदारी से संघर्षरत निष्ठावान प्रतिनिधि के रूप में एक-एक भूमिका में है, जवाबदेहीं से जुटे एक-एक व्यक्ति का, मैं व्यक्तिगतरूप से ऋणी हूं। मैं विशेष रूप से इसलिए भी आभारी हूं कि तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। ऐसे दौर और हालात में, जब विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद हताशा और निराशा का माहौल था। डर, दबाव और लालच के कुचक्र में फंसे साथी, सत्ता के समक्ष समर्पण करते हुए, कांग्रेस से किनारा कर रहे थे। पटवारी ने पत्र में लिखा कि मैं यह भी जानता हूं कि अहंकार एवं तानाशाही के इस सबसे गंभीर दौर में चुनौतियां कम नहीं है। नीति में अनीति और सेवा में स्वार्थ के साथ सत्ता में बैठा विरोधी दल, जब लोकतंत्र और संविधान के अस्तित्व को ही मिटाने पर आमादा है, तो समझा जा सकता है कि निर्णायक संघर्ष से ही प्रेम, भाईचारे और सद्भावना की कांग्रेसी विचारधारा को आगे बढ़ाया जा सकता है।



# जीतू पटवारी ने करवाया पीसीसी कार्यालय का मेन गेट बंद

- पीसीसी चीफ वास्तु दोष के निराकरण के लिए कर रहे प्रयास
- बीजेपी बोली-कांग्रेस और उनमें ही सारा वास्तु दोष



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के युवा अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश कार्यालय में वास्तु दोष को देखते हुए गेट को बंद करवा दिए हैं और एक दूसरा गेट आने-जाने के लिए खोल दिया गया है। इस पर बीजेपी नेताओं ने तंज करते हुए कहा है कि दोष पूरे कांग्रेस में ही है। जीतू पटवारी एक दिन पहले पीसीसी का निरीक्षण किए थे।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मानते हैं कि कांग्रेस मुख्यालय में वास्तु दोष है। इसलिए पीसीसी चीफ वास्तु दोष के निराकरण के लिए कोशिशें कर रहे हैं। यहां का मुख्य द्वार कल तक खुला रहता था, लेकिन आज उसे बंद कर दूसरे गेट को खोला गया है। बता दें कि एमपी कांग्रेस से कई नेता, जिनमें विधायक और सांसद सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी कांग्रेस छोड़ बीजेपी ज्वाइन कर लिए हैं। ऐसे में पार्टी छोड़ भाग रहे नेताओं को रोकने के लिए कांग्रेस ने ये नई तरकीब खोजी है। उनका मानना है कि यह वास्तु दोष है, इसलिए पार्टी मुख्यालय का मेन गेट बंद करना चाहिए।

वहीं कांग्रेस पार्टी के इस तरह के प्रयोग पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि कांग्रेस और उनमें ही सारा वास्तु दोष है। लेकिन वे इसे दूर करने की बजाय कांग्रेस भवन में ही वास्तु दोष ढूंढ रहे हैं। सलूजा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि कांग्रेस में वास्तु दोषज्पता नहीं कांग्रेस के नेता यह सच्चाई कब समझेंगे कि सारा दोष उनमें व कांग्रेस में हैल्लेकिन उसे दूर करने की बजाय वो तो हमेशा कांग्रेस भवन में ही वास्तु दोष ढूंढने में लगे रहते हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि अब जीतू पटवारी के निर्देश पर पीसीसी का वास्तु दोष दूर करने के लिए पीसीसी का हमेशा बंद रहने वाला द्वार खोल दिया गया है और मुख्य द्वार पर ताला लटका दिया गया है।

# भाजपा राम के नाम पर देश की जनता को भ्रमित कर रही है : मुकेश नायक

### इनका आचरण ही झूठ पर आधारित है, पार्टी के सभी लोग झूठ बोलते हैं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देश-प्रदेश के करोड़ों कांग्रेसजन के प्रति अमर्यादित, आपत्तिजनक और अशोभनीय शब्दों का उपयोग किये जाने पर उन्हें संकुचित मानसिकता का परिचायक बताया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की अंतिम सांस में उनके श्रीमुख से राम नाम ही निकला, उनका यह गीत रघुपति राघव राजा राम पूरे भारत वर्ष ने गया और प्रदेश के मुखिया यह कह रहे हैं कि उनके रोम-रोम में राम है यदि इनके रोम-रोम में राम है तो उनके आचरण में राम क्यों नहीं हैं, उनके चरित्र में राम क्यों नहीं हैं, इनके क्रियाकलाप में राम क्यों नहीं हैं। उनके आसपास दलालों का जमघट क्यों है? इससे पहले भी इन्होंने कहा था कि कांग्रेस की जो माता बहनें हैं वह केवल भोग विलास की वस्तुएं हैं, इन्होंने कहा हमारे राज में फोकट में अनाज मिलता है, रामराज में फोकट में अनाज मिलता था और अब इस तरह के बयान संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देते। उन्होंने कहा कि झूठई लेना झूठई देना, इनका पूरा जीवन झूठ पर आधारित है उनके प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं और उनका अनुसरण करते हुए मुख्यमंत्री समेत पूरी भाजपा के लोग झूठ बोलते हैं, ये असंत और असंतुष्ट लोग हैं।



परेशानी | अफसरों की संख्या ज्यादा होने की वजह से समय पर नहीं मिल पा रहा प्रमोशन

# आईएएस व आईपीएस अफसर पदोन्नति में दो साल पिछड़े

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में कैडर मैनेजमेंट बिगड़ जाने की वजह से राज्य सेवा के अफसर तो पहले से ही हैरान परेशान हैं, ऐसे में अब अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें प्रदेश कैडर के आईएएस और आईपीएस अफसर पदोन्नति के मामले में अब दूसरे राज्यों व केन्द्र सरकार के अफसरों से दो साल पीछे हो गए हैं।

हालत यह है कि प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के कई बैच ऐसे हैं, जिनमें अफसरों की संख्या बहुत अधिक हो गई है। इसकी वजह से उन्हें समय पर पदोन्नति नहीं मिल पा रही है। प्राय~देखा जाता है कि अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को समय पर ही पदोन्नति मिल जाती है, लेकिन मप्र इस मामले में अब अपवाद बनता जा रहा है। इसकी वजह है, कि प्रदेश में कई अफसर ऐसे हैं जिन्हें सर्वोच्च पद तक पहुंचने का मौका ही नहीं मिल पा रह है और वे सेवानिवृत्त होने को मजबूर हो गए हैं। इसकी वजह से उन्हें मुख्य सचिव और डीजी का वेतनमान ही नहीं मिल पाया है।




अगर केन्द्र सरकार की बात करें तो भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1993 बैच के अधिकारी सचिव वेतनमान में इम्पैनलमेंट हो चुके हैं। मप्र में 1993 बैच के अधिकारी अभी भी प्रमुख सचिव पद पर ही काम कर रहे हैं। प्रदेश में इस मामले में स्थिति इससे ही समझी जा सकती है कि इस बैच के सबसे वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय दुबे आगामी एक जून को तक भी पदोन्नत नहीं हो पाएंगे, जबकि 31 मई को अपर मुख्य सचिव तथा अध्यक्ष राजस्व मंडल ग्वालियर अश्विनी कुमार राय सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राय की सेवानिवृत्ति के बाद मुख्य सचिव वेतनमान पर स्वीकृत पद के बराबर 14 (सात कैडर तथा सात एक्स कैडर) अधिकारी बचेंगे। संजय बंदोपाध्याय की प्रदेश वापसी तथा श्रीमती वीरा राणा को छह माह की सेवा वृद्धि के कारण अधिकारियों को पदोन्नति के लिए प्रतीक्षा और बढ़ गई है। ऐसे में अगर राज्य सरकार ने मुख्य सचिव वेतनमान के लिए नए पद स्वीकृत नहीं किए तो संजय दुबे को पदोन्नति के लिए एक सितम्बर तक इंतजार करना पड़ेगा। उन्हें तब पदोन्नति मिलेगी जब 31 अगस्त को अध्यक्ष कर्मचारी चयन मंडल संजय बंदोपाध्याय सेवानिवृत्त होंगे। बीते कुछ सालों से प्रदेश में नई परंपरा शुरू हो गई है, जिससे यदि मुख्य सचिव वेतनमान के अधिकारी को सेवावृद्धि मिलती है तो, उस पद को अब रिक्त नहीं माना जाता है, जिसकी वजह से उस पद पर पदोन्नति नहीं मिल पाती है।

## ब्रीफ न्यूज

### कम्पाइन मशीन चलाने गया युवक लापता

**श्योपुर।** जिले के ढोढर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खोजीपुरा से एक युवा किसान कम्पाइन मशीन लगाने की बोलकर मंगलवार को शाम 5.30 बजे गया था जो वापस नहीं लौटा है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचनाकर्ता जसबीर पुत्र महेन्द्र सिंह सिख्ख ने बताया कि मंगलवार को उनका बेटा हरविन्द्र सिंह उम्र 24 साल घर से कम्पाइन मशीन ढोढर में चलाने की बोलकर गया था लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटा है और उससे सम्पर्क हो पा रहा है। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता हरविंद्र की तलाश तेज कर दी है।

### पैसे के लेन-देन को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**श्योपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत भैंसपाडा बस्ती में एक युवक के साथ पैसे के लेन-देन को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी शौकिन पुत्र शमशुद्दीन ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर के पास आरोपी नौशाद आया और पैसे के लेन-देन को लेकर मारपीट कर गाली गलौच करने लगा तथा जान से मारने की धमकी दे गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294,323,506 कायम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### रास्ते में निकलते वक्त मारपीट कर किया जातीगत अपमान, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के ढोढर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे में एक युवक के साथ रास्ते में निकलते वक्त मारपीट कर जातीगत अपमान किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी भरत पुत्र हरिफूल जाटव ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि हरिप्रसाद जाटव के घर के बाहर आरोपी राकेश रावत ने रास्ते में निकलते वक्त उसे गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी एवं जातीगत अपमान कर दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294,323,506 भादवि एवं एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### आज इन क्षेत्रो में बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर।** प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर ने बताया कि 17 मई को सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्री-मानसून लाइन मेंटीनेंस के चलते 11 केव्ही सिटी फीडर एवं बडौदा रोड फीडर से विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान हिन्दू धर्मशाला, गैस एजेंसी रोड, बालापुरा, जयस्तभ मैन बाजार, चूडी बाजार, घास गली, बोहरा बाजार, टोडी बाजार, ब्राम्हण पाडा, मोती टिकीया, हम्माल मोहल्ला, पुरानी कचहरी, पुरानी सब्जी मंडी, छीपा मोहल्ला, बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला एवं रेगर मोहल्ला श्योपुर में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।

### सेवा भारती के छात्रावासो में छात्र प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**श्योपुर।** सेवा भारती मध्यप्रदेश के द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलो में संचालित छात्रावासो में छात्रों के प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है जिसके अंतर्गत परीक्षा शेड्यूल जारी करने के साथ ही नियम और शर्ते भी जारी कर दी है। मध्यभारत प्रांत के अंतर्गत जिला- श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, अशोक नगर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा में छात्रावास संचालन किये जा रहे हैं जिनमें प्रवेश के लिए 27 मई को प्रवेश परीक्षा सेवा भारती छात्रावास शिवपुरी लिंक रोड कैदारपुर ग्वालियर में आयोजित की जायेगी।





# बिगडी यातायात व्यवस्था को सुधारने यातायात, नपा और प्रशासन ने सम्हाली कमान

**अस्थाई अतिक्रमण को हटाया, चूना से खींची लक्ष्मण रेखा, पार्किंग के लिए भी चिन्हित की जगह**

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर में बेतरतीब यातायात व्यवस्था एवं अस्थाई अतिक्रमण से परेशान हो चुके शहरवासियों को राहत देने की मंशा से जिला कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं जिसके पालन में आज गुरूवार से यातायात पुलिस, राजस्व, नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए चूना डालकर अस्थाई अतिक्रमण करने वालो के लिए लक्ष्मण रेखा खींच दी है और यातायात में बाधा उत्पन्न नहीं करने की सख्त हिदायत भी दी है। तहसीलदार प्रेमलता पाल के नेतृत्व में यातायात पुलिस, नगर पालिका का अमला शहर के हृदय स्थल गांधी पार्क, जय स्तम्भ, पटेल चौक एवं मैन बाजार आदि स्थानो पर पहुंचा और अस्थाई अतिक्रमण को साफ करवा दिया, इसके अलावा लोगो को चेतावनी भी दी कि वे सडक पर अवैध अतिक्रमण ना करें अन्यथा सख्त कार्यवही की जायेगी। इस मौके पर संयुक्त दल द्वारा शहर में बढ़ते वाहनो के व्यवस्थितकरण हेतु पार्किंग के लिए जगह का भी चिन्हांकन किया एवं यातायात पुलिस को समुचित स्थान पर पार्किंग कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। तहसीलदार प्रेमलता पाल ने पैदल घूमकर बाजार में अस्थाई अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही पूर्ण कराई। इसके अलावा ठेले वाले, रेहड़ी वालो को भी उचित स्थान पर व्यापार करने की सलाह दी है ताकि यातायात व्यवस्था को सुधारा जा सके। इस दौरान सीएमओ सतीश मटसेनिया, यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य प्रभारी सत्यभानु जाटव समेत राजस्व, नगर पालिका एवं यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे। इस दौरान नगर पालिका ने अस्थाई अतिक्रमण करने वालो से जुर्माना भी वसूल किया है।

### एएसपी ने शहर में घूमकर देखी पार्किंग की संभावनाऐं

जिला कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड एवं एसपी अभिषेक आनंद के निर्देश पर एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर ने एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता के साथ एक दिन पूर्व शहर का भ्रमण कर पार्किंग के लिए संभावनाओं को तलाशा एवं उचित स्थान पर पार्किंग लगाये जाने हेतु यातायात पुलिस को सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## 16-16 टेबिल पर 21 रांउड होगी मतगणना, मतगणना दलो का प्रशिक्षण कल

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के मार्गदर्शन में मतगणना दलो में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण 18 मई को आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में प्रातः 11 बजे एवं दोपहर 03 बजे से दो पालियो में आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत 04 जून को प्रातः 08 बजे से मतगणना होगी। मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत श्योपुर जिले के दो विधानसभा क्षेत्र श्योपुर एवं विजयपुर की मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में संपन्न कराई जायेगी। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत श्योपुर जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र श्योपुर एवं विजयपुर के मतो की गणना के लिए 16-16 टेबिल लगाई जायेगी तथा दोनो विधानसभा क्षेत्रो के लिए मतगणना के 21-21 रांउड होगे। श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत ईव्हीएम से डाले गये मतो की गणना के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में अलग-अलग मतगणना हॉल बनाये गये है। पोस्टल बैलेट से डाले गये मतो की गणना रिटर्निंग आफिसर स्तर पर मुरैना में होगी। मतगणना के लिए गणना प्रेक्षक, गणना सहायक एवं माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 18 मई को शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में दो पालियों में आयोजित किया गया है। श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्रो के ईव्हीएम से डाले गये मतो की गणना के लिए रिजर्व सहित 20-20 मतगणना दल बनाये जायेगे। प्रत्येक गणना टेबिल पर एक दल नियुक्त होगा, जिसमें गणना प्रेक्षक, गणना सहायक एवं माईक्रो आब्जर्वर शामिल रहेंगे।

## आवास निर्माण कार्यो का शेष पूर्ण जल्द करायें : कलेक्टर

**कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित, जनपद सीईओ को सतत भ्रमण के दिये आदेश**

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने पीएम जनमन योजना के तहत पूर्व में (जनवरी-2024 में) स्वीकृत आवास निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीईओ जनपद द्वारा सतत् रूप से आवास निर्माण कार्यो की समीक्षा की जाकर आवास निर्माण का कार्य पूरा कराया जायें। ऐसे आवास जो छत लेबल तक पूर्ण हो गये है, बारिश से पूर्व उन पर छत डालने का कार्य किया जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्योपुर मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ विजयपुर अभिषेक मिश्रा, सीएमएचओ डॉ जेएस राजपूत, सीईओ जनपद कराहल अभिषेक त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने निर्देश दिये कि उक्त योजना के तहत जनवरी 2024 में स्वीकृत आवास निर्माण के कार्य शीघ्रता से पूर्ण किये जायें, जिन 700 आवासो की जीयो टैगिंग शेष है, उनकी जीयो टैगिंग की जायें तथा जो रजिस्टर हो गये है, उनके आधार वेरीफिक्रेशन की कार्यवाही पूर्ण की जायें। बैठक में जानकारी दी गई कि योजना के तहत जनवरी 2024 में 9 हजार 34 आवास स्वीकृत किये गये, जो प्रगतिरत है, जिनमें से 7 हजार 148 को प्रथम किस्त, 3 हजार 128 को दूसरी किस्त तथा 212 को तीसरी किस्त प्रदाय की गई है, 07 आवास के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है।




### कलस्टर स्तर पर किया जाये आधार अपडेशन

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने निर्देश दिये कि पीव्हीटीजी सहरिया समुदाय के शत प्रतिशत नवीन आधार एवं आधार अपडेशन के लिए कलस्टर लेबल पर आधार पंजीयन केन्द्र स्थापित किये जायें, जिसके अतंर्गत आने वाली पंचायतो के सहरिया समुदाय के ऐसे लोग जिनके पास आधार कार्ड नही है, वे अपने नवीन आधार कार्ड बनवा सकेंगे, साथ ही ऐसे व्यक्ति जिनके बचपन में आधार कार्ड बन गये थे, वे बाल अवस्था में बने अपने इन आधार कार्ड को बायोमैट्रिक अपडेशन करा सकेंगे। कलस्टर लेबल पर यह आधार केन्द्र सुबह से शाम 5.30 बजे तक संचालित रहेंगे।

## बाल्यावस्था से ही भगवान ने किया पापियों का नाश : गौतम

**कराहल में जारी है श्रीमद्भागवत कथा**

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



तहसील मुख्यालय कराहल में स्थित बांके बिहारी जी मैरिज गार्डन में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को घ्कथावाचक पंडित राधारमण गौतम ने श्रोताओं को श्रीराम जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया। इस मौके पर श्रीराम जन्म के उल्लास में पूरा पांडाल झूम उठा और बधाईयां बांटी गईं। कथा में भगवान श्री राम का जन्म होते ही भागवत पांडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों की जय घोष रही। राम जन्म का वर्णन करते हुए कथावाचक गौतम ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है।

कथावाचक गौतम ने बताया जन्म होते ही अयोध्या में अयोध्या वासी हर्षित हो गए। राजा दशरथ द्वार पुत्रों के जन्म होते ही नगरी मे खुशी की लहर दौड़ी। कथा पंडाल में सैकड़ों की संख्या में भक्त उपघ्स्थित रहे। भक्तों ने भक्ति भाव से भगवान की कथा का रसपान किया। प्रभु श्री राम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए।

### नागदा में नलकूप खनन, दो गांवो में लगाई सिंगल फैस मोटर

**श्योपुर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में किये जा रहे उपायो के तहत अब पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतो तथा हैंडपम्पो की मरम्मत के संबंध में प्रतिदिन पेयजल बुलेटिन जारी किया जा रहा है। संबंधित गांव के व्यक्ति सुधार हुआ है या नही इसकी पुष्टि कर सकते है और यदि सुधार एवं मरम्मत नही की गई है, तो उसकी जानकारी अगले 4 दिवस में प्रदान कर सकते है। इन निर्देशो के क्रम के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा बताया गया है कि 19 हैंडपम्पो की मरम्मत कर सुधार किया गया है।

## डोडा-चूरा बेचने वाले आरोपी को 3 साल का सश्रम कारावास

**5 हजार का लगाया अर्थदंड, विशेष न्यायालय ने सुनाई सजा**

**श्योपुर।** जिला कोर्ट में विशेष न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ डोडा चूरा बेचने के लिए ले जाने वाले एक आरोपी को दोषी करार देते हुए 3 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए पांच हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। मामले में राज्य की और से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने की। विशेष लोक अभियोजक श्री जाधव ने बताया कि पुलिस चौकी सुसवाडा आवदा के तत्कालीन प्रभारी उपनिरीक्षक एम.एस. सिकरवार को 01 अक्टूबर 2021 को ग्राम तलावडा के मंगल जाट द्वारा डोडा चूरा बेचने की सूचना प्राप्त हुयी थी। चौकी प्रभारी द्वारा उक्त मुखविर की सूचना को दर्ज करते हुये चौकी पर उपस्थित फोर्स एवं स्वतंत्र साक्षियों को अवगत कराकर कार्यवाही करने के लिये मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना होकर तलावडा फीडर के पास पहुचे फोर्स की मदद से मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति मंगल जाट को हिरासत में लेकर आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास मादक पदार्थ डोडाचूरा होना पाया गया जिसको तौलने पर उसका वजन 01 किलो 100 ग्राम निकला उसके बाद चौकी प्रभारी द्वारा मौके पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया और बाद विवेचना आरोपी के विरूद्ध विशेष न्यायालय श्योपुर में धारा 08/15 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्त के अंतर्गत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।

## ढोढर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जारी है समर कैंप

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



जिले के ढोढर कस्बे में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज गुरूवार को कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं के बीच चित्रकारी, बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर तक के बच्चों का समर कैम्प के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षणिक अध्ययन कराये जाने हेतु समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। आज आयोजित कार्यक्रम में जिन विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया उनमें प्रथम स्थान कक्षा दसवीं की छात्रा कोमल राठौड़, द्वितीय स्थान 11वीं के छात्र हाशिम खान एवं तृतीय स्थान दसवीं की छात्रा प्रियांशी गोयल ने प्राप्त किया जिन्हें विद्यालय प्राचार्य द्वारा पुरूष्कृत किया गया।

**हस्ताक्षर अभियान चला, दिलाया संकल्प**

## जिला अस्पताल में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



जिला अस्पताल प्रांगण में आज गुरूवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति एनवीबीडीसीपी एंव फैमिली हैल्थ इंण्डिया की एम्बेड परियोजना द्वारा संयुक्त रूप से स्टॉल लगाकर डेंगू, मलेरिया जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाते हुये डेंगू मुक्त श्योपुर की शपथ भी दिलवाई गई एंव संकल्प हस्ताक्षर अभियान में स्वास्थ्य विभाग, एम्बेड परियोजना का स्टॉफ व अस्पताल में आ रहे मरीज एंव अन्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर करवाकर सकंल्प दिलवाया। यह जानकारी देते हुए जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एस.एन.बिन्दल ने बताया कि फैमिली हैल्थ इंण्डिया के सहयोग से जिला अस्पताल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया जिसमें हस्ताक्षर अभियान हेतु स्टॉल लगाया गया एवं अस्पताल में आने वाले लोगो को समझाइश दी गई। परियोजना के जिला समन्वयक पुनीत शर्मा ने मच्छर से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारिया देते हुए बताया कि मच्छर से बचाव हेतु समाज में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है तभी मच्छरों से होने वाली डेंगू एंव मलेरिया जैसी जानलेवा बिमारियों को नियंत्रित कर सकते है। इस आयोजन के क्रम में हस्ताक्षर अभियान के साथ-साथ मलेरिया जिला कार्यालय में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शहरी आशाओं के साथ एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डां. बिन्दल ने आशाओं को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के महत्व के बारे मे बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, सीएमएचओ डॉ जे एस राजपूत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कौरव, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एस.एन बिंदल, जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेंद्र रावत, डाटा एंट्री ऑपरेटर अमित गुप्ता ,मलेरिया निरीक्षक श्याम लाल बाथम एवं अन्य स्वास्थ्य स्टाफके साथ साथ एम्बेड के ब्लॉक कार्डीनेटर विपिन आचार्य और रामराज गुर्जर उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रीमति मिंज ने फिर से संभाला सीएम राइज स्कूल मे प्राचार्य का पदभार

**भितरवार।** नगर के शासकीय मॉडल सीएम राइज विद्यालय मे पिछले 10 माह पूर्व स्कूल की प्राचार्य जय मंती मिंज को स्कूल शिक्षा विभाग मिशन के अधिकारियों के द्वारा किसी कारणवश हटा दिया गया था उनके स्थान पर स्कूल की वरिष्ठ शिक्षक आरती आगासे को प्रभार देकर प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया था। लेकिन एक बार फिर लोक शिक्षण संचानालय द्वारा पूर्व में पदस्थ रही प्राचार्य जयमंती मिंज को एक बार फिर स्कूल का स्थाई प्राचार्य बनाकर भेजा गया है जिस पर उन्होंने 16 मई गुरुवार की सुबह एक बार फिर स्कूल के प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण कर लिया है। गुरुवार को शासकीय मॉडल सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल में नई जॉइनिंग के साथ प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण करने पहुंची नवागत प्राचार्य के रूप में श्रीमती जयमंती मिंज का स्कूल में मौजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा फूलों की वर्षा और पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

### पीड़िता ने विश्वविद्यालय थाने में दर्ज करवाई एफआईआर, आरोपी फरार

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, अब दे रहा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शादी का झांसा देकर एक युवक द्वारा 25 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म कर डाला। जिसने गुपचुप ढंग से उसके अश्लील वीडियो व फोटो भी बना लिए। युवती द्वारा दूरी बना लेने के डेढ़ वर्ष बाद वह उसे इन अश्लील फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। इससे तंग आकर पीड़िता ने विश्वविद्यालय थाने में शिकायत की है, जहां पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

शिंदे की छावनी निवासी 25 वर्षीय युवती ने विश्वविद्यालय थाने में शिकायत की है, कि करीब दो वर्ष पूर्व वह अपने लिए किसी जॉब की तलाश कर रही थी। इसी दौरान उसके संपर्क में मेहगांव (भिंड) का रहने वाला माधव भदौरिया आया, जिसने उसे मालनपुर स्थित एक कंपनी में नौकरी दिलवाने की बात कही, लेकिन युवती ने वहां जाने से इंकार कर दिया। इसके बाद माधव लगातार उसे कॉल करके बातचीत करने लगा। इसी बीच एक दिन वह उससे मिलने आया, और घुमाने के बहाने विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित स्काई गेस्ट हाउस में ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। जब युवती ने उसका विरोध किया, तो माधव ने उसी के साथ शादी करने का वादा कर किया, जिससे वह शांत रह गई। इसके



बाद जब भी मौका मिलता, वह उसके साथ संबंध बनाने लगा। जब युवती को पता लगा कि माधव कोई काम-धंधा नहीं करते हुए केवल आवारागर्दी करता है, तो उसने उससे दूरी बना ली, तथा अपना मोबाइल नंबर भी बदल दिया।

**पता नहीं कब बनाया वीडियो**

युवती के मुताबिक ब्रेकअप होने के करीब डेढ़ वर्ष तक तो माधव और उसके बीच कोई बातचीत नहीं हुई। इसके बाद जाने कहां से उसने युवती का नया मोबाइल नंबर पता कर लिया, तथा उस पर उसका अश्लील वीडियो सेंड करके धमकाने लगा, कि यदि वह उसकी बात नहीं मानेगी, तो वह इन वीडियो व फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करके उसे बदनाम कर देगा। युवती का कहना है कि उसे नहीं पता कि आरोपी ने उक्त वीडियो कब व कैसे बनाया है, लेकिन उसे देखकर वह बेहद डर गई। जैसे-तैसे हिम्मत जुटाकर पुलिस के पास पहुंची है। पुलिस द्वारा पीड़ित युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(एन), 376, 294, 306 व 354ग के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फिलहाल आरोपी फरार बना हुआ है, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

**इनका कहना है**

युवती ने एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की शिकायत की है, जिस पर आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**उपेंद्र छारी**
**टीआई, विश्वविद्यालय**

# आईपीएल मैच के ऑनलाइन दांव बुक करते दो धरे



### मोबाइल की जांच से होगा सट्टे के हिसाब का खुलासा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

आईपीएल मैच के ऑनलाइन दांव बुक करते हुए दो सटोरियों को जनकगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रंगेहाथों दबोचा है, जिनके तहत सट्टा एक्ट के तहत कायमी की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से मिले मोबाइल की जांच की जा रही है, जिससे सट्टे के हिसाब का खुलासा किया जा सके।

जनकगंज टीआई विपेंद्र सिंह चौहान को बीते रोज मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि क्षेत्र में स्थित फिलमिस्तान टॉकीज के समीप दो युवकों द्वारा आईपीएल मैच के ऑनलाइन दांव बुक किए जा रहे हैं। इस पर टीआई द्वारा तत्काल थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया गया, तो वहां मोबाइल चला रहे दो संदिग्ध युवकों ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी, जिन्हें पहले से ही अलर्ट पुलिस टीम ने घेराबंदी कर धरदबोचा। पुलिस द्वारा आरोपियों के पास मौजूद मोबाइल को चेक करने पर उनमें आईपीएल मैच के सट्टे की ऑनलाइन खुली हुई थी, जिसके माध्यम से दांव लगाए जा रहे थे। इस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां की गई पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हिमांशु पुत्र वीरेंद्र राठौर (25 वर्ष) निवासी रानीपुरा, झांसी रोड व रूस्तम पुत्र बालकिशन पाल (30 वर्ष) निवासी विनय नगर बताया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए सटोरियों के खिलाफ 4(क) सट्टा एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उनसे बरामद मोबाइल की पड़ताल की जा रही है।

# नशे की खेप लेकर आए तस्करों को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

### आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपए की स्मैक बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**नशे की खेप लेकर आए दो तस्करों को क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबोचा है, जिनके कब्जे से 10 लाख रुपए की स्मैक बरामद हुई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।**

एसपी धर्मवीर सिंह को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि विश्वविद्यालय थाना क्षेत्रांतर्गत यशोदा टॉवर के आगे नीडम रोड पर दो तस्कर स्मैक बैचने की फिराक में खड़े हुए हैं। इस पर एसपी द्वारा एएसी सियाज केएम को इसकी





जानकारी देकर उक्त तस्करों को पकड़वाने के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में उन्होंने क्राइम एएसपी आयुष गुप्ता एवं डीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच की टीम को नीडम रोड पर पहुंचाया, तो वहां मौजूद दो संदिग्ध युवकों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिन्हें क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पकड़े गए युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से दो मोबाइल सहित करीब 10 लाख रुपए कीमत की 100 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों को थाने लाकर की गई पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कैलाश नारायण पुत्र महादेव प्रसाद निवासी गली नं. 1 महलगांव तथा गौरव पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी मोतीझील बताया है। जिनके खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर पूछताछ की जा रही है, कि वह यह स्मैक कहां से लेकर आए थे, तथा और कौन-कौन लोग उनके साथ इस गोरखधंधे में शामिल हैं। उक्त कार्रवाई में क्राइम ब्रांच टीआई अजय पंवार सहित एसआई शिशिर तिवारी, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र कुशवाह, आरक्षक देवेश कुमार, सुमित शर्मा, देवव्रत तोमर, नवीन पाराशर, धर्मेंद्र, सतीश राजावत, अभिषेक तोमर, हरिओम बैस, रणवीर शर्मा, साइबर सेल के आरक्षक हेमंत सिंह चौहान, आकाश पांडेय व धीरेंद्र सिंह राजावत की सराहनीय भूमिका रही।

### पांच फरार वारंटियों ने न्यायालय में किया सरेंडर

**ग्वालियर।** आंतरी थाना पुलिस द्वारा फरार आरोपियों के खिलाफ बरती जा रही सख्ती का ऐसा असर हुआ है, कि पांच फरार वारंटियों ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। उक्त वारंटी विगत सात वर्षो से पुलिस को चकमा दे रहे थे। एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु लगातर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रूरल एएसपी निरंजन शर्मा व डबरा एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में आंतरी टीआई देवेंद्र मिश्रा द्वारा फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की एक टीम को लगाया गया था। जिसने वर्ष 2017 में क्षेत्र के डबरा-ग्वालियर हाईवे पर स्थित मकोड़ा चौराहा पर जाम लगाने के मामले में आंतरी थाने में दर्ज धारा 341, 294, 147, 148, 149, 427 के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपियों के छुपने के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। इससे घबराकर बीते रोज गिरफ्तारी वारंटी लल्ला पुत्र भागीराथ कुशवाह, अजय चौरसिया पुत्र ओमप्रकाश, टीटू जाटव पुत्र भीकम जाटव, कल्लू उर्फ देवेंद्र पुत्र विजय जाटव व कमलेश जाट निवासीगण बिलौआ ने जेएमएफसी डबरा न्यायालय के समक्ष हाजिर होकर सरेंडर कर दिया, जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई। यहां बता दें कि जेएमएफसी न्यायालय डबरा द्वारा उक्त आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे।

# दो शातिर नकबजन व चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

### ■ आधा दर्जन चोरियों का खुलासा, चुराए गए वाहन व बैटरी बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

हजीरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो शातिर नकबजनों व उनसे चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। जिनसे आधा दर्जन चोरियों का खुलासा होने के साथ ही चुराए गए वाहन व बैटरी भी जब्त हुई हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा लूट, वाहन चोरी तथा नकबजनी की वारदातों संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में एएसपी सियाज केएम को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई थी, कि वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को हजीरा थाना क्षेत्र में देखा गया है। इस पर एएसपी द्वारा महाराजपुरा सर्किल सीएसपी के मार्गदर्शन में हजीरा थाने की टीम



को बताए गए स्थान पर पहुंचाया गया। जिसने वहां मौजूद दो संदिग्ध युवकों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिन्होंने अपने नाम राहुल उर्फ बाबू जोशी पुत्र राजू जोशी निवासी गुड़ागुड़ी का नाका एवं सौरभ प्रजापति पुत्र राकेश प्रजापति निवासी सेवा नगर बताया है। आरोपियों को थाने लाकर की गई पूछताछ में पहले तो वह बरगलाते रहे, लेकिन पुलिस द्वारा सख्ती बरतने पर उन्होंने हजीरा थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से तीन बाइक्स व दो टमटम चोरी करना स्वीकार लिया। जब उनसे चुराए गए वाहनों के संबंध में पूछताछ की गई, तो उन्होने दो बाइक्स एवं टमटम की चार बैटरियां सस्ते दामों में कैंसर पहाड़िया स्थित कबाड़े की दुकान पर बेचना बताया। यह जानकारी हाथ आते ही पुलिस तत्काल कैंसर पहाड़िया स्थित उक्त कबाड़ी की दुकान पर जा पहुंची, जहां मौजूद युवक आमिर खान पुत्र गफूर खान निवासी कैंसर पहाड़िया से जब पकड़े गए नकबजन राहुल व सौरभ से चोरी की बाइक्स व टमटम की बैटरियों के संबंध में पूछताछ की, तो उसने उनसे स्पलेंडर व डिस्कवर बाइक्स सहित टमटम की चार बैटरियां सस्ते दामों में खरीदना स्वीकार किया। जिस पर पुलिस द्वारा आमिर को भी हिरासत में ले लिया गया।

**कटी हालत में मिलीं चोरी की बाइक्स**

जब पुलिस टीम द्वारा कबाड़े की दुकान में तलाशी ली गई, तो वहां से टमटम की चार बैटरियों के अलावा चोरी की स्पलेंडर व डिस्कवर बाइक्स कटी हुई हालत में मिलीं, जिन्हें पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। वहीं पकड़े गए नकबजनों की निशांदेही पर एक बाइक व दो टमटम गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। इस कार्रवाई में हजीरा टीआई शिवमंगल सिह सेंगर, एसआई अशोक तोमर, हरेंद्र भदौरिया, एएसआई तिलक सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक अनिल गुप्ता, राय सिंह, आरक्षक अरुण लोधी, दिनेश तोमर, श्रीकृष्ण राठौर, करन चौरसिया, संदीप जाट, भानू परिहार, अनिल नरवरिया व जितेंद्र जादौन की सराहनीय भूमिका रही।

# नकबजनों की पसंद बनीं गोल्ड लोन कंपनियां

### धड़ल्ले से गिरवी रखा जा रहा चोरी का सोना

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**गोल्ड लोन कंपनियां इन दिनों नकबजनों की पहली पसंद बनी हुई हैं, क्योंकि यहां बिना किसी पड़ताल के धड़ल्ले से चोरी का सोना गिरवी रखकर नगद पैसा दे दिया जाता है। इसका खुलासा पुलिस द्वारा पकड़े जा रहे चोरों से हुई पूछताछ में हुआ है।**

लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए भी चुनौती बना हुआ है। मौका मिलते ही नकबजन अपनी करामात दिखाते हुए नगदी व कीमती सामान समेट ले जाते हैं। वैसे इन चोर गिरोह का मुख्य टारगेट कैश के अलावा सोने के जेवरात होते हैं। इसका मुख्य कारण यह है, कि सोने के आभूषणों को आसानी से बेचकर कैश में कनवर्ट किया जा सकता है। हालांकि पुलिस की सख्ती को देखते हुए गिने- चुने सराफा कारोबारी ही चोरी का सोना खरीदते हैं। चूंकि इनकी मार्केट में मोनोपॉली है, इसलिए चोरी का माल इनके द्वारा औने-पौने दामों पर लिया जाता है। नकबजनों ने गोल्ड लोन कंपनियों के रूप में इसका तोड़ निकाल लिया है। जहां बिना किसी पूछताछ के आसानी से चंद मिनटों में चोरी का सोना गिरवी रखकर कैश प्राप्त किया जा सकता है।

**सुनार पर कार्रवाई तो कंपनी पर क्यों नहीं**

गोला का मंदिर इलाके में बीते रोज पकड़े गए शातिर नकबजन ने चुराया गया सोना मणप्पुरम व एक अन्य गोल्ड लोन कंपनी में गिरवी रखकर पैसा उठाना बताया है। इसके पूर्व भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। यदि कोई सुनार चोरी का सोना खरीदता है, या उसे गिरवी रखता है, और उसे चुराने वाला आरोपी पकड़ा जाता है, तो पुलिस उक्त सुनार को भी आरोपी बना डालती है। जबकि यह बड़ी-बड़ी गोल्ड लोन कंपनियां धड़ल्ले से चोरी का सोना गिरवी रख रही हैं, ऐसे मामलों में चोर पकड़े जाने के बावजूद कंपनी के कर्ता-धर्ताओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई आखिर क्यों नहीं की जाती है।

**कंपनियां उठा रहीं दोहरा फायदा**

चोरी का सोना गिरवी रखने वाली कंपनियां दोहरा फायदा उठा रही हैं, क्योंकि अधिकांश चोर फाइनेंस कंपनी में सोना गिरवी रखकर उसे छुड़वाने के बारे में नहीं सोचते हैं। कंपनी द्वारा गिरवी रखे जाने वाले सोने की वर्तमान मार्केट वैल्यू से 60-70 फीसदी तक कैश प्रदान किया जाता है। जब उक्त सोने को कोई छुड़वाने नहीं पहुंचता है, तो शर्त के अनुसार कंपनी इसे मार्केट मूल्य पर सेल कर देती है। जिससे उसे दोहरा फायदा होता है।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर फायरिंग, डंपर फोड़ा

**ग्वालियर।** आधा दर्जन से अधिक बदमाशों द्वारा कंपनी में जॉब करने वाले युवक से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की गई, जब उसने उनकी डिमांड पूरी करने से इंकार किया, तो आरोपियों ने फायरिंग करते हुए डंपर में तोड़फोड़ कर डाली। घटना गिजौर्रा थाना इलाके की है, जिसमें पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मूलतः इटावा निवासी सूरज सिंह सिकरवार गिजौर्रा इलाके में स्थित रिद्धी सिद्धी प्रा. लि. में जॉब करता है। बीती रात वह कंपनी डंपर में सवार होकर धर्मपुरा-जिंगनिया रोड से गुजर रहा था, इसी दौरान आकाश शुक्ला, रिंकू उपाध्याय, सतीश यादव, गगन यादव और वीरू बघेल ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया, जो उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे।

# पहली बार दिन का तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ग्वालियर अंचल में भीषण गर्मी का दौर जारी है। ग्वालियर में इस साल पहली बार दिन का तापमान गुरूवार को 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। यह इससे पहले इस सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन 8 मई को आंका गया था। तब अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जबकि दो साल पूर्व 16 मई के दिन दिन का पारा 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं न्यूनतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। इस तरह बीते साल का रिकार्ड टूट गया है। साथ ही मोसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी आगे भी भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। गर्म हवाओं के साथ दिन का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो सकता है। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बीते दिन बुधवार को दिन का तापमान 42 3 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। जबकि गुरूवार को 1.4 अंक बढकर 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसी तरह बीते दिन बुधवार को न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जबकि गुरूवार को 2.1 अंक



चढकर 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 0.5 छिग्री सेल्सियस माइनस में आंका गया है। गुरूवार को सुबह की आर्दता 40 प्रतिशत तथा शाम को 17 प्रतिशत आर्दता आंकी गई।

**इस साल अच्छी बारिश के आसार**

आईएमडी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिकों ने वारिश का पूर्वानुमान की भविष्य वाणी करते हुये बताया है कि उत्तर पश्चिमी मानसून इस साल मध्यप्रदेश में बीते साल की अपेक्षा जल्दी आएगा। क्योंकि 31 मई तक मानसून केरल तक पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह 16 जून से 25 जून तक पूरे मध्यप्रदेश में मानसून की दस्तक हो पाएगी।

### जनमन योजना के आवासों का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने गांव-गांव पहुंच रहे हैं अधिकारी



**भितरवार।** जनजातीय समूह के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम जनमन योजना के चलते चिन्हित किए गए हितग्राहियों के सर पर पक्की छत हो और उनका जीवन स्तर सामान्य लोगों के जीवन स्तर की तरह विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके जिसको लेकर उन्हें कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ब्लॉक में सैकड़ो में जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को आवास स्वीकृत कर शासन द्वारा राशि भेजी गई है जिसके अनुसार बनाए जा रहे आवासों का निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके जिसको लेकर जनपद सीईओ के निर्देश पर अब गांव-गांव मॉनिटरिंग करने के लिए अधिकारी पहुंचना शुरू हो गए हैं।

# अज्ञात चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र को बनाया निशाना, हजारों का माल चोरी

### बिजौली पुलिस ने फरियाद दिया की शिकायत पर चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज.....

**डबरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेशपुरा आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 61 , 21 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच अज्ञात चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र को निशाना बनाया और आंगनबाड़ी केंद्र में रखी सामान को चोरी करके ले गए। आंगनबाड़ी केंद्र में काम करने वाली महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार



आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 61 गणेशपुरा निवासी श्रीमती मीना राजे पत्नी नवल किशोर राजे उम्र 50 साल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र से कोई अज्ञात चोर एक डंडे वाला पंखा ,रेडियो ,बजन मशीन, ढोलक, झीका, पर्स ,चटाई, 25 थाली, 25 गिलास 25 चम्मच एक जग एक बड़ा चम्मच दो डब्बा खाना के रखने वाले एक बाल्टी रिकॉर्ड रजिस्टर आरोग्य केंद्र से बीपी इंस्ट्रूमेंट एवं बच्चों के चेकअप की मशीन कल सामान 69000 की चोरी करके ले गए पुलिस ने आंगनबाड़ी केंद्र की महिला की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

**दुकान में अज्ञात चोरों ने मारा धाबा.....**

बिजौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेरजा निवासी फरियादी कृष्ण कुमार कुशवाहा पुत्र जीवाराम कुशवाहा उम्र 25 साल निवासी ग्राम रसीदपुर में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एचपी कंपनी का लैपटॉप जिसकी कीमत 6000 है उस को कोई अज्ञात चोर दुकान से चोरी करके ले गया पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है पुलिस सभी चोरों की तलाश में जुटी हुई है फिलहाल पुलिस के पास चोरों को लेकर कोई भी क्लू नहीं है।

### सीएम राईज विद्यालय में तेरह दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**समर कैंप के प्रतिभागी विद्यार्थियों को समापन पर प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया**

**भितरवार।** बच्चों को कौशल युक्त बनाने, उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचानालय भोपाल के निर्देश पर भितरवार नगर स्थित शासकीय मॉडल सीएम राईज हायर सेकेंडरी



स्कूल में 1 मई से 16 मई तक तेरह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका समापन संस्था की नवागत प्राचार्य जयमंति मिंज की अध्यक्षता में 16 मई गुरुवार को किया गया। इस दौरान समर कैंप में कला और कौशल दिखाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें संस्था की ओर से पुरस्कृत करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहन शर्मा, कमलेश कुशवाह, सुनील कुशवाह, मनीष माझी, संजय सेन, शिशुपाल जाटव, वीरेंद्र सिंह, दिलीप टंडन, दिलीप शर्मा, जगमोहन वैश, अर्चना पाठक, राहुल शर्मा, तारा सिंह, संजय दिघर्रा,मनोज दुबे, गिर्राज बाथम, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, दीपक कुशवाह आदि स्टाफ के लोग और पालकजन भी उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### युद्ध के बीच चीन पहुंचे पुतिन, जिनपिंग के साथ बैठक में कर सकते हैं बड़ा एलान

**बीजिंग।** यूक्रेन और रुस के बीच चल रही जंग के दोरान रुस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन चीन की दो दिवसीय यात्रा पर निकले हैं। चीन के नेता शी जिनपिंग ने गुरुवार को एक आधिकारिक समारोह में पुतिन का स्वागत किया। पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद पुतिन की यह पहली विदेश यात्रा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी चीन यात्रा से दुनिया को रूस-चीन संबंध की प्राथमिकता का संदेश दिया है। उम्मीद की जा रही है कि पुतिन अपने समकक्ष शी जिनपिंग और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने से ठीक पहले 2022 में हस्ताक्षर किए गए नो लिमिट्स पार्टनरशिप के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर चर्चा हो सकती है और कुछ बड़ा एलान भी संभव है।

### न्यायाधीशों के रूप में हम न तो राजकुमार हैं और न ही राजा हैं: सीजेआई

**ब्रासीलिया।** सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीश मुख्य रूप से लोगों की सेवा करने वाला और अधिकार दिलाने वाले होते हैं। क्योंकि न्यायाधीशों के रूप में हम न तो राजकुमार हैं और न ही राजा हैं। उन्होंने जी-20 देशों के मुख्य न्यायाधीशों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीक के उपयोग विषय पर बोलते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने ये बाते कही हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों के रूप में हम न तो राजकुमार हैं और न ही राजा हैं। जजों की यह जिम्मेदारी है कि कोर्ट के फैसलों को समझने योग्य बनाया जाए। इस बात की संभावना है कि उनका यह बयान सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के पिछले निर्णयों को पढ़ने के उनके अनुभव की उपज है।

### स्विटजरलैंड में कई लोगों पर कर दिया चाकू से हमला, गिरफ्तार

**जेनेवा)।** स्विटजरलैंड के जोफिनजेन में रास्ते से गुजर रहे कई लोगों को चाकू मारकर घायल करने की सूचना है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर बताया कि एक इमारत में दो घंटे तक छिपे रहने के बाद विशेष बलों ने एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के हवाले से बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। शाम को बड़े पैमाने पर पुलिस ने अभियान चलाया। अधिकारियों ने लोगों को लोकल ट्रेन स्टेशन के आसपास के इलाकों में न जाने की सलाह दी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमलावर अकेला था या उसके और साथी भी थे।

### झड़प का नया वीडियो: भारतीय सैनिकों पर हमला करते दिखे जिनपिंग के पिट्ठू

**बीजिंग।** चीन को फिंगर-4 में हुए संघर्ष के दौरान बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और गाड़ियों/नावों की संख्या का लाभ मिला। इससे चीनी सैनिक संघर्ष वाली जगह पर जल्द पहुंच गए और अपने से कम संख्या में मौजूद भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया। चीनी सैनिकों ने पहाड़ी की चोटी से कई भारतीय सैनिकों को धक्का दे दिया और उन पर पत्थर भी फेंके। इस दौरान भारतीय सैनिकों ने भी लाठी-डंडों और पत्थरों से चीनी सैनिकों का मुकाबला किया और उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

## लाहौर हाईकोर्ट के वकीलों ने सुखदेव की 117वीं जयंती मनाई

# पाक में सुखदेव को राष्ट्रीय नायक और स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग



एजेंसी ■ लाहौर

पाकिस्तान हमेशा ही भारत विभाजन से पहले के इतिहास को नकारता रहा है, जो दोनों देशों में एक साझी संस्कृति रही है। वहीं पाकिस्तान में ही एक वर्ग ऐसा है, जो भगत सिंह, महाराजा रणजीत सिंह जैसे नायकों को सम्मान देने की मांग करता रहा है। इस बीच लाहौर हाईकोर्ट में सुखदेव की जयंती मनाई गई, जिन्हें भगत सिंह और राजगुरु के साथ ही लाहौर जेल में फांसी दी गई थी। यह कार्यक्रम लाहौर हाईकोर्ट के वकीलों ने आयोजित किया था, जिसमें सुखदेव को याद किया गया। इस दौरान वकीलों ने पाकिस्तान सरकार से मांग की कि सुखदेव को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्हें राष्ट्रीय नायक घोषित करना चाहिए।

ये सभी वकील भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन से जुड़े हैं, जिसका गठन शहीदों की याद में किया गया था। हाईकोर्ट के वकीलों ने बुधवार को सुखदेव की 117वीं जयंती के मौके पर लाहौर हाईकोर्ट परिसर में केक काटकर सुखदेव की जयंती मनाई। इस मौके पर एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मांग की गई कि सुखदेव के नाम पर लाहौर में एक सड़क बनाई जानी चाहिए। इसके अलावा सुखदेव के नाम पर डाक टिकट और स्कूली किताबों में उन पर एक चैप्टर शामिल किया जाना चाहिए।

सुखदेव का जन्म 15 मई, 1907 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। भगत सिंह फाउंडेशन के चेयरमैन इम्तियाज रशीद कुरैशी ने कहा कि हम लोग इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती और पुण्यतिथि को मनाते हैं। हमारी पाकिस्तान सरकार से मांग है कि इन लोगों के बलिदानों को समझते हुए उन्हें राष्ट्रीय नायक घोषित किया जाए।

बता दें कि 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर में फांसी दी गई थी। आज भी भगत सिंह के नाम पर लाहौर में स्मारक है। भगत सिंह को पहले उम्रकैद की सजा मिली थी, लेकिन फिर साजिश के तहत उसे फांसी में बदल दिया गया था। भगत सिंह का सम्मान भारत में ही नहीं पाकिस्तान में किया जाता है। भगत सिंह फाउंडेशन ने पीएम शहबाज शरीफ से मांग की कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को राष्ट्रीय नायक घोषित किया जाए।

# सवा करोड़ की ठगी के मामले में श्वेता पटेल को हो सकती है 30 साल की सजा

## फ्लोरिडा में ब्रैडेंटन पुलिस विभाग का मानना है कि धोखाधड़ी में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं




एजेंसी ■ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में डेढ़ मिलियन डॉलर (1.25 करोड़ रुपये) की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने श्वेता पटेल (42) नाम की गुजराती महिला को अरेस्ट किया है। फ्लोरिडा में ब्रैडेंटन पुलिस विभाग का मानना है कि धोखाधड़ी में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। अप्रैल में पुलिस को शिकायत मिली थी कि एक 80 साल के अमेरिकी व्यक्ति के साथ 1.5 मिलियन डॉलर की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बुजुर्ग व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी फरवरी 2024 में शुरू हुई थी। जिसमें कथित तौर पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह में शामिल दो लोग शामिल थे। जिन्होंने उनसे 1.5 मिलियन डॉलर की उगाही की थी। वे पहले पीड़ित के घर पहुंचे थे और इसके बाद बुजुर्ग व्यक्ति को डराया-धमकाया था। इस दौरान उन्होंने फेडरल एजेंट बताते हुए बुजुर्ग के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने का हवाला दिया था।

जॉर्जिया में रहने वाली श्वेता पटेल ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि इस मामले में उसका काम सिर्फ बैग उठाना था और किंग नाम का एक शख्स उसे इस काम के लिए निर्देश दे रहा था। श्वेता ने यह भी कबूल किया कि उसने कुछ दिन पहले नॉर्थ कैरोलिना के एक बूढ़े आदमी से 25 हजार डॉलर वसूले थे। इस मामले में पुलिस ने अब तक गिरफ्तार एकमात्र आरोपी श्वेता पटेल पर एक लाख डॉलर से ज्यादा की चोरी का आरोप लगाया है। श्वेता पटेल के खिलाफ आरोप प्रथम श्रेणी का अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर 30 साल तक की जेल और 10,000 डॉलर के जुर्माने का प्रावधान है। पुलिस को शक है कि इस बात की पूरी संभावना है कि यह रैकेट अमेरिका के अलग-अलग राज्यों से संचालित किया जा रहा है। हाल ही में अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में ऐसे ढेरों मामले सामने आए हैं जिनमें बुजुर्गों को निशाना बनाया गया और उनसे लाखों डॉलर का सोना ऐंठ लिया गया और ऐसे कई मामलों में गुजरातियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### सुरक्षा घोटाले करने वाले लोगों को पकड़ने में पुलिस की मदद कर सकती है

इस मामले की जांच करने वाले पुलिस अधिकारी जिम कुरुलाना के अनुसार पीड़ित के घर आए दो फर्जी एजेंटों ने संदेह से बचने के लिए अपने सुपरवाइजर को फोन करने का नाटक किया था। एक नकली संघीय एजेंट के नकली सुपरवाइजर के रूप में बोलने वाली एक महिला ने चर्चा की कि यदि पीड़ित जेल नहीं जाना चाहते तो वे क्या कर सकते हैं। फिर उसी महिला ने पीड़ित को दिन में दो से तीन बार फोन किया, जिसने पीड़ित को आश्वस्त किया कि वह सामाजिक सुरक्षा घोटाले करने वाले लोगों को पकड़ने में पुलिस की मदद कर सकती है। इसके लिए जालसाज गिरोह ने फर्जी स्टिंग ऑपरेशन की कहानी बनाकर पीड़ित से टुकड़ों-टुकड़ों में डेढ़ करोड़ डॉलर का सोना खरीदा और अलग-अलग ठिकानों पर अपने आदमियों से सोना भी वसूला।

# भारत चांद पर उतर रहा है और पाकिस्तान गटर में गिरता नजर आ रहा है: पाक सांसद



एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान नेशनल असेंबली के सदस्य सैयद मुस्तफा कमाल ने भारत के चंद्रमा लैंडिंग मिशन का जिक्र करते हुए भारत की उपलब्धियों और कराची के खस्ता हालात के बीच तुलना की है। भारत चांद पर, हमारे बच्चे गटर में ..मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) नेता सैयद ने नेशनल असेंबली में दिए एक भाषण में कहा कि जहां भारत चांद पर उतर रहा है, वहीं कराची खुले गटर में गिरकर बच्चों के मारे जाने की खबर बना रहा है।असेंबली में भाषण देते हुए पाक सांसद ने आगे कहा,आज कराची में हालत ये है कि जहां दुनिया चांद पर जा रही है, वहीं कराची में बच्चे गटर में गिरकर मर रहे हैं। उसी स्क्रीन पर खबर आ रही है कि भारत चांद पर उतरा है और ठीक दो सेकेंड बाद खबर यह है कि कराची में खुले गटर में एक बच्चे की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि कराची में 70 लाख और पाकिस्तान में 2.6 करोड़ से अधिक बच्चे हैं, जो स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। सैयद ने कहा कि वैसे तो कराची पाकिस्तान का राजस्व इंजन है, लेकिन अब उसे साफ पानी तक नसीब नहीं है। पाक सांसद ने आगे कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पाकिस्तान में दो बंदरगाह चालू हैं और दोनों कराची में हैं। कराची पूरे पाकिस्तान, मध्य एशिया से लेकर अफगानिस्तान तक का प्रवेश द्वार हैं। 15 वर्षों से कराची को थोड़ा सा भी ताजा पानी नहीं मिल रहा है, यहां तक कि जो पानी आता है उसे भी टैंकर माफिया जमा कर लेते है और बेचने लगते हैं।वहीं, दूसरी ओर पिछले साल अगस्त में भारत का चंद्रयान-3 लैंडर चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से पहुंचने वाला देश का पहला अंतरिक्ष यान बन गया।

# गाजा में रिटायर्ड भारतीय कर्नल की मौत पर बड़ा खुलासा

## एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस में जवाब देते हुए कहा



एजेंसी ■ गाजा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने एक प्रेस कांफ्रेंस में सवाल का जवाब देते हुए कहा, ऐसा लग रहा है कि जिस यूएन व्हीकल में कर्नल वैभव अनिल सवार थे उसको पीछे से निशाना बनाया गया है। व्हीकल में दो यूएन स्टाफ मेंबर सवार थे, अनिल और डीएसएस की एक महिला स्टाफ जिसका ट्रीटमेंट किया जा रहा है और हमें विश्वास है कि वह जल्द ठीक हो जाएगी।जब यूएन अधिकारी फरहान हक से पूछा गया कि जिससे गोली चलाई गई क्या ये टैंक इजराइल का था, तो उन्होंने कहा कि हो सकता है, क्योंकि रीजन में बस इजराइल के टैंक ही तैनात हैं. उन्होंने आगे कहा कि वे मामले में इजराइल के साथ बातचीत कर रहे हैं। बता दें गाजा के राफा में तैनात रिटायर्ड भारतीय कर्नल वैभव अनिल काले की मौत हो गई है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ये पहला विदेशी यूएन कर्मी की मौत का मामला बताया जा रहा है। वैभव अनिल की मौत को लेकर यूएन के एक सीनियर ऑफिसर ने बड़ा बयान दिया है। यूएन ऑफिसर ने कहा है कि जो गोली भारतीय रिटायर्ड कर्नल को लगी है, उसको टैंक के जरिए फायर किया गया है। खबर के मुताबिक, बिना किसी को जिम्मेदार ठहराए इजराइल सेना ने कहा है कि वाहन उस इलाके से गुजर रहा था, जहां हमास और सेना के बीच लड़ाई जारी थी। इस इलाके को नॉन मूवमेंट जोन बताया जा रहा है यानी यहां वाहन आने की इजाजत नहीं थी। लेकिन इस पर अभी तक ये स्पष्ट नहीं है कि इजराइल को क्या यूएन के वाहन की जानकारी थी या नहीं।अनिल की मौत पर विदेश मंत्रालय का कहना है, 13 मई 2024 को गाजा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा और सुरक्षा विभाग (डीएसएस) में सुरक्षा अधिकारी रिडार्यड कर्नल वैभव अनिल काले की मौत से हमें गहरा दुख हुआ है।

### स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर, भारत से लेकर अमेरिका ने की हमले की निंदा

**लंदन।** बीते रोज स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर एक युवक ने ताबड़तोड़ गोलिया चला दीं। इससे उनके सीने और पेट में गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर है और अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि आरोपी को पकड़ लिया गया है। इधर पूरी दुनिया के कई देशों ने इस घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गुरुवार को अपने स्लोवाकिया समकक्ष रॉबर्ट फिको पर हत्या के प्रयास पर दुख व्यक्त किया और इसे कायरतापूर्ण और कायरतापूर्ण कृत्य बताया। एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा पहुंचा। मैं इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और पीएम फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत स्लोवाक गणराज्य के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

# विश्व की सबसे बड़े गालों वाली मॉडल है अनास्तासिया

## मॉडल ने अपने अनोखे चीकबोन्स के कारण कमाया नाम



एजेंसी ■ लंदन

प्रसिद्ध मॉडल अनास्तासिया पोक्रेशचुक दुनिया के सबसे बड़े गालों वाली महिला के तौर पर पहचानी जाती है। अनास्तासिया पोक्रेशचुक नाम की मशहूर मॉडल का लुक हमेशा इतना आकर्षक नहीं होता था। उन्होंने अपने अनोखे चीकबोन्स के कारण अपने लिए नाम कमाया है।

अपने चेहरे के चरम आकार को निखारने के लिए वह नियमित रूप से टैटू गुदवाती है। लेकिन दस साल पहले यूक्रेनी प्रभावशाली व्यक्ति का लुक कहीं अधिक प्राकृतिक था। उन्होंने अपने घुंघराले भूरे बालों को अपनाया और मेकअप के प्रति कम रुख अपनाने को प्राथमिकता दी। तब से, 36 वर्षीय महिला गोरी हो गई है, उन्होंने अपने होंठ बड़े कर लिए हैं, अपने गालों पर इंजेक्शन लगाया है और कई अजीब सौंदर्य उपचार अपनाए हैं। उनका बदलाव कितना नाटकीय रहा है, यह दिखाने के लिए उन्होंने इंस्टाग्राम पर पहले और बाद की तस्वीरें साझा की हैं। पोस्ट का शीर्षक था, ÷26 और 35, पहली तस्वीर में कोई हयालूरोनिक एसिड नहीं है।÷ और लोग इस नाटकीय बदलाव से दंग रह गए, जिनमें से 16,600 से अधिक लोगों ने तस्वीरें पसंद कीं। अनास्तासिया के चेहरे के विकास पर उसके फॉलोअर्स की मिली जुली प्रतिक्रियाएं आई हैं। जहां कुछ लोगों को उनका सर्जरी से हुआ बदलाव पसंद आया, वहीं दूसरों ने कम प्रशंसा की।आलोचकों में एक फऑलोअर था जिसने टिप्पणी की, ÷क्यों, क्यों। आप बहुत खूबसूरत लग रही थीं और मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप ऐसा लुक क्यों चाहती थीं।

## रिपोर्ट

### महिला ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया

# महिला का दावा, एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन लेने से शरीर पूरी तरह बेकार हुआ




एजेंसी ■ वॉशिंगटन

एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन के खिलाफ एक और महिला ने मुकदमा दायर किया है। महिला का कहना है कि क्लीनिकल ट्रायल के दौरान दी गई वैक्सीन ने उन्हें पूरी तरह से डिसेबल या अक्षम बना दिया है। अब उनका शरीर पहले की तरह काम नहीं कर रहा है। उन्होंने कंपनी पर मेडिकल केयर मुहैया नहीं कराने के आरोप लगाए हैं। खास बात है कि ब्रिटेन में पहले ही 50 से ज्यादा लोग एस्ट्राजेनेका के खिलाफ मुकदमा कर चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्राए ड्रेसेन अमेरिका में हुए एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल में शामिल हुईं थीं। उन्होंने बताया कि 2020 में ट्रायल में शामिल होने के बाद उन्हें गंभीर न्यूरोलॉजिकल परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात है कि अमेरिका में ब्रिटेन की वैक्सीन का ट्रायल हुआ था, लेकिन इस्तेमाल के लिए मंजूरी नहीं मिली थी। ड्रेसेन का दावा है कि उन्होंने कंपनी के साथ एग्रीमेंट किया था, जिसमें वादा किया गया था कि रिसर्च के चलते चोटों के इलाज के लिए भुगतान कंपनी करेगी। बशर्ते लागत उचित हों और चोट खुद की वजह से न लगी हो। महिला का कहना है कि नवंबर 2020 में वैक्सीन लेने के बाद उनके पूरे शरीर में चुभन महसूस होने लगी। इसके बाद भी एस्ट्राजेनेका ने उनके इलाज में आए खर्च का भुगतान नहीं किया। उन्होंने बताया कि पेरिफेरल न्यूरोपैथी से पीड़ित होने के बाद वह काम नहीं कर पा रही थीं। ऐसा उन्होंने हर समय महसूस होता था। ड्रेसेन ने कहा, इसकी वजह से नौकरी चली गई और अभी तक अक्षम हूं। उन्होंने कहा, मुझे अब भी मेरे शरीर में सिर से लेकर पैर तक 24 घंटे, सातों दिन पूरे शरीर में सुई और चुभन का बुरा सपना आता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि वैक्सीन लेने के बाद वह कई बार अस्पताल में भर्ती हुईं, जिसके चलते बिल हजारों डॉलर तक पहुंच गया। ड्रेसेन ने यह भी बताया कि उन्होंने एक छोटे से भुगतान से भी इंकार कर दिया था, जिसका असर उनके मुकदमे पर हो सकता था। यूटा के एक कोर्ट में दाखिल उनकी शिकायत में कहा है कि महिला काम नहीं कर सकती, किसी खेल में भाग नहीं ले सकती, पहले की तरह बच्चों की परवरिश नहीं कर सकती और कुछ दूरी से ज्यादा वाहन भी नहीं चला सकती।

# स्टूडेंट से संबंध बनाने के आरोप से टीचर ने किया इनकार

एजेंसी ■ लंदन

ब्रिटेन की टीचर रेबेका पर 15 और 16 साल के दो स्कूली छात्रों के संबंध बनाने का आरोप है। एक छात्र के साथ संबंध बनाने के बाद गर्भवती हो गई है जबकि एक अन्य छात्र के साथ यौन संबंध बनाने के कारण उसे नौकरी से निकाल दिया गया। जबकि 30 साल की टीचर रेबेका जॉयन्स ने अपने दो स्टूडेंट के साथ यौन संबंध बनाने की बात से इनकार किया है। उसने कहा कि ये सब तब हुआ जब वह स्कूल से निकाली जा चुकी थी। रेबेका ने माना कि उसने स्नैपचैट पर अपने दो छात्रों के साथ संपर्क रखा और उन्हें सैलफोर्ड क्वेज में अपने फ्लैट पर भी कई बार बुलाया। ऐसा कर उसने सुरक्षा नियमों को तोड़ा, जिससे उसके साथ से सपनों की नौकरी चली गई।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रेबेका ने अपने बयान में माना कि उसका छात्रों से संपर्क रखना बेवकूफी भरा था। उसने माना कि गलती की है लेकिन इस बात से इनकार किया कि उसने 15 और 16 साल की उम्र के किसी भी लड़के के साथ यौन संबंध बनाकर कानून तोड़ा है। जॉयन्स ने इस बात से इनकार किया कि 15 साल के लड़के के साथ उसकी कोई यौन गतिविधि हुई थी। इस लड़के का वीर्य टीचर के बेड की चादर पर पाया गया था।

# उनके मंदिर बनने की तो बहुत खुशी है पर मेरा जीर्णोद्धार कब होगा



**▪ प्रभात झा**

भारत में सामान्य तौर पर किसी से भी पूछा जाए कि भगवान श्री राम लला का जन्म कहां हुआ, तो सभी तपाक से उत्तर देंगे अयोध्या। हर भारतीय के जुबां पर यह नाम है। इसी तरह यदि आप पूछें की मां जानकी का जन्म कहां हुआ तो लोग उत्तर देते हैं जनकपुर जो सरासर गलत है। जनकपुर तो मैं जानकी/सीता जी का ननिहाल और विवाह स्थल है। सत्य यह है कि मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौराधाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी जिले में सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर स्थित है। यह वही स्थान है, जहां एक बार अकाल पड़ने पर राजा जनकजी को कहा गया कि आप यदि स्वयं खेत में हल जोतेंगे तो अकाल समाप्त हो जायेगी और वरुण देवता प्रसन्न हो जाएंगे।

उस समय जनकपुर भारत का हिस्सा हुआ करता था, पर आज जनकपुर नेपाल में है। पर मां सीताजी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम आज भी भारत में है। इसके शास्त्रों में प्रमाण भी उपलब्ध हैं।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की सारी मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमशः श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस हैद्य वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गयाद्य अनावृष्टि से मिथिलावासियों में त्राहि-त्राहि मच गईद्य लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगेद्य सब जीव-जंतु व्याकुल हो उठेद्य उस समय मिथिला महाराजा निमि के वंशज राजा जनक राज कर रहे थेद्य यज्ञ से वर्षा होती है और वर्षा के प्रभाव से अन्न उत्त्पन्न होता है। इससे प्रभावित होकर राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श कियाद्य सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिएद्य इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था, उसके पारतः पंचकोशी चार विशाल द्वार थेद्य वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमशः दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित हैद्य यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ(शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ।

पद्मपुराण में वर्णन है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम सीता होना अपेक्षित है, क्योकि सीत (फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता (सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा से बचाने के लिए मड़ई (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम,जहां मां जानकी जी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है, सनातन में अविस्मरणीय-अमिट है। पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता है। मां जानकी कुण्ड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। मां जानकी जन्म कुण्ड को पुण्यनिधि कहा गया है। शास्त्रों-पुराणों में वर्णन है कि यहां तीर्थाटन करने से सभी पापों, संकटों से मुक्ति पाकर श्रद्धालु पुण्यलोक की प्राप्ति कर सकते हैं।

जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने इसका शास्त्रों में प्रमाण देते हुए वर्णन किया है कि... सीताराम गुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणी, वंदे विशुद्ध विज्ञानों कवीश्वर कपीश्वर (बालकाण्ड संख्या-3)द्य इसका अर्थ है कि श्री सीताराम जी के गुण समूह रूपी पवित्रता में विहार करने वाली पुण्यारण्य अर्थात पुनौराधाम विशुद्ध विज्ञान संपन्न कवीश्वर




श्री वाल्मीकि जी और कपीश्वर श्री हनुमान जी की मैं वंदना करता हूं। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी गत 12 वर्षों से लगातार पुनौराधाम में जानकी नवमी आने के नौ दिन पूर्व से जगत जननी मां जानकी की जन्म स्थली पर नौ दिन कथा कर जानकी नवमी सम्पन्न कर समाज को सदैव संदेश देते हैं कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्यस्थल हैद्य मैं और जगतगुरु रामभद्राचार्य जी बिहार के तत्कालीन राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को इस आशय की जानकारी भी दी। आजादी के बाद पहली बार कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्तित्व तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी पुनौराधाम पहुंचेद्य उन्होंने हजारों की सभा में कहा कि पुनौराधाम के बारे में तो मुझे पता ही नहीं था कि यह मां जानकी जी का प्राकट्यस्थल है। यह तो मैं प्रभात झा जी जो हमारे मिथिला के ही गौरव हैं, ने जब बताया तो जानकारी मिलीद्य जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने कहा कि आप जानकी नवमी पर आईये तो मैं वहां पहुंचा। नीतीश जी ने कहा कि बिहार सरकार पुनौराधाम स्थित मां जानकी के प्राकट्यस्थल का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विस्तार करने की दिशा में अनेक कदम भविष्य में उठाये जाएंगे।

अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर वर्षों के संघर्ष के बाद न्यायालय के फैसले से बनकर तैयार हो गयाद्य अभी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का प्रथम चरण बना है जिसकी जिसकी प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को स्वयं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया गया। कहा जाता है कि बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं। पूरे विश्व से अयोध्या में बने भगवान रामलला के भव्य दिव्य मंदिर के दर्शनार्थ आज लाखों लोग पधार रहे हैंद्य अयोध्या का विकास इतना हो रहा है कि आने वाले दिनों में अयोध्या विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल बन जाएगाद्य ऐसा होना हमारी आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाएगा भी।

पर दूसरी ओर, मां जानकी(सीताजी) का प्राकट्यस्थल पर न चर्च है, न मस्जिद है, न किसी तरह का जमीनी विवाद है, और तो और वहां मां जानकी का एक छोटा मंदिर भी बना है। वहां वह स्थल भी मौजूद है जहां राजा जनक ने हल जाता था और मां सीता हल जोतते समय एक मटके से हल के अगले हिस्से जिसे सीत कहा जाता है, के लगने से प्रकट हुईं। 'सीत' जो हल का अगला हिस्सा होता है उसके लगने से ही मां सीता प्रकट हुईं। 'सीत' के कारण ही उनका नाम 'सीता' पड़ा। पुनौराधाम से राजा जनक ने उन्हेंएक 'मढ़ी' में लेकर गए, आज जिसे 'सीतामढ़ी' कहा जाता है। उसके पीछे की कहानी जानकार लोग यही कहते हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी जब भी अयोध्या में गए थे जय श्री राम नहीं बोले वह हमेशा 'जय सियाराम' ही बोले। अब सवाल उठता है की मां जानकी सीता जी के प्रकट स्थल का जीर्णोद्धार कब होगा। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक मां सीता जी के प्रकट स्थल का जीर्णोद्धार और यह भारत का श्रेष्ठ धाम नहीं बनेगा मेरी कथा सदैव जानकी नवमी पर यहां होती रहेगी। मैं स्वयं राज्यसभा में भी पुनौरा धाम का मामला और वहां मां जानकी के प्राकट्य स्थल के संपूर्ण विकास का मामला उठाया था सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन भी किया था। बहुत मुश्किल से भारत में लोगों को अब यह जानकारी हुई है कि पुनौराधाम जो सीतामढ़ी से मात्र साढ़े तीन किलोमीटर दूर है, मां सीता का प्राकट्यस्थल है। नहीं तो लोगों के मन में तो अभी भी जनकपुर का नाम ही बैठा था।

जनकपुर इसलिए प्रसिद्ध हुआ कि वहां मां जानकी ने भगवान शंकर के धनुष को सहज उठाकर रख दिया था। यह देख राजा दशरथ आश्चर्यचकित हो गए इसके बाद उन्होंने घोषणा की थी की जो व्यक्ति इस धनुष को उठा लेगा मैं उसी से अपनी बेटी सीता का विवाह कर दूंगा। जनकपुर में बहुत लोग आए पर सभी को ज्ञात है कि भगवान श्री राम ने ही वह धनुष उठाया प्रत्यंचा चढ़ा दी इसके बाद मां सीता का स्वयंवर रचा और भगवान श्री राम से उनका विवाह हुआ।

पुनौराधाम भारत के बिहार राज्य में स्थित सीतामढ़ी में है। अतः भारत सरकार और बिहार सरकार का यह आध्यात्मिक और नैतिक दायित्व बनता है की पुनौराधाम को भारत का श्रेष्ठ धाम बनाने की दिशा में पुरजोर प्रयास करें। अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े श्री कामेश्वर चौपाल जी, जिन्होंने भव्य राम मंदिर के निर्माण की पहली ईट सबसे पहले लगाई थी का कहना है कि बिहार सरकार पुनौराधाम ट्रस्ट को यदि हमारे अयोध्या स्थित ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौराधाम को अयोध्या की तर्ज पर भव्य दिव्य मंदिर और भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता जी (मां जानकी) को लेकर पुनौराधाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता।

भारत की जनता अब पुनौराधाम आने लगी है। जानकी नवमी को वहां बहुत बड़ा मेला लगता है। प्राकृतिक कुंड के सामने जानकी नवमी वाले दिन जगत गुरु रामभद्राचार्य जी पूजा अर्चना कर सभी को आशीर्वाद देते हैं। वहां 9 दिन तक भंडारा चलता है। देश भर से माता बहने आती हैं और अपने-अपने नवजात बच्चों और अनय बच्चों के सर पर मां जानकी के प्राकट्यस्थल का रज लगती है। यहां कहावत कहीं जाती है कि यहां का रज जिस नवजात बच्चे की ललाट पर लगता है उसमें लव कुश के संस्कार सहज आ जाते हैं। जगत जननी मां सच में इंतजार कर रही है कि और कह रही है कि जिनके कारण मेरा धरा पर अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।

**(पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)**

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाडय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है।






**प्रहलाद सबनानी**

भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टत~दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है।

## राजकाज



### यह पब्लिक है, सब जानती है

जनता मूर्ख नहीं होती है। वह सब कुछ समझती है। मजबूरी में उसे विश्वास करना पड़ता है।राजनीतिक दलों द्वारा वादे किए जाते हैं। वादे कभी पूरे नहीं होते हैं। फिर भी गरीब को एतबार करना पड़ता है। वादे बड़े हो या छोटे, इससे फर्क नहीं पड़ता है। वादे करने वाला कौन है। यह पब्लिक अच्छे से जानती है। 10 साल में जो वादे किए गए थे। वह तो पूरे हुए नहीं, जनता मूर्ख नहीं है। दो बार मूर्ख बन गई, आगे भी मूर्ख बनेगी? यह संभव नहीं है।बड़े-बड़े सपने दिखाए, छोटे सपने भी गरीब के छिन गए।अब जिस पर विश्वास करना होगा, जनता करेगी। पब्लिक है, सब जानती है।

### आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाएगी ईडी

शराब नीति के घोटाले में ईड़ी के अधिकारियों के हाथ में कोई सबूत नहीं लग रहा है। सुप्रीम कोर्ट से पहले संजय सिंह को जमानत मिल गई। अब अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने सब कुछ जान लिया है। इस स्थिति से बचने के लिए केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा है, कि शराब घोटाले का पैसा आम आदमी पार्टी के चुनाव लड़ने में उपयोग में आया है।इस मामले में ईड़ी आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाएगी। अदालत ने भी पूछ लिया है।चुनाव में रिश्वत का पैसा इस्तेमाल होता है। ईड़ी पार्टी को भी आरोपी बना सकती है? बहरहाल अब राजनीतिक दलों के ऊपर भी पीएमएलए का शिकंजा कसेगा। अगली बारी किसकी होगी, इसका इंतजार करें।

### बाबा रामदेव के भाग्य का फैसला सुरक्षित

भ्रामक विज्ञापन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। बाबा रामदेव और आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण सुप्रीम कोर्ट में माफी मांग चुके हैं। समाचार पत्रों में विज्ञापन भी छपवा दिया है। सुप्रीम कोर्ट का रुख भी कुछ नरम हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। जो लोग ठगे गए हैं, उन्हें आशा है,सुप्रीम कोर्ट उनकी नुकसानी की भरपाईपतंजलि से करवाएगी। बाबा को भी सुप्रीम कोर्ट से आस है। जो ठगे गए हैं, उन्हें भी सुप्रीम कोर्ट से आस है। किसकी आशा पूरी होती है, यह तो फैसला आने के बाद ही पता लगेगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां गंगा ने गोद लिया?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। उन्होंने मां गंगा के दर्शन किए। उन्होंने आंख में आंसू भरते हुए,अपनी मां को याद किया। गंगा मैया के सामने कहा, मेरी मां अब नहीं रही। मैं आपकी (गंगा मैया) के गोद में आ गया हूं। इस बयान की बड़ी चर्चा काशी में हो रही है। सिंपैथी कैसे ली जाती है, बनारस में चर्चाओं के अनुसार प्रधानमंत्री से अच्छा कोई नहीं जानता है। बनारस के गली- कूचे में यही चर्चा है। गंगा मैया ने खुद मोदी को गोद में लिया है, या प्रधानमंत्री स्वयं गंगा मैया की गोद में बैठ गए हैं।

## फीचर



# टूर ऑपरेटर बनकर हासिल करें रोजगार

**पर्यटन का क्षेत्र आजकल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में टूर ऑपरेटर के तौर पर अच्छे अवसर उपलब्ध हैं। टूर ऑपरेटर्स वे पेशेवर होते हैं, जो पर्यटकों को दर्शनीय स्थलों तक घुमाने के लिए पैकेज तैयार करते हैं।**

एक टूर ऑपरेटर के तौर पर यह आपको ही तय करना होता है कि आपके काम करने का दायरा कहां तक सीमित होगा। टूर ऑपरेटर के तौर पर आपको पर्यटन स्थल तक लोगों को ले जाना होता है। टूर ऑपरेटर का काम बड़ा दिलचस्प होता है। वह आकर्षक पैकेज तैयार करता है और उन्हें ट्रैवल एजेंट्स के माध्यम से या सीधे ही लोगों तक पहुंचाता है। यह भी ध्यान रखा जाता है कि जो भी पैकेज तैयार किया जाए, वह इतना आकर्षक हो कि पर्यटक ज्यादा से ज्यादा पर्यटन स्थलों को घूम सकें और यह महंगा भी ज्यादा न पड़े। इसमें पर्यटकों की सुविधा का इस तरह ध्यान रखना पड़ता है कि उनका हर टूर यादगार बन जाए और एक टूर ऑपरेटर के तौर पर आप हमेशा के लिए उन्हें याद रह जाएं। आजकल जिस तरह से देश-दुनिया में ट्रैवल एवं टूरिज्म का क्षेत्र बढ़ रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्र बन जाएगा।

योग्यता-टूर ऑपरेटर के तौर पर करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को यह बात पता होनी चाहिए कि केवल कोई विशेष कोर्स कर लेने भर से विशेषज्ञता हासिल नहीं हो जाती। हां, डिग्री, डिप्लोमा जैसी योग्यताएं हासिल करने के बाद इस रूप में काम जरूर किया जा सकता है। आप में बेहतर तरीके से चीजों को व्यवस्थित करने की योग्यता होनी चाहिए, घूमने-फिरने का शौक और अधिक से अधिक भाषाओं की जानकारी हो तो और बेहतर। बतौर टूर ऑपरेटर आपको खास राज्य, खास किस्म के थीम में विशेषज्ञता हासिल करनी होगी, मसलन यदि धार्मिक पर्यटन में आपकी महारत है तो बाजार में इस तरह के पर्यटन के लिए तुरंत आपका नाम लोगों के जेहन में आना चाहिए।

## प्रेरणा

# आत्मज्ञान के लिए पात्रता

एक बार की बात है। एक धनिक सेठ एक पहुंचे हुए संत के पास पहुंचा और उनसे बोला, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना का प्रयास करता हूं। परंतु मेरा मन ध्यान में एकाग्र ही नहीं हो पाता। आप मुझे मेरे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। धनिक सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और वहां पर तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ कि एक पहुंचे हुए संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए अच्छे-अच्छे पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका बहुत स्वागत सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के पात्र में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। यह देखकर वह बोला, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो कूड़ा-करकट भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, अपितु वह भी कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। सबसे पहले पात्रता विकसित करो, तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे हैं, तो वे आत्मज्ञान को आत्मसात कैसे कर पाएंगे? एकाग्रता भी तभी बनती है, जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है।



## अपनी बात



सांसद बृजभूषण शरण ने मुस्लिमों को लेकर कहा कि कोई कहे या न कहे, हम कहते हैं कि आप हमारा ही खून खून हैं। कोई डीएनए करा ले तो पांच पीढ़ी पहले हम एक ही निकलेंगे। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं, इसलिए बो तो पक्ष में बो नहीं तो न बो, कम से कम फायदा न करो तो नुकसान न करो। मैं आपका अहसानमंद रहूंगा। हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा।



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना एक साजिश है। जिस बिभव पर, जो केजरीवाल के पीए बताए जाते हैं, संजय सिंह ने माना कि हां मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ अभद्रता की गई। हम संज्ञान लेंगे, केजरीवाल बिभव से नाराज हैं। तो कल रात की यह तस्वीर देखिए जिसमें लखनऊ एयरपोर्ट पर संजय सिंह भी हैं, केजरीवाल भी हैं और विभव भी दिखाई दे रहे हैं।



भारतीय समाज में अक्सर स्त्री वर्ग के लिए लक्ष्मी शब्द का प्रयोग किया जाता है। जब घर में नवजात बच्ची पैदा होती है तो उसे लक्ष्मी आगमन का शुभ संकेत माना जाता है। जब घर में नई बहू का गृह प्रवेश करवाया जाता है तो उसे घर की लक्ष्मी यानी गृहलक्ष्मी कहा जाता है।

## जिन महिलाओं में होते हैं...
# ये गुण, वह कहलाती हैं 'गृहलक्ष्मी'

**बाक** जो महिला चाहती है कि परमात्मा उससे प्रेम करें, उसे खुद को इस तरह विकसित करना होगा कि जिससे भी वह मिले, चाहे एक मिनट के लिए, उसके व्यवहार, आचरण तथा रवैये से प्रेम करने लगे। वेदों के अनुसार, उसे 'यद्वदामी मधुमत तद्वदामी' की आदत बनानी चाहिए, अर्थात् 'जो भी बोलूंगी, उसमें शहद घुला होगा'।

**मेधा** 'बुद्धि' एक ऐसी साधारण प्रवृत्ति है जो जानवरों तक में पाई जाती है। बुद्धि से श्रेष्ठ है 'धी', जो ज्ञान, कर्म, चिंतन, समीक्षा तथा अनुभव का परिणाम है, मगर फिर भी मेधा श्रेष्ठ है। यह एक ऐसी समझ है जो किसी व्यक्ति को 'खुद' को समझने में सक्षम बनाती है और जब उसे अपनी खुद की अनुभूति हो जाती है, तो वह अन्य के मन को समझने में भी सक्षम हो जाती/जाता है।

क्या वास्तव में महिलाएं मां लक्ष्मी का रूप होती हैं? शास्त्रों से जानें महिलाओं के कौन से गुण उन्हें बनाते हैं 'लक्ष्मी'....

**श्री:** श्री मतलब खूबसूरती। यहां गीता में इसका अर्थ शारीरिक खूबसूरती नहीं है, जिसे महिलाएं क्रीम, पाऊडर, लिपस्टिक आदि लगाकर बनाए रखती हैं। इस तरह की खूबसूरती कृत्रिम है। श्री प्राकृतिक खूबसूरती है, जिसे संस्कृत में 'वर्चास' कहा जाता है। चेहरे पर वर्चास सही मार्ग अपनाकर लाया जाता है। जो मानसिक तौर पर शुद्ध और पवित्र, ज्ञानवान, तपस्वी (अपने मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य को खराब किए बिना जीवन की समस्याओं का सामना करने की हिम्मत रखने वाली), परमात्मा के प्रति समर्पित व उसमें पूर्ण विश्वास रखने वाली, बेदाग चरित्र वाली, विनम्र, अपने कर्तव्यों व जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क, निःस्वार्थ, अच्छी तरह से अनुशासित व घर पर अनुशासन बनाए रखने वाली, सभी पारिवारिक सदस्यों से प्रेम प्राप्त करने वाली, आदरणीय तथा अपने गुणों के कारण सम्मान प्राप्त करने वाली, अच्छी सलाह देने के कारण जिसे सुना जाता हो, भौतिक आनंदों की बजाय आध्यात्मिक मूल्य देने वाली, मनोविज्ञान को जानने वाली व अपने बच्चों का इस तरह से पालन-पोषण करने वाली ताकि वे मानसिक, वित्तीय के साथ-साथ नैतिक क्षेत्र में लगातार प्रगति करें, सबकी सहायता व दूसरों का कल्याण करने वाली हो, के पास प्राकृतिक खूबसूरती तथा चेहरे पर चमक होगी। उसकी यह खूबसूरती इतनी अधिक प्रभावशाली होगी कि एक सामान्य व्यक्ति उसका सामना करने पर हत्प्रभ रह जाएगा। उसके चेहरे पर आध्यात्मिक शक्ति की चमक उसे एक दैवीय व्यक्ति बना देती है। उसके चेहरे की चमक उसकी पूर्ण संतुष्टि, बल तथा विनम्रता का परिणाम होती है। शारीरिक खूबसूरती धीरे-धीरे मंद होती जाती है जबकि आध्यात्मिक खूबसूरती उसकी उम्र के बढ़ने के साथ और भी बढ़ती जाती है।



## घर में रखें इन बातों का ध्यान
# परेशानियों का होगा नाश


वास्तुशास्त्र में बहुत सारे ऐसे नियमों का पालन करने की हिदायतें दी गई हैं, जिनका पालन करने से परेशानियों का नाश हो जाता है।

- घर में सुबह-शाम दीपक लगाएं, ऐसा करने से देवी-देवताओं की कृपा परिवार पर बनी रहेगी।
- उत्तर दिशा में सिर करके नहीं सोना चाहिए। इससे अच्छी नींद और आराम नहीं मिलेगा।
- उत्तर और पूर्व दिशा में दरवाजे और खिड़कियां दक्षिण और पश्चिम दिशा से बड़ी होनी चाहिए। आपको दक्षिण-पश्चिम दिशा में खिड़कियां रखने से भी बचना चाहिए।
- दीवार की घड़िया हमेशा काम करने की स्थिति में होनी चाहिए। इन्हें घर की पूर्व, पश्चिम और उत्तर की दीवार में लगाना चाहिए।
- मुख्य द्वार पर शू रैक खुला न रखें। शू रैक लगाने के लिए आदर्श दिशा पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम कोना है। इसे उत्तर, दक्षिण-पूर्व और पूर्व दिशाओं में न रखें।
- दक्षिण और पश्चिम की दीवारों के साथ भारी फर्नीचर रखें, जबकि हल्का फर्नीचर उत्तर और पूर्व की दीवारों के पास रखना चाहिए।
- घर की नेम प्लेट साफ-सुथरी होनी चाहिए। यह रहने वालों की जीवनशैली भी बताता है।

घर के मुख्य द्वार पर तुलसी का पौधा लगाएं। तुलसी के पौधे की पूजा भगवान विष्णु से संबंध होने के कारण और इसके औषधीय गुणों के कारण भी की जाती है। यह आस-पास सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। इसे पूर्व दिशा में रखना चाहिए लेकिन इसे उत्तर या उत्तर-पूर्व में खिड़की के पास भी रखा जा सकता है।

## इन लोगों के लिए नहीं रखती
# कोई सीमा मायने

कहा जाता है जो व्यक्ति अपने जीवन में आचार्य चाणक्य की नीतियां अपना लेता है, उसे अपने अंधेरे जीवन में भी रोशनी दिखने लगती है। चलिए जानते हैं चाणक्य नीति अर्थ सहित चाणक्य नीति श्लोक...



**अतिरूपेण वै सीता अतिगर्वेण: रावण:।**
**अतिदानाब्दलिर्बध्दो ह्यति सर्वत्र वर्जयेत्।।**

आचार्य चाणक्य नीति नें अपने इस श्लोक में कहा है कि किसी भी चीज की अधिकता अच्छी नहीं होती। धार्मिक शास्त्रों में किए उल्लेख के अनुसार आत्याधिक सुंदरता के कारण सीताहरण हुआ, तो वहीं अत्यंत घमंड के कारण रावण का अंत हुआ था, अत्यधिक दान देने के कारण रजा बाली को बंधन में बंधना पड़ा, अतः चाणक्य कहते हैं सर्वत्र अति को त्यागना चाहिए जीवन में किसी चीज की अधिकता नहीं होनी चाहिए, वरना इंसन व्यक्ति न चाहते हुए भी जीवन में बुरे प्रभावों को झेलने लगता है।

**कोऽतिभार: समर्थानां किं दूरं व्यवसायिनाम्।**
**को विदेश: सुविद्यानां क: पर: प्रियवादिनाम्।।**

निम्न श्लोक में आचार्य चाणक्य बताते हैं कि किन लोगों के लिए किसी प्रकार का बंधन, सीमा कोई मायने नहीं रखते हैं। चाणक्य के अनुसार शक्तिशाली लोगों के लिए कौन-सा कार्य कठिन है? व्यापारियों के लिए कौन-सा स्थान दूर है, विद्वानों के लिए देश विदेश की कोई सीमा नहीं है, मधुभाषियों का कोई शत्रु नहीं होता।

# सोमवार के दिन करें ये लौंग के उपाय, होगा फायदा ही फायदा



अक्सर देखा जाता है कुछ लोगों के जीवन आए दिन कोई न कोई परेशानी आ जाती है। जिस कारण वो न जीवन को अच्छे से जी पाते हैं, न ही अपने जीवन में वो सब प्राप्त कर पाते हैं जिसके इच्छुक होते हैं। तो अगर आप के साथ भी ऐसा कुछ ही हो रहा है। तो चलिए आपको बता दें कुछ उपाय जो मानव जीवन की कई परेशानियों को दूर करते हैं। सबसे पहले आपको बता दें, सोमवार का दिन भोलेनाथ के भक्तों के लिए बहुत खास होता है। वैसे तो शिव जी भोले भंडारी हैं जो कि एक लोटा जल और बिल्वपत्र से भी प्रसन्न हो जाते हैं। लेकिन अगर आपको कुछ उपायों को कर लेते हैं तो आपकी मन्नतें पूरी होने लगती हैं।

सोमवार के दिन आप दो लौंग लेकर शिवालय जाएं और साथ में एक लोटा जल भी लेकर जाएं। ओम नमः शिवाय का निरंतर जप करते हुए एक लोटा जल को शिवलिंग पर अर्पित करें और उसके बाद आप दो लौंग शिवलिंग पर चढ़ा दें। उसके बाद आप वहां एक घी का दीया जला दें। आप चाहें तो सरसों के तेल का भी दीया जला सकते हैं और जो भी दीया जलाएं आप उसमें भी एक लौंग डाल दें। लौंग वाला दीया मन्नत का दीया होता है और जब आप आपकी कोई मन्नत होती है, विश होती है तो उसे पूरी करने के लिए आप दीये में लौंग जरूर डालें और फिर वह दीया जला दें। इससे आपका हर कष्ट दूर हो जाएगा और यकीन मानिए जल्दी ही आपके जीवन से हर परेशानी दूर हो जाएगी। और साथ ही आपकी मनोकामना भी पूरी हो जाएगी।



रुके हुए कार्यों की सिद्धि के लिए ये प्रयोग बहुत ही लाभदायक है। हर महीने में आने वाली गणेश चतुर्थी को गणेश जी का ऐसा चित्र घर या दुकान पर लगाएं, जिसमें उनकी सूंड दाईं ओर मुड़ी हुई हो, इसके आगे लौंग तथा सुपारी रखें। और इसकी आराधना करें। जब भी कहीं काम पर जाना हो, तो एक लौंग और सुपारी को हाथ में लेकर 'जय गणेश काटो कलेश' बोलकर लौंग और सुपारी को साथ लेकर जाएं, काम सिद्ध होगा। लौंग को मुंह में रख लें और सुपारी को वापस ला कर गणेश जी के आगे रख दें।

धन लाभ के लिए कच्ची धानी के तेल के दीपक में लौंग डालकर हर मंगलवार हनुमान जी की आरती करें। इससे आपको धन लाभ होना शुरू हो जाएगा। ऐसा लगातार 21 मंगलवार करें। इससे आपको फायदा अवश्य मिलेगा।

# मनचाही नौकरी के लिए करें सिर्फ ये काम...

आज कल के समय में जहां मंहगाई ने आफत मचा रखी है, तो वहीं दूसरी ओर लोग बेरोजगारी के अधिक शिकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना आम इंसान के लिए मुश्किल होता जा रहा है सवाल है ऐसे में क्या किया जाए? तो आपको बता दें इसमें वास्तु शास्त्र के कुछ उपाय आपकी मदद कर सकते हैं।



वास्तु विशेषज्ञ के अनुसार जिस व्यक्ति को अधिक मेहनत करने के बाद भी नौकरी मिलने में प्रॉब्लम आ रही हो तो उसे अपनी किस्मत को कोसने से बजाए वास्तु शास्त्र में बताए गए उपायों को करना चाहिए। बल्कि कहा जाता है वास्तु शास्त्र के इन उपायों को करने से न केवल नौकरी बल्कि अपनी मनचाही नौकरी मिलती है। तो चलिए जानें कौन से ये खास उपाय जिन्हें करने से आपको अपनी मनचाही नौकरी मिल सकती है। वास्तु शास्त्र में घर के मध्य स्थान को ब्रह्म स्थान माना गया है, जिसके स्वामी समस्त ग्रहों के गुरु बृहस्पति कहलाते हैं। शास्त्रों के अनुसार बृहस्पति ग्रह व्यक्ति के जीवन में तरक्की के कारक हैं। कहा जाता है इस स्थान पर कभी भी किसी प्रकार का भारी सामान नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से जीवन और करियर में आने वाली तरक्की में अनेकों प्रकार की बाधाएं आती हैं।

- वास्तु शास्त्रियों का मानना है कि नौकरी पाने के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत कर रहे हों, परंतु फिर भी निराशा हाथ आ रही हो तो ऐसे में रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। वास्तु विशेषज्ञ बताते हैं कि इसके लिए एक मुखी, दस मुखी या फिर ग्यारह मुखी रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं।
- नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हों तो या नौकरी पाने से जुड़ी कोई परीक्षा दे रहे हों तो ऐसे में अपने साथ एक लाल रंग का रुमाल जरूर रखें। बल्कि संभव हो तो इस दौरान लाल रंग के वस्त्र ही पहनें। ऐसा कहा जाता है कि ऐसा करने से जल्दी सफलता की प्राप्ति होती है।
- इसके अतिरिक्त नौकरी मिल जाए और पहले दिन नौकरी पर जाने से पहले गणपति की पूजा करनी चाहिए और उसके बाद ही घर से निकलें। ध्यान रहें बप्पा की पूजा के दौरान उन्हें सुपारी जरूर अर्पित करें तथा मिष्ठान का भोग भी लगाएं।



# वास्तु शास्त्र में भी है 'ब्राह्मी' का खासा महत्व



### दिमाग के साथ-साथ देती है सेहत को भी लाभ

हमारे हिंदू धर्म में कई ऐसी चीजों का वर्णन किया गया है, जिनका महत्व न केवल धार्मिक दृष्टि से है बल्कि उन्हें अपने जीवन में अपनाता है तो कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। इन्हीं में से एक है ब्राह्मी। बताया जाता है ब्राह्मी सुगमता से उपलब्ध हो जाने वाली एक ऐसी बूटी है जो अनेक रोगों का उपचार भी है। तो आइए जानते हैं इसे उपयोग करने से क्या क्या लाभ होते हैं।

चूंकि यह बुद्धिवर्धक है इसलिए कमजोर बुद्धि वाले बच्चों को जरूर दी जानी चाहिए। ब्राह्मी के पत्तों को छाया में सुखाकर इस्तेमाल किया जा सकता है। मस्तिष्क को शांत रखने, शक्ति प्रदान करने के लिए प्रयोग करने वाले ब्राह्मी को एक पौष्टिक टॉनिक मानते हैं। जिन्हें अनिद्रा की शिकायत रहती है उनके लिए यह अचूक दवा मानी गई है। वास्तु शास्त्र के अनुसार ब्राह्मी चूर्ण तो वर्षों की पुरानी अनिद्रा से छुटकारा दिला सकता है। इसके लिए ब्राह्मी के ताजा 20 पत्ते लें। इन्हें गाय के दूध में धोएं। छान कर रोगी को पिला दें। यदि आप यह प्रयोग 7 दिनों तक करते हैं तो नींद न आने की समस्या से काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा ब्राह्मी का तेल भी अच्छा माना जाता है।

**कमजोर बुद्धि वाले बच्चों को जरूर दी जानी चाहिए।**

- **तनाव से राहत:** ये ऐसी जड़ी-बूटी है जिसमें 'एडाप्टोजेन' तत्व भी पाए जाते हैं। ये तत्व तनाव, थकान, घबराहट को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं।
- **कफ से आराम:** अगर आप कफ की समस्या से परेशान हैं तो भी इसका सेवन कर सकते हैं। ब्राह्मी के चूर्ण का इस्तेमाल करने से कफ की समस्या को दूर किया जा सकता है।
- **दिल की सेहत के लिए:** यह एक ऐसी जड़ी-बूटी है जिसको दिल की सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। इसमें 'एंटी-ऑक्सीडेंट' और 'एंटी-इंफ्लामेटरी' गुण पाए जाते हैं।

# साहस बढ़ाना और उन्नति पाना हो तो रविवार को करें यह काम

रविवार का दिन भगवान सूर्यदेव को समर्पित है। सूर्यदेव ऐसा देवता हैं जिनकी पूजा साक्षात रूप में की जाती है। उनकी उपासना से दीर्घ आयु, रूप, आरोग्य और ऐश्वर्य का आशीष प्राप्त होता है। सूर्यदेव के लिए व्रत रखने से निरोगी काया प्राप्त होती है, साथ ही अशुभ फल भी शुभ फल में बदल जाते हैं। रविवार के दिन सूर्यदेव की विधि विधान से पूजा करने से कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुख-समृद्धि, साहस की प्राप्ति होती है और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। सूर्यदेव की आराधना प्रातः काल में की जाती है। सूर्योपासना के लिए सूर्योदय से पहले उठें। स्नान किए बिना सूर्यदेव को जल अर्पित ना करें। तांबे के लोटे में चावल, लाल रंग के फूल डालकर सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान करें। सूर्यदेव को जल अर्पित करने में ध्यान रखें कि तांबे के कलश के अलावा अन्य किसी भी धातु का कलश या बर्तन प्रयोग न करें। सूर्यदेव को जल अर्पित करते समय ऊं सूर्याय नमः मंत्र का जाप करें। इस दिन तांबे के बर्तन, लाल कपड़े, गेहूं, गुड़ और लाल चंदन का दान करना शुभ माना जाता है।



हर दिन के हिसाब से कपड़े पहनना बहुत जरूरी होता है। जैसे हर दिन की अपनी मान्यता होती है वैसे ही हर दिन का अपना अपना रंग होता है। अगर आप हफ्ते के 7 दिनों के हिसाब से कपड़े के रंग चुनेंगे और पहनेंगे तो इसका असर आपकी जिन्दगी में भी पड़ेगा।

# हफ्ते के 7 दिन में... सिर्फ इन रंगों के कपड़े ही पहनें, मिलेगी सफलता

सप्ताह में कुल सात दिन होते हैं। हर दिन का अपना महत्व, रंग और मान्यता होती है। अगर दिन के हिसाब से रंग को चुन करके कपड़े पहने जाएं तो उस दिन का महत्व और भी ज्यादा हो जाता है। साथ ही बुरे ग्रहों का प्रभाव कम होता है। इसका असर हमारे जीवन पर पड़ता है। ऐसे में हम जहां भी जाते हैं, जिस काम से जाते हैं, वहां पॉजिटिव एनर्जी रहती है। अपना काम पूरी लगन से करते हैं, इसका लोगों पर अच्छा असर पड़ता है और हमारे सारे काम बनते चले जाते हैं। तो आइए जानते हैं कि कौन से दिन के हिसाब से कौन से रंग का कपड़ा पहनना चाहिए। जिससे आपका दिन और काम अच्छे से बनता चला जाए।

### ◆ सोमवार : हल्के रंग के कपड़े पहनें

सोमवार का दिन भोलेनाथ का होता है। सोमवार का स्वामी चंद्र होता है जो की शीतलता का प्रतीक है। इस दिन हल्के रंग के ऐसे कपड़े पहनने चाहिए जो आंखों को सुकून दें। जैसे सफेद, क्रीम, हल्के गुलाबी, आसमानी और हल्के पीले रंग के कपड़े आप पहन सकते हैं।

### ◆ मंगलवार: चटक रंग के कपड़े पहनें

मंगलवार का दिन पवनपुत्र हनुमान को समर्पित है। मंगलवार के दिन चटक रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इस दिन केसरिया, नारंगी, पीला, लाल रंग पहनने से आपके काम बनते चले जाएंगे।

### ◆ बुधवार: हरे रंग के कपड़े पहनें

बुधवार को गणेश जी का दिन कहा जाता है। गणपति को हरा रंग प्रिय होता है। इस दिन हरे रंग या उससे मिलते जुलते रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इसे पहनने से बुध संबंधी समस्याएं नहीं होंगी।

### ◆ बृहस्पतिवार: पीले रंग के कपड़े पहनें

विष्णु भगवान को बृहस्पतिवार का दिन समर्पित होता है। इस दिन पीले रंग, सुनहरे या नारंगी रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इसके अलावा घर से निकलते समय हल्दी या चंदन का तिलक जरूर लगाएं सफलता मिलेगी।

### ◆ शुक्रवार: लाल रंग के कपड़े पहनें

शुक्रवार का दिन देवी मां को समर्पित होता है। मातारानी को लाल रंग पसंद होता है। इसलिए लाल रंग के कपड़े पहनें। इसके अलावा फूलों वाले प्रिंट के कपड़े पहने या मैरून , डार्क ब्लू ऐसे डार्क कलर्स पहने।

### ◆ शनिवार: काले कपड़े पहनें

शनिवार का दिन शनि देव जी को समर्पित है। शनिदेव को काला, नीला रंग प्रिय होता है। शनिवार के दिन काला, गहरा भूरा, गहरा नीला, जामुनी, बैंगनी या कॉफी, गहरे रंग के कपड़े पहनने चाहिए।

### रविवार: लाल, नारंगी और पीले रंग के कपड़े पहनें

रविवार को सूर्य देव का दिन कहा जाता है। सूर्यदेव को भी लाल रंग अत्यंत प्रिय है। इस दिन लाल, नारंगी और पीले और सुनहरे रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इससे आपके जीवन में किसी भी रास्ते पर रूकावट नहीं आएगी। सप्ताह के हिसाब से अगर आप रंग बदल कर कपडे पहनेंगे तो आपका जीवन भी सारे देवी देवताओं के आशीर्वाद से बहुत अच्छा और बिना किसी कष्ट के निकल जायेगा। इन सारे वस्त्रों को आप सप्ताह के हिसाब से पहन सकते हैं।



शुक्रवार के दिन लाल रंग के कपड़े पहनने से देवी मां का आर्शीवाद प्राप्त होता है...

# सान्या मल्होत्रा को बैंक में नौकरी करने की मिली थी सलाह



अभिनय जगत में आने को लेकर कई कलाकारों की राहें आसान नहीं रही हैं। इनमें दंगल अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा का नाम भी शुमार होता है। हाल ही में अभिनेत्री सान्या ने एक इंटरव्यू में अभिनय यात्रा में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास उनमें कूट-कूट कर भरा है। यही वजह रही कि उन्हें पता था कि वह अभिनेत्री या डांसर बनेंगी। हालांकि उनकी मां उन्हें पंडितों के पास ले गईं। जिनका मानना था कि वह बैंक में नौकरी के लिए उपयुक्त हैं।

**बचपन में ही तय हो गई थी दंगल एक्ट्रेस की किस्मत**

### मूछों के लिए उड़ा था सान्या का मजाक

सान्या मल्होत्रा ने कहा कि उन्हें अपनी प्रतिभा पर इतना भरोसा था कि ऑडिशन पर बिना मेकअप के जाती थीं। उन्हें यकीन था कि अभिनय के दम पर उनका चयन हो जाएगा। स्कूली दिनों में उनकी हल्की-हल्की मूछें हुआ करती थी। एक लड़के ने उसका मजाक भी उड़ाया था तब। उसको करारा जवाब दिया था।

### एक्टिंग के सपोर्ट में नहीं था परिवार

सान्या मल्होत्रा से ये पूछे जाने पर कि क्या उन्हें माता-पिता से विरोध का सामना करना पड़ा ? सान्या मल्होत्रा ने कहा कि दोनों काफी प्रोत्साहित करने वाले थे। बस मेरी मां की एक शर्त थी कि मैं पहले अपनी शिक्षा पूरी कर लूं। वह चाहती थीं कि मैं अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन पूरी कर लूं। आश्चर्य की बात थी कि पापा प्रोत्साहित कर रहे थे।

### बैंक में नौकरी की हुई थी भविष्यवाणी

उन्होंने आगे कहा, मेरी मां मुझे कम से कम तीन पंडित जी के पास ले गईं। सभी ने कहा कि मुझे अभिनय नहीं करना चाहिए और यह मेरे लिए सही रास्ता नहीं है। उन्होंने मेरी मां से कहा कि मैं अर्थशास्त्र की पढ़ाई करुंगी और बैंक में नौकरी करूंगी।

# एक बार फिर विलेन बनेंगे बॉबी देओल




अभिनेता बॉबी देओल को नेगेटिव किरदारों में काफी पसंद किया जा रहा है। आश्रम सीरीज में निराला बाबा की भूमिका में सराहना हटोरने के बाद फिल्म लव हॉस्टल और एनिमल में उन्हें नेगेटिव रोल में देखा गया। बीते दिनों आई खबरों में कहा गया था कि फिल्ममेकर प्रियदर्शन अपनी एक थ्रिलर फिल्म के लिए सैफ अली खान के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसकी शूटिंग जुलाई से आरंभ होनी है। फिल्म में सैफ नेत्रहीन शख्स की भूमिका में होंगे। अब खबर है कि प्रियदर्शन ने इसमें खलनायक की भूमिका निभाने के लिए बॉबी देओल से संपर्क किया है। सूत्रों का दावा है कि बॉबी ने कुछ हफ्ते पहले इस विषय को सुना था और उन्होंने फिल्म करने में रुचि दिखाई है। उनके चरित्र के इर्द- गिर्द कहानी में कई ट्विस्ट और टर्न हैं। सूत्र ने आगे कहा कि बाबी इस बात को लेकर उत्साहित है कि फिल्म में उनका सामना सैफ के साथ होगा। बाबी के पास आगामी छह महीनों में कोई तारीख नहीं है।

### फिल्म से जुड़ना चाहते हैं बॉबी

हालांकि वह इस प्रयास में हैं कि फिल्म हाथ से न जाए और वह शूटिंग के लिए एक महीने का समय दे सकें। निर्माताओं की योजना फिल्म की शूटिंग जुलाई से आरंभ करके अगस्त में पूरी करने की है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो अक्षय कुमार के साथ फिल्म शुरू करने से पहले प्रियदर्शन अपनी इस फिल्म को पूरा कर लेंगे।

# करोड़ों का मालिक है ये सिंगर लेकिन जीता है सिंपल लाइफ

फेमस सिंगर अरिजीत सिंह करोड़ों की संपत्ति का मालिक है लेकिन वो न तो अपने घर में नौकर रखता है और न ही किसी लग्जरी कार से सफर करता है। वो एक बड़ी हस्ती होकर भी एक आम इंसान की तरह ही रह-गुजर करता है और लाखों के लिए प्रेरणस्त्रोत है।



फेमस सिंगर अरिजित सिंह हमेशा ही अपने गानों के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं और उनकी आवाज के दीवाने न सिर्फ देश के हर कोने में बल्कि विदेशों में भी हैं। अरिजीत सिंह ने अपनी सिंगिंग में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और सात फिल्मफेयर पुरस्कार सहित कई पुरस्कार भी जीते हैं। अरिजित सिंह ने न सिर्फ हिंदी बल्कि दूसरी कई भारतीय भाषाओं भी गाने गाए हैं लेकिन मुख्य रूप से हिंदी और बंगाली में गाने रिकॉर्ड करते हैं। वो अपने डायवर्स म्यूजिक जेनरे के लिए जाने जाते हैं और अपनी जनरेशन के सर्वश्रेष्ठ गायकों में से एक हैं जिनका गाना लगभग हर एक फिल्म में आपको सुनने को मिल ही जाता है। सिंह ने अपने करियर की शुरुआत तब की जब उन्होंने 2005 में रियलिटी शो फेम गुरुकुल में भाग लिया था। सिंह ने 2011 में फिल्म मर्डर 2 के लिए मिथुन द्वारा कंपोज सईम भट्ट और मोहम्मद इरफान के साथ फिर मोहब्बत गाने के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत की, हालांकि गाना 2009 में रिकॉर्ड किया गया था। उसी साल उन्होंने एजेंट विनोद से राब्ता, 1920-एविल रिटर्न्स से उसका ही बनाना और शंघाई से दुआ जैसे लोकप्रिय गाने गाए थे। इसके बाद उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।अरिजीत बतौर सिंगिंग के लिए एक फिल्म में प्रति रिकॉर्ड किए गए गाने के लिए 20-22 लाख रुपये लेते हैं, जो देश के बाकी कई फेमस सिंगर के लिए सबसे अधिक फीस में से एक है। दरअसल, सिर्फ श्रेया घोषाल ही उनसे ज्यादा 25 लाख रुपये चार्ज करती हैं। वहीं सोनू निगम, सुनिधि चौहान, बादशाह, शान समेत अन्य सभी गायक आज अरिजीत से कम फीस लेते हैं। सिंगर को उनकी न सिर्फ आवाज बल्कि सादगी के लिए भी जाना जाता है।

**ना घर में नौकर है और ना ही लग्जरी गाडियां**

वहीं वे एक कॉर्पोरेट शो के लिए 50-60 लाख रुपए चार्ज करते हैं।दिलचस्प बात ये है कि वे कभी भी किसी इवेंट में कोई डिजाइनर कपड़े नहीं पहनते हैं और सादा लुक में ही कंसर्ट करते हैं। बताया जाता है कि वे घर के सारे काम भी खुद ही करते हैं न कि नौकरों के भरोसे रहते। पिछले हफ्ते, भारत में आम चुनाव के तीसरे चरण के दौरान, पूरे भारत में 93 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ, जिसमें पश्चिम बंगाल के कई क्षेत्र भी शामिल थे। उस दौरान राज्य के एक पोलिंग बूथ से एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एक सुपरस्टार गायक को साधारण सी स्कूटी पर सवार होकर वोट देने जाते हुए वाइफ के साथ देखे गए थे। यह पहली बार नहीं है जब इस स्टार ने सार्वजनिक जीवन में इतनी सादगी दिखाई है, जो बॉलीवुड के अन्य बड़े सितारों से बिल्कुल अलग है। वैसे उनके पास मर्सटीज वेंज, रेंज-रोवर और हमर 3 जैसी लग्जरी कारें भी हैं लेकिन फिर भी 2 पहिया वाहन का ज्यादा यूज करते हैं।जी हां, मुर्शिदाबाद का वायरल वीडियो पहली बार नहीं था जब उन्हें अपनी स्कूटी पर देखा गया था।

# अब जैकलीन कान्स के रेड कारपेट पर करेंगी वॉक

दुनिया के सबसे बड़े इवेंट कान्स फिल्म फेस्टिवल का आगाज 14 मई से हो चुका है। इस समारोह में दुनिया भर के फिल्मकार अपनी-अपनी फिल्में लेकर पहुंच रहे हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री से भी कई सेलेब्स इस कारपेट में अपना जलवा दिखाने को तैयार है। इस साल 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल मनाया जा रहा है। इस इवेंट को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब खबर है कि इस साल कान्स में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज अपना जलवा दिखाती नजर आएंगे। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज फ्रांस में कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वह बीएमडब्ल्यू का प्रतिनिधित्व करते हुए रेड कारपेट पर चलने के लिए उत्साहित है।




# किंग में शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना भी होगी

एक ही साल में तीन ब्लॉकबस्टर हिट देने के बाद बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान ने साबित कर दिया है कि बॉलीवुड के असली बादशाह वही हैं। शाहरुख की अपकमिंग फिल्म किंग से उनका लुक अनऑफिशियली सामने आ गया है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बन रही फिल्म किंग में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी होगी। इससे पहले सुहाना फिल्म आर्चीज में नजर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर गॉसिप्स हैं कि शाहरुख खान फिल्म किंग में ग्रे शेड रोल प्ले करते नजर आएंगे और फिर एक बार उनका रोमांटिक कम एक्शन अवतार दर्शकों को देखने मिलेगा। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है जिसमें शाहरुख खान को व्हाइट बियर्ड के साथ देखा जा सकता है। तस्वीरों में शाहरुख चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। वायरल तस्वीरों में शाहरुख खान की आंखों पर काला चश्मा देखा जा सकता है और उनकी सफेद दाड़ी काफी फैसिनेटिंग लग रही है। शाहरुख खान के बाल भी आधे काले और आधे सफेद दिखाई पड़ रहे हैं। शाहरुख खान हमेशा की तरह इस लुक में भी हुडी पहनकर अपने लुक को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वाकई फिल्म किंग में यह शाहरुख खान का लुक होने वाला है तो ऑफिशियल अनाउंसमेंट से पहले इसे लीक हुई बड़ी खबर माना जा सकता है। हालांकि यह ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है कि शाहरुख खान की अगली फिल्म किंग में शाहरुख खान का सॉल्ट एंड पेपर लुक रहने वाला है। जबकि यह कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं है, लेकिन फैंस इस लुक पर फिदा नजर आ रहे हैं।

# जाह्नवी कपूर को अपने हमसफर में चाहिए ये खूबियां



एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं। हाल ही में फिल्म की ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसके बाद 15 मई को इस फिल्म का पहला गाना देखा तेनु भी रिलीज कर दिया गया। मुंबई में गाने गाने की लॉन्चिंग का एक इवेंट रखा गया था, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर भी शामिल हुए। ऐसे में जान्हवी और राजकुमार ने अपनी मूवी को लेकर भी खूब बातें करते नजर आए। इसके अलावा अभिनेत्री ने अपनी लाइफ के परफेक्ट पार्टनर को लेकर भी खुलासा किया।

### जानें कैसा होगा जाह्नवी कपूर का लाइफ पार्टनर

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। लंबे समय से वह शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। हालांकि दोनों में से किसी ने भी अभी तक आधिकारिक तौर पर इसे स्वीकार नहीं किया है, लेकिन जाह्नवी समय समय पर इसके संकेत देती रहती हैं। बुधवार को जब जाह्नवी से पूछा गया कि उनकी जिंदगी में परफेक्ट पार्टनर कौन और कैसा होगा? इस पर जाह्नवी ने कहा, ऐसा इंसान जो मेरे सपनों को अपना सपना बना दे। इस पर सामने बैठे कुछ लोगों ने उन्हें ऑल द बेस्ट कहा तो उन्होंने हंसते हुए इस पर सवाल पूछ लिया कि ऑल द बेस्ट क्यों ? मिलना मुश्किल है? फिर लोगों ने कहा, मिल गया है। तब जाह्नवी हल्की मुस्कुराहट के साथ आंख मारते हुए सवाल-जवाब के सिलसिले में आगे बढ़ गईं।

**मिस्टर एंड मिसेज माही एक्ट्रेस ने सबके सामने किया खुलासा**

### शिखर ने की थी जाह्नवी की तारीफ

हाल ही में शिखर पहाड़िया ने गर्लफ्रेंड की फिल्म का ट्रेलर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। साथ ही प्यारा सा नोट भी लिखा था- वाह ! क्या क्रिकेट खेलती हो मिसेज माही। इस पर जान्हवी ने जवाब देते हुए लिखा था मिस यू, शिखू। फिल्म की बात करें तो ये महत्वाकांक्षी क्रिकेटर महेंद्र की भूमिका में दिखाया गया है।

# बिना स्टेरॉयड के कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन के लिए बनाई है बॉडी, नया लुक हुआ वायरल

भूमिकाओं की मांग के अनुसार, कलाकारों को अपने वजन में बदलाव करने के साथ-साथ कई बार शारीरिक रूपांतरण भी करने पड़ते हैं। अभिनेता कार्तिक आर्यन आगामी फिल्म चंदू चैंपियन में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता एथलीट मुरलीकांत पेटकर की भूमिका में नजर आएंगे। बुधवार को इस फिल्म से कार्तिक का नया लुक जारी किया गया। जिसमें सुडौल शारीरिक बनावट के साथ दौड़ लगाते नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि कार्तिक ने यह बॉडी बिना किसी स्टेरॉयड या बाहरी सप्लीमेंट के बनाई है। जिसका रहस्योद्घाटन उनकी फिटनेस टीम से



जुड़े एक करीबी व्यक्ति ने किया। उनका कहना है कि 39 प्रतिशत फैट से सात प्रतिशत फैट पर आना कोई मजाक काम नहीं था, वो भी बिना स्टेरायड के। लेकिन ऐसा लुक हासिल करने के लिए हम बहुत अनुशासन पर चलें। चूंकि कार्तिक रोज दस से बारह घंटे शूटिंग करते थे, तो कम नींद के साथ वो हमारे लिए और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया था। उनके अनुशासन और समर्पण के कारण हम यह परिणाम प्राप्त करने में सफल रहे। बता दें कि कार्तिक 18 मई को अपने गृह नगर ग्वालियर में इस फिल्म का ट्रेलर जारी करेंगे। फिलहाल वह फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग जुलाई तक पूरी होने की संभावना है।

## ब्रीफ न्यूज

### कार्यक्रम रखकर दी गई श्रद्धांजलि

**हरदा।** स्थानीय जैन धर्मशाला में सीबीएम के सदस्य और खेल प्रेमियों ने कार्यक्रम आयोजित कर खेल प्रशिक्षक रहे प्रकाश नवले और युवा होटल व्यवसाय विनोद राठौड़ को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान व्यापारी और नागरिकों ने उनके कार्यो को याद कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनिट मौन रखकर प्रार्थना की। इस दौरान अर्पित अग्रवाल, विनोद यादव, अशोक राठौड़, विनोद पचोरी, गोलू अग्रवाल, इमरान खान, मनोज शुक्ला, संजय पटेल, राकेश, कैलाश पुरोहित, सहित अन्य मौजूद थे।

### मजदूर ने अज्ञात कारणों से खाया जहरीला पदार्थ

**हरदा।** टेमागांव वनक्षेत्र के एक मजदूर ने अज्ञात कारण से जहरीला पदार्थ खा लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर आये। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चिचोली निवासी दुर्गेश पिता शिव पुराण वर्तमान समय में नांदवा में मजदूरी कर रहा था। बुधवार को अज्ञात कारण से जहरीले पदार्थ खा लिया।

### कहार समाज ने नशा मुक्त रहने का लिया संकल्प

**हरदा।** कहार समाज समिती द्वारा केवट जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई गई। इसमें संपूर्ण समाज ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने समाज के गौरव केवट की भक्ति महिमा बताई। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कमल सिसोदिया चौकड़ी, तुलसीराम साकल्ले, मदन पटेल, बृजेश राजगुरे, नरेन्द्र सेवक, बंटी वर्मा, दिनेश चंदेवा अध्यक्ष, गुड्डू शारदे उपाध्यक्ष, दीपक विवारिया, सूरज वाबने सहित अन्य सामाजिक बंधुओं ने नशा मुक्त रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और सामाजिक बंधुओं का आभार सुनील केवट ने माना।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश प्रारंभ

**हरदा।** प्रदेश के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

### उपस्वास्थ्य केन्द्र भोगांवा में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया मूल्यांकन

**खण्डवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में गुरुवार को विकासखण्ड पुनासा के उपस्वास्थ्य केन्द्र भोगांवा में स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक दिल्ली की टीम द्वारा किया गया। टीम में नेशनल असेसर डॉ.मोनिका राजानी व डॉ. अक्षत प्रसान ने ओ.पी.डी. कक्ष, दवा वितरण कक्ष, स्टोर कक्ष, वार्ड, रिकार्ड संधारण एवं मरीजों की दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया।

# मोहिनी एकादशी 19 को, भगवान विष्णु की करें विधि विधान से पूजा





सत्ता सुधार ■ हरदा

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार मोहिनी एकादशी का व्रत सभी एकादशी में श्रेष्ठ माना गया है। इस बार मोहिनी एकादशी 19 मई को मनाई जाएगी। यह व्रत वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। भगवान विष्णु ने धर्म की रक्षा के लिए अनेक अवतार लिए हैं। विभिन्न रूप धारण कर संसार का कल्याण भी करते हैं। ज्योतिष और पंडित नीरज महाराज ने बताया कि धार्मिक और पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन ही भगवान विष्णु ने मोहिनी अवतार धारण किया था। इसलिए इस एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है।

**शीघ्र उठ कर लगाएं पीले चंदन का तिलक :** ज्योतिष और पंडित नीरज महाराज ने बताया कि यह है पूजा का विधान में पीले चंदन का तिलक लगाएं मोहिनी एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए। इसके बाद घर और पूजाघर की साफ-सफाई करने के बाद भगवान विष्णु के प्रतिमा को स्थापित कर उनका अभिषेक करें। उन्हें पीले वस्त्र पहनाकर पीले चंदन का तिलक लगाएं। श्रद्धा और भक्ति के साथ एकादशी व्रत का संकल्प लें। साथ ही ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का 108 बार जाप और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। पाठ समाप्त होने के बाद श्रीहरि को पंचामृत और तुलसी के पत्ते अर्पित करने चाहिए। इसके बाद आरती कर पूजा का समापन कर सकते हैं।

### एकादशी का व्रत से सभी पापों का होता है अंत -

इस दिन जो व्यक्ति व्रत करता है, उसे मोह- माया से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही मानसिक शांति और जीवन में सफलता मिलती है। मोहिनी एकादशी का व्रत करने वाले लोगों के सभी पापों का अंत हो जाता है। एकादशी का व्रत करने से एक हजार गौ दान, यज्ञ और तीर्थ यात्रा का फल मिलता है। मोहिनी एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है, जो भी व्यक्ति व्रत को पूरे विधि-विधान से करता है। उसका जीवन कल्याणमय और सुखी हो जाता है । इस व्रत का पालन अमोघ फलदायी व मोक्षदायी माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है।

# मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने वाले 4 स्कूलों पर लगाया 2-2 लाख रु. का अर्थदंड

सत्ता सुधार ■ हरदा



जिले के चार स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध 2-2 लाख रुपये का अर्थ दंड लगाने के आदेश कलेक्टर आदित्य सिंह ने जारी किए हैं। सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि जिन स्कूलों पर अर्थ दंड लगाया गया है उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेड क्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है।

### शिक्षा सत्र में फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि -

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें यह पाया गया कि इन दोनों स्कूलों द्वारा गत वर्ष की तुलना में इस शिक्षा सत्र में फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई। फीस वृद्धि के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन स्कूलों द्वारा नहीं किया गया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश में चारों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों से ली गई अतिरिक्त फीस आगामी 15 दिवस की समय सीमा में विद्यार्थियों के पालकों को वापस करें। दोनों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि अर्थ दंड की राशि 2-2 लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट आयुक्त लोक शिक्षण के नाम से तैयार करा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जमा करें।

# प्रधान न्यायाधीश द्वारा जिला जेल का औचक निरीक्षण



**हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को जिले में स्थापित समस्त जेलों का निरीक्षण किया जाना है। इसी अनुक्रम में बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा श्रीमती तृप्ति शर्मा के द्वारा जिला जेल हरदा का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल मैनुअल के अनुसार जेल में बंदियों को उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर जेल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुरूष बैरकों एवं महिला बैरक का निरीक्षण कर, बैरकों में साफ-सफाई, बंदियों के बिस्तर और शौचालय की साफ-सफाई की जांच की। पाकशाला का निरीक्षण कर साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता व प्रतिदिन दिये जाने वाले आहार की मात्रा संबंधी सारणी की जांच की। निरीक्षण के दौरान बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और बंदियों को विधि सम्मत सलाह भी प्रदान की गयी। जिला जेल के सामुदायिक पुरूष शौचालय में उचित साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया जिससे बंदियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### दिल्ली की टीम ने किया जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू यूनिट का निरीक्षण

**खण्डवा।** शासन द्वारा निर्धारित संकल्प टीम जिसमें डॉ. योगेश जैन एम.डी.टेक्निकल सपोर्ट यूनिट दिल्ली व उनकी टीम जिसमें श्री मोहम्मद इमरान एवं श्री विशाल लूनिया द्वारा श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा के एस.एन.सी.यू. यूनिट का निरीक्षण किया गया। इसमें खरगोन जिले के नवजात बच्चे जो एसएनसीयू में भर्ती हुए उन्हें किस कारण रेफर किया गया एवं उनके इलाज संबंधी समस्त जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज भी देखे गए। इसके अलावा उनके द्वारा लेबर रूम ओटी का भी निरीक्षण किया गया ।लेबर रूम में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने यह बताया कि एंटीनेटल केयर के समय से ही अच्छी देखभाल एवं हाईरिस्क की सही समय पर पहचान कर, पश्चात उपचार करके हम शिशु मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं। निरीक्षण के दौरान डीन डॉ. संजय कुमार दादू , प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमे, मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले, सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया, एसएनसीयू प्रभारी डॉ. कृष्णा वास्केल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जानलेवा हमलावर को बचाने का षड्यंत्र

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष पटेल ने खोली पोल

सत्ता सुधार ■ हरदा



कांग्रेस कमेटी हरदा के जिलाध्यक्ष ओम पटेल हरदा द्वारा वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद श्रीमती अनीता संतोष अग्रवाल के पुत्र सुमित अग्रवाल को जानलेवा हमला करने के मामले में बचाने का प्रयास किया जा रहा है। हमला के दौरान आरोपी के पास माउजर पिस्टल थी जिसे कनपटी पर लगाकर अभिषेक गुर्जर और दो अन्य साथियों को जान से मारने की धमकी दी गई। एफआईआर में जो धारा लगी है उसमें पिस्टल का उल्लेख नहीं है। आचार संहिता के दौरान माउजर कहां से आई इसको लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

### राजनीतिक संरक्षण में कार्यवाही नहीं

श्री पटेल ने आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण में कार्यवाही नहीं की जा रही है इसके कारण शांति का टापू कहे जाने वाले हरदा जिले में अवैध कारोबार और अपराधों में बाढ़ आ गई है। शांति छिन गई है दहशत, भय, आतंक का माहौल है। लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ।

### वीआईपी एरिये में जानलेवा हमला -

राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। कलेक्टर, एसपी, एसडीम कार्यालय के पास दिनदहाड़े निर्भय होकर हमला किया गया। इसके बाद आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है। हल्की धारा लगाकर पुलिस बचाने का प्रयास कर रही है। आचार संहिता के दौरान पिस्टल कहां से आई इसका पता लगाया जाये तो बड़े कारोबारों रेफर किया गया है। जबकि पेड़ में लगी गोली को हरदा में निकाली जा सकती है। 12 अप्रैल की रात्रि 10-30 बजे उड़ा बायपास के पास एमडी ड्रक्स के साथ आरोपी को पकड़ा गया जिसकी चर्चा है फिर भी पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। श्री पटेल ने आरोप लगाया की लेनदेन कर मामले को रफा-दफा किया गया है।

**अवैध अधिकार की धारा नहीं, आरोपी सुरक्षित** -अग्रवाल के ऊपर अवैध हथियार की धारा नहीं लगाई गई है। जबकि सोशल मीडिया, समाचार पत्रों में यह मामला सुर्खियों में था।

### सरकारी आवास का उपयोग

तवा कॉलोनी को सरकारी आवास को दूसरे के नाम आवंटित कराकर आरोपी द्वारा उपयोग लंबे समय से किया जा रहा है। जिसकी जांच कराकर कार्यवाही की जानी चाहिए । एक दशक से इन इवेंट मैनेजमेंट का काम चल रहा है। नियम विरूद्ध किराए से लेकर उसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

### होटल में अवैध व्यवसाय चरम सीमा पर

श्री पटेल ने आरोप लगाया कि होटल में अवैध व्यवसाय चरम सीमा पर है। बस स्टैंड क्षेत्र में जिश्म फरौसी का धंधा चल रहा है। होटलों में सी.सी.टी.व्ही कैमरे की व्यवस्था नहीं है, जहां है भी वहां चालू नहीं है या खराब है। जिसकी आड़ में आसामाजिक गतिविधियां चल रही है। होटल में कैमरे होना अनिवार्य है इसकी जांच-पड़ताल करा कर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। छापामारा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जांच पड़ताल करवाये तो हकीकत सामने आ सकती है।

# खरीफ-2024 हेतु बीज वितरण व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी

**खण्डवा।** खरीफ 2024 हेतु जिले में कपास, मक्का, सोयाबीन का बीज भण्डारण एवं वितरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जिले के अधिकांश कपास उत्पादक किसान प्रायः कपास फसल की बुवाई अक्षय तृतीया से प्रारंभ कर देते है, जिससे कपास बीज की मांग अचानक बढ़ जाती है। उप संचालक कृषि ने बताया कि गत वर्ष किसानों के बीच रासी सीडस प्राईवेट लिमिटेड की कपास फसल की किस्म आरसीएच 659 बीजी-2 एवं नूजीवीडू सीडस लिमिटेड की कपास फसल की किस्म एनसीएस 866 बीजी-2 की मांग ज्यादा होने से किसानों को बीज आसानी से उपलब्ध नही हो पाया। उन्होंने बताया कि जिले के किसानों को रासी सीडस प्राईवेट लिमिटेड की कपास फसल की किस्म आरसीएच 659 बीजी-2 एवं नूजीवीडू सीडस लिमिटेड की कपास फसल की किस्म एनसीएस 866 बीजी-2 आसानी से उपलब्ध हो सके, इस हेतु कंपनियों के कपास बीज किस्मों की वितरण की व्यवस्था निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि संबंधित विकास खंडों के कृषक अपनी पावती/ऋण पुस्तिका लेकर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (बीज निरिक्षक) के कार्यालय में उपस्थित होगा।

# अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि 31 मई की

**हरदा।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई कर दी गई है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं।

### तकनीकी कारणों को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा निर्णय

किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे किसानों, जिनके द्वारा निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे – गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई किया जायेगा।

# वर्षा से पूर्व नदी नालों की सफाई का कार्य प्रारम्भ




**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने गत दिनों आयोजित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये थे कि वर्षा से पूर्व अपने-अपने नगरों में नदी नालों की सफाई अभी से करा लें ताकि अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ की संभावना न रहे। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के चारों नगरीय निकायों खिरकिया, टिमरनी, सिराली व हरदा में नदी नालों की सफाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। साथ ही नदी नालों के आसपास के क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है ताकि बरसात में किसी दुर्घटना की आशंका न रहे।

## सीता नवमीं — श्रीमती रेखा विश्नोई, हंसा पंडित, प्रज्ञा अग्रवाल के साथ सभी माताओं ने अपना-अपना परिचय दिया

# माता सीता ने जीवन संघर्ष में धर्म नहीं छोड़ा: श्रीमती अग्रवाल

सत्ता सुधार ■ हरदा

स्थानीय वार्ड क्रमांक 4 में विश्व हिन्दू परिषद की मातृ शक्ति द्वारा सीता नवमी मनाई गई । सर्व प्रथम राम सीता जी के चित्र के सामने दीपक जलाया गया। ऊं का तीन बार उच्चारण कर श्रीराम जय राम को 13 बार पढा गया । मातृ शक्ति जिला संयोजिका श्रीमती रेखा विश्नोई, हंसा पंडित, प्रज्ञा अग्रवाल के साथ सभी माताओं ने अपना-अपना परिचय दिया। मातृ शक्ति की जिला सहसंयोजिका श्रीमती प्रज्ञा अग्रवाल ने माता सीता के जीवन कैसे संघर्ष में बीता। फिर भी उन्होंने कभी भी अपना धर्म नहीं छोड़ा, हर हाल में वह पति का सहयोग किया और पति के आदेश को माना। बेटी बनकर बेटी धर्म निभाया।




### कुल की लाज बेटियों से है

वह एक योद्धा भी थी रावण ने जब सीताजी का हरण किया तब वह अशोक वाटिका में थी। तब रावण कभी भी सीताजी के सामने एक दम नहीं आता था। माता सीता एक छोटे से तिनके से रावण के लिए दिव्या खडी कर देती थी । वह पतिवृता स्त्री थीं हमें भी जीवन में उनके गुणों को धारण करना चाहिए ।श्रीमती विश्नोई ने कहा कैसे वह अपनी सास की सेवा करतीं थी और अपने देवरों को वह एक बेटी की तरह मानती थी। कुल की लाज बेटियों से है वन देवी बनकर अपने दोनों बेटों को कितने अच्छे संस्कार दिये। हमें अपने जीवन में सीता माता के गुणों को लाना चाहिए और घर में कुल की लाज का मान रखना चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती पंडित ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई के अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्रों में दिलाई जागरुकता शपथ

**खण्डवा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर 16 मई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी.जुगतावत के मार्गदर्शन में संजीवनी क्लीनिक गणेश तलाई व अन्य स्वास्थ्य केन्द्रो में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी वाहक जनित बीमारियों की रोकथाम, बचाव हेतु जागरुकता की शपथ दिलाई गई। जिला मलेरिया अधिकारी श्री करण सिंह भूरिया ने बताया कि डेंगू एक वायरल डिसीस है। यह वायरस एडिज एजेप्टी मच्छर द्वारा रोग फैलाने का कार्य करता है। तेज बुखार, मांस पेशियों एवं जोड़ों में दर्द, सर दर्द, ऑखों के पीछे दर्द, जी मिचलाना, उल्टी दस्त, त्वचा पर लाल रंग के दाने आदि। रोगी के गंभीर होने पर प्लेटलेटस् की संख्या तेजी से कम होती है तथा नाक कान व ऑख मसुड़ों से रक्तस्त्राव शुरू हो जाता है। रक्त चाप कम हो जाता है, यदि सही समय पर उचित चिकित्सा न मिले तो रोगी कोमा में भी जा सकता है। चूंकि एडिज मच्छर साफ व स्थिर पानी में प्रजनन करते है, अतः घर के आसपास व घर के अन्दर, छत के ऊपर कबाड़ के अन्दर संग्रहित जल न होने दें, यदि घर के अन्दर जल को संग्रहित करके रखना है तो उसे ढ़क कर रखना चाहिये। अगर जल की आवश्यकता न हो तो बर्तनों को खाली व उल्टा कर रखें। कूलर, गमले आदि का पानी कम से कम 5 दिन में अवश्य बदलें, दिन में व रात को सोते समय मच्छरदानी लगाकर सोयें, घर के आस-पास गढ्ढे या बन्द नालियां जिसमें पानी एकत्रित हो गया है उसमें जला हुआ तेल या मिटटी का तेल डाल सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### अब श्रीलंका में भी कर सकेंगे यूपीआई से भुगतान

**नई दिल्ली।** फोनपे ने अपने ग्राहकों के लिए नई सर्विस शुरू की है, जिसकी मदद से श्रीलंका जाने वाले भारतीय भी फोनपे ऐप की मदद से आसानी से यूपीआई पेमेंट कर पाएंगे। फोनपे ने लंकापे के साथ साझेदारी करने का ऐलान किया है। इससे कंपनी के यूजर्स को श्रीलंका में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) पेमेंट करने की सुविधा मिलेगी। श्रीलंका की यात्रा करने वाले सैलानियों को ये बहुत फायदा देगा। वो आसानी से फोनपे के जरिए लंकापे के क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस सर्विस के शुरू होने के बाद फोनपे ग्राहकों को लंकापे क्यूआर कोड को स्कैन करने में मदद मिलेगी और वह सुरक्षित तरीके से तुरंत पेमेंट कर सकेंगे। इसका एक और फायदा होगा कि इसके लिए उन्हें करेंसी एक्सचेंज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी लेकिन श्रीलंका में ट्रांजेक्शन करने पर रुपए और श्रीलंका करेंसी के बीच की विनिमय दर यानी एक्सचेंज रेट का पेमेंट उन्हें करना होगा। फोनपे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि फोनपे और लंकापे के सहयोग से भारतीय यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। वे अब यात्रा करते समय और लंका पे क्यूआर का उपयोग करके वहां सर्विसेस और गुड्स के लिए भुगतान कर सकेंगे।

### भारती एंटरप्राइजेज से 50 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करेगा बीआईआरईटी

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट (बीआईआरईटी) ने भारती एंटरप्राइजेज से चार प्रमुख परिसंपत्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की गुरुवार को घोषणा की। बयान में कहा गया कि वाणिज्यिक संपत्तियों का उद्यम मूल्य करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है। इसके साथ ही भारती 8.53 प्रतिशत की स्वामित्व हिस्सेदारी के साथ बीआईआरईटी में दूसरी सबसे बड़ी इकाई धारक बन जाएगी। इसमें कहा गया कि ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने भारती एंटरप्राइजेज से चार ग्रेड ए परिसंपत्तियों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिग्रहण में 6,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर कुल 33 लाख वर्ग फुट की मार्की वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं।

### रुपया डॉलर के मुकाबले सपाट रुख पर खुला

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सपाट स्तर पर खुला। वह 83.45 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया बुधावार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.46 पर ही बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.20 पर रहा। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मौजूदा चुनाव के साथ-साथ विदेशी पूंजी की निकासी से रुपया दबाव में है।



# एचडीएफसी बैंक ने पिक्सेल पेश किया : डिजिटल क्रेडिट कार्डस की एक नई पीढ़ी

एजेंसी ■ मुंबई

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज पिक्सेल के लॉन्च की घोषणा की है. यह डिजिटल मूल निवासियों के लिए डिज़ाइन की गई अपनी तरह की पहली एंड-टू-एंड मोबाइल ऐप है, जो डीआईवाई आधारित अनुकूलन योग्य डिजिटल कार्ड रेंज है। पिक्सेल को डिजिटल प्रवाह, अद्वितीय प्राथमिकताओं और विशिष्ट वित्तीय व्यवहारों वाली पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है।

पिक्सेल डिजिटल क्रेडिट कार्ड श्रृंखला की अपनी तरह की पहली श्रृंखला है जो निर्बाध ऐप-आधारित जारी करने हेतु पूर्ण डिजिटल जीवनचक्र प्रबंधन, उपयोगकर्ता जुड़ाव और डिजिटल सर्विसिंग प्रदान करती है। इसके अलावा, पिक्सेल के माध्यम से, बैंक ग्राहकों को अपनी पसंदीदा श्रेणियां और पसंदीदा व्यापारी/प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि जोमाटो, मयंत्रा, बुक मई शो, मेक माई ट्रिप अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट आदि का चयन करने में सक्षम बनाकर उन्हें अनुकूलन और पसंद की शक्ति देता है। ऐसा करने पर ग्राहक इन व्यापारियों/प्लेटफ़ॉर्म से अपने खर्च पर आकर्षक कैशबैक अर्जित कर सकते हैं। वर्तमान और नए दोनों ग्राहक बैंक के पेज़ैप मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से पिक्सेल क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्रमुख विशेषताऐं-

1. अधिकतम मूल्य के लिए अनुकूलन- भोजन व मनोरंजन, यात्रा, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और किराने पर 5 प्रतिशत कैशबैक अर्जित करने के लिए मर्चेंट्स की पसंद 3 प्रतिशत कैशबैक पाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का विकल्प - अमेज़ॅन/फ्लिपकार्ट/पेज़ैप और अन्य खर्चों पर अनलिमिटेड 1 प्रतिशत कैशबैक चुनने के लिए जीवंत कार्ड रंगों और बिलिंग तिथियों का विकल्प कम लागत वाली ईएमआई के साथ पूर्ण या आंशिक भुगतान करने से पुनः भुगतान का विकल्प

2. सुविधा और आसान पहुंच- तत्काल डिजिटल कार्ड जारी करने के साथ निर्बाध डिजिटल ऑनबोर्डिंग, टैप एंड पे के साथ तत्काल ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीदारी की अनुमति पिक्सेल पेज़ैप से पूर्ण नियंत्रण की शक्ति प्रदान करता है जिसमें कार्ड नियंत्रण सेटिंग्स, अनुकूलन, खर्चों पर वास्तविक समय ट्रैकिंग, पुरस्कार, ईएमआई, विवरण और पुनः भुगतान शामिल हैं।

## एसबीआई ने एफडी दर 75 आधार अंक तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर 75 आधार अंक तक बढ़ाई है। यह फैसला अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हो गई हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं। सात दिन से शुरू होकर 210 दिन तक की तीन परिपक्वता अवधि के लिए ब्याज दर 10 से 25 आधार अंक के बीच बढ़ाई गई है।

# भारत एथिलीन ऑक्साइड टेस्टिंग के लिए सख्त मानक लागू करने की तैयारी में

एजेंसी ■ नई दिल्ली




एथिलीन ऑक्साइड एक बहु-उपयोगी रसायन है। इसका इस्तेमाल कीटाणुनाशक, उपकरणों को पूरी तरह से जीवाणुरहित करने और मसालों में मौजूद छोटे जीवों को मारने के लिए किया जाता है। मगर, ज्यादा मात्रा में सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है, यहां तक कि कैंसर का खतरा भी बढ़ा सकता है। इसीलिए, हर देश ने मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा को सीमित करने के लिए अलग-अलग नियम बनाए हैं।

भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही एथिलीन ऑक्साइड टेस्टिंग के लिए सख्त मानक लागू करने की तैयारी में है। भारतीय मसालों की सुरक्षा और क्वालिटी तय करने के लिए मसाला बोर्ड ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह कदम सिंगापुर और हांगकांग द्वारा एवरेस्ट और एमडीएच द्वारा बेचे जा रहे कुछ मसालों की बिक्री पर रोक लगाने के बाद उठाए गए हैं। इन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नामक कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक की मात्रा अधिक थी। अधिकारी ने बताया कि मसाला बोर्ड ने 130 से अधिक निर्यातकों और संघों के साथ मिलकर काम किया है, जिसमें अखिल भारतीय मसाला निर्यातक मंच और भारतीय मसाला और खाद्य पदार्थ निर्यातक संघ शामिल हैं।

इस समस्या का मूल कारण जानने के लिए एक तकनीकी-वैज्ञानिक समिति का गठन किया गया। इस समिति ने प्रोसेसिंग सुविधाओं का निरीक्षण किया और मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए नमूने भी एकत्र किए। भारत ने हाल ही में दो अहम कदम उठाए हैं। पहला, मसाला निर्यात की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना। सिंगापुर और हांगकांग को भेजे जाने वाले सभी मसालों को अनिवार्य रूप से अवशेषों के लिए परीक्षण किया जाएगा। साथ ही निर्यातकों को एथिलीन ऑक्साइड ट्रीटमेंट के सही तरीके के बारे में फिर से बताया गया है।

## अडाणी एनर्जी ने एस्सार की महान-सीपत ट्रांसमिशन संपत्ति का किया अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने 1,900 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एस्सार की महान-सिपत ट्रांसमिशन संपत्तियों का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी बयान के अनुसार शेयर अधिग्रहण जून 2022 में हस्ताक्षरित निश्चित समझौतों के तहत हुआ। बयान में कहा गया कि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने 1,900 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य के लिए आवश्यक नियामक तथा अन्य अनुमोदन हासिल करने के बाद एस्सार ट्रांसको लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली। इस अधिग्रहण में मध्य प्रदेश में महान को छत्तीसगढ़ में सिपत पूलिंग सबस्टेशन से जोड़ने वाली पूरी तरह से चालू 400 केवी, 673 सर्किट किलोमीटर अंतर-राज्य 'ट्रांसमिशन लाइन' शामिल है। यह परियोजना केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) विनियमित रिटर्न ढांचे के तहत संचालित होती है और 22 सितंबर 2018 को शुरू की गई थी। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन स्टेप टू लिमिटेड ने 1,900 करोड़ रुपये में एस्सार ट्रांसको लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। महान-सीपत ट्रांसमिशन नेटवर्क के अधिग्रहण से मध्य भारत में 3,373 सर्किट किलोमीटर की चार परिचालन परिसंपत्तियों के साथ एईएसएल की उपस्थिति मजबूत होगी।

## सोने में तेजी, चांदी के भाव सर्वोच्च स्तर पर



एजेंसी ■ नई दिल्ली

देश के सराफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। चांदी के वायदा भाव तो सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव 73,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव में सुस्ती, जबकि चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 26 रुपये की तेजी के साथ 73,128 रुपये के भाव पर खुला और 28 रुपये की गिरावट के साथ 73,074 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 98 रुपये की तेजी के साथ 86,963 रुपये पर खुलने के बाद 323 रुपये की तेजी के साथ 87,188 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,391.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,394.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,393.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.90 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.72 डॉलर था। इस समय यह 0.08 डॉलर की तेजी के साथ 28.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

**सोने के वायदा भाव 73,150, चांदी लगभग 87,200 रुपए**

# पेट्रोल औ डीजल नोएडा में महंगा, चंडीगढ़ में सस्ता हुआ

### कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल

एजेंसी ■ नई दिल्ली




वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के नए भाव अपडेट कर दिए हैं। गुरुवार को भी देश भर के अलग-अलग शहरों में ईंधन की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, कुछ शहरों व राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दामों में घटे और बढ़े जरूर हैं। जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब और असम समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। वहीं तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, केरल और समेत अन्य प्रदेशों में दाम बढ़े हैं। गुरुवार को दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.76 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.35 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 95.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.05 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर,पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर और लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है।

# अप्रैल में देश से निर्यात 5 महीने में सबसे कम

### वस्तु आयात 10.25 फीसदी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर हुआ

एजेंसी ■ नई दिल्ली



लाल सागर संकट जैसे भू-राजनीतिक तनाव और जिंसों की कीमतों में नरमी से इस साल अप्रैल में भारत से वस्तु निर्यात का मूल्य घटकर 5 महीने में सबसे कम रहा। वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में भारत से वस्तु निर्यात पिछले साल अप्रैल की तुलना में 1 फीसदी घटकर 34.99 अरब डॉलर रहा।

मगर वस्तु आयात 10.25 फीसदी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पहुंच गया। निर्यात घटने और आयात बढ़ने के कारण व्यापार घाटा उछलकर 19.1 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले पांच महीनों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। आयात में इजाफे का असली कारण पेट्रोलियम उत्पाद हैं। देश के कुल आयात में पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी करीब 32 फीसदी है। इस साल अप्रैल में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करीब 20 फीसदी बढ़कर 16.64 अरब डॉलर रहा। सोने का आयात भी तीन गुना होकर 3.1 अरब डॉलर पहुंच गया। इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात इस साल अप्रैल में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 10 फीसदी बढ़कर 7.05 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम और रत्नाभूषण के अलावा माल का आयात 2 फीसदी बढ़कर 32.72 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम और रत्नाभूषण के अलावा होने वाले निर्यात से ही देश के निर्यात की स्थिति का सही पता चलता है।

इस श्रेणी के उत्पादों का निर्यात इस साल अप्रैल में 1.32 फीसदी बढ़कर 26.77 अरब डॉलर रहा। कुल मिलाकर अप्रैल 2024 में देश के 30 क्षेत्रों में से 17 के उत्पादों का निर्यात घटा है। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चार महीने तक सकारात्मक वृद्धि रही। इसके बाद प्रमुख बाजारों में मांग कमजोर होने और लाल सागर में संकट के कारण माल की आवाजाही प्रभावित होने से इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात घटा है।

उन्होंने कहा कि हाल के हफ्तों में वैश्विक आर्थिक तस्वीर सुधरती दिखी है, जिससे व्यापार बढ़ना चाहिए। इस साल अप्रैल में सेवाओं का निर्यात 14.3 फीसदी बढ़कर 29.57 अरब डॉलर रहा और उनका आयात 21.5 फीसदी बढ़कर 16.97 अरब डॉलर हो गया, जिससे इस श्रेणी के निर्यात में 12.6 अरब डॉलर का अधिशेष है। मगर अप्रैल का सेवा निर्यात का आंकड़ा अनुमानित है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक से आने वाले आंकड़ों के आधार पर संशोधित किया जाएगा।

### डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा

# सरकार ने कच्चे तेल पर कर घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन किया

एजेंसी ■ नई दिल्ली



सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर गुरुवार से 8,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। जुलाई 2022 में कच्चे तेल उत्पादकों और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर कर लगाया गया था। विंडफॉल टैक्स को हर दो सप्ताह में संशोधित किया जाता है। भारत ने जुलाई 2022 में कच्चे तेल उत्पादकों और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर टैक्स लगाना शुरू किया। इसका मकसद निजी रिफाइनर को नियंत्रित करना है, जो मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन से फ़ायदा उठाने के लिए लोकल लेवल पर ईंधन बेचने के बजाय विदेशों में ईंधन बेचना चाहते थे। इस वजह से सरकार विंडफॉल टैक्स लागू करती है।

विंडफॉल टैक्स का विस्तार गैसोलीन, डीजल और एटीएफ के निर्यात को कवर करने के लिए किया गया। कच्चे तेल की कीमतें बुधवार को अमेरिकी व्यापार में तीन महीने के निचले लेवल पर आ गईं। इस वजह से लगातार दूसरे सत्र में गिरावट आई, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इस वर्ष वैश्विक मांग के लिए अपने दृष्टिकोण को कम कर दिया है। ऐसे घटनाक्रमों ने पिछले सप्ताह अमेरिका में कच्चे तेल के बड़े भंडार में कमी दिखाने वाले शुरुआती आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया।

अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 2.2प्रतिशत गिरकर 72.72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जो 26 फरवरी के बाद सबसे कम है, जबकि सत्र का उच्चतम स्तर 78.71 डॉलर रहा। इसी तरह, ब्रेंट की कीमत बुधवार को 2 फीसदी गिरकर 81.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जो 26 फरवरी के बाद सबसे कम है, जबकि सत्र का उच्चतम स्तर 83.03 डॉलर रहा।

## वनप्लस ने की जियोमार्ट डिजीटल के साथ पार्टनरशिप

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वनप्लस ने भारत में रिलायंस के स्वामित्व वाले जियोमार्ट डिजीटल के साथ पार्टनरशिप कर ली है। इस साझेदारी के तहत देश में वनप्लस की रिटेल उपलब्धता बढ़ने में मदद मिलेगी। जियोमार्ट के साथ पार्टनरशिप होने से वनप्लस प्रोडक्ट भारत के 2,000 से ज़्यादा शहरों और कस्बों में उपलब्ध होंगे। बता दें कि कुछ हफ्ते पहले कई रिटेल चेन ने कंपनी के प्रोडक्ट की बिक्री बंद करने की धमकी दी थी। लेकिन अब नई पार्टनरशिप के साथ वनप्लस के फोन, वियरेबल, और बाकी प्रोडक्ट्स को भी रिटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकेगा।वनप्लस के डिवाइस को जियोमार्ट स्टोर के जरिए ऑनलाइन खरीदारी के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। बता दें कि जियो मार्ट डिजिटल के पास 63,000 से ज़्यादा रिटेल स्टोर्स डिस्ट्रीब्यून नेटवर्क हैं, जिससे साफ हो जाता है कि वनप्लस प्रोडक्ट्स भी बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचेगा।

**देश में वनप्लस की रिटेल उपलब्धता बढ़ने में मिलेगी मदद**

## ब्रीफ न्यूज

### अवैध कट्टे से हवाई फायर करने वाले आरोपी को 03 वर्ष का सश्रम कारावास

**मुरैना।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी कोमल सिंह पुत्र मान सिंह तोमर 28 वर्ष निवासी ग्राम बिजलीपुरा थाना महुआ को आयुध अधिनियम की धारा 27(1) तथा 25(1-बी)(ए) के अंतर्गत दोषी पाते हुये 03 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 2,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि फरियादी सतेन्द्र सिंह तोमर ने अपने भाई केशव सिंह तोमर के साथ पुलिस थाना महुआ में रिपोर्ट की कि वह थल सेना आर्मी में नौकरी करता है। 29 सितंबर 2014 से 38 दिन की छुट्टी पर गांव आया है। 15 नवंबर 2014 की शाम करीब साढे पांच बजे वह महावीर धोबी के घर के बगल में लगे हैण्डपम्प से पानी भर रहा था कि गांव का ही आरोपी कोमल सिंह तोमर आया और गाली देते हुये बोला कि वह यहां से पानी नहीं भरेगा और बर्तन हटा दिये, जब उसने गाली देने से मना किया तो उसके कमर में पेंट के अंदर खुरसा कट्टा 315 बोर का निकाल लिया और कट्टे से उसे डराने के लिए दो हवाई फायर किये, जिससे उसका मानव जीवन संकट में पड गया। वहां पर मौजूद रविन्द्र सिंह तोमर तथा गिर्राज सिंह तोमर ने बीच-बचाव करना चाहा तो वह वहां से भागा और जाते-जाते कह रहा था कि उसके बीच में पड़ा तो उसे जान से खत्म कर देगा। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सोवरन सिंह माहौर सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी तहसील अंबाह द्वारा की गई।

### धोखाधड़ी के मामले में एक वर्ष के कारावास की सजा

**मुरैना।** गुरुवार को धोखाधड़ी के केस में षष्ठम अपर सत्र न्यायालय मुरैना द्वारा आरोपी रजी मोहम्मद पुत्र नासिर खान निवास सुमावली को एक वर्ष के कारावास व 4 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई गई है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर अपर लोक अभियोजक ने की। मुरैना में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि रजी मोहम्द ने एक स्विफ्ट कार बैंक से द्रष्टि बंधक कर लौन प्राप्त किया गया और बैंक का लौन चुकता किये बिना गलत तरीके से फर्जी रजिस्ट्रेशन, बीमा तैयार कर पुनः: टी व्ही एस कंपनी से लोन प्राप्त कर लिया है।

### युवक पर नकाबपोश बदमाशों ने किया हमला

**मुरैना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की शाम माधौपुरा की पुलिया मंगल वाटिका के सामने गाड़ी से जा रहे सरनाम बघेल पर 10-15 लोगों ने हमला बोल दिया और उसकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। फरियादी जान बचाकर वहां से भाग निकला और पुलिस को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में फरियादी सरनाम बघेल पुत्र रामनिवास निवासी सुंदरपुर ने बताया कि शाम 6:45 बजे वह अपनी गाड़ी क्रमांक एमपी 06 सीबी 0713 से मंगल वाटिका के सामने गुजर रहा था, तभी एक कार व 4 मोटरसाइकिल से आए 10-15 लोगों ने उसे गाड़ी से खींचकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान फरियादी जान बचाकर वहां से भाग निकला। आरोपियों द्वारा गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

गंदगी व जलभराव से विक्रमनगर में फैल रही है बीमारियां

# न फॉगिंग हुई, न हुआ कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, नगर निगम नहीं दे रही ध्यान

सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 45 के नागरिक नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। जगह-जगह गंदगी एवं जल भराव होने के कारण क्षेत्र के लोगों मे नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। काफी लंबे समय से विक्रम नगर क्षेत्र में पानी एक ही जगह पर एकत्र रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। जल निकासी न होने से लोगों को गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। जलभराव वाले मोहल्लों में नगर पालिक निगम ने ना तो फॉगिंग कराई गई और न ही ब्लीचिंग व मेलाथियान पावडर का छिड़काव कराया गया। गंदगी व जलभराव से बीमारी फैलने लगी है। पूर्व में हुई बारिश का पानी कई मोहल्लों में अभी भी जमा है। जल निकासी न होने के कारण लोगों को गंदगी व गंदे पानी के बीच गुजर बसर करना पड़ रहा है। वार्ड 45 विक्रम नगर क्षेत्र में पानी सड़क पर ही जमा है। बगल में तालाब है, बारिश से तालाब का पानी सड़क पर भर गया है। विक्रम नगर कॉलोनी में बारिश का पानी भरा हुआ है। लोगों को गंदे





पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। हालांकि पंपिंग सेट से पानी निकाला जा रहा है, लेकिन अभी भी पानी लोगों घर के पास जमा है। वर्तमान में कीटनाशक व फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। लोगों में मच्छरजनित बीमारी फैलने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन इलाकों की न तो जांच की गई और न ही दवाओं का छिड़काव कराया गया। विक्रमनगर वार्ड 45 कॉलोनी में एक बार कीटनाशक का छिड़काव हुआ है, इसके बाद नगरपालिका का कोई कर्मचारी नहीं आया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि गंदा पानी भरा हुआ है, इसी पानी से हमें और हमारे बच्चों को रोज निकलना पड़ता है, इससे बीमारी फैलने लगी है। कई दिनों से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोग बीमार हो रहे हैं, लेकिन नगरपालिका द्वारा फॉगिंग नहीं कराई गई। जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इस इलाके में संक्रामक रोग फैल सकते हैं।

**इनका कहना है**

आगामी 20 मई से शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई कराई जाने का अभियान चलाया जाएगा। शहर के प्रत्येक जोन में एक जेसीबी मशीन दी जाएगी, जो इस काम को करेगी। इसके अलावा गंदगी एवं मच्छर का जहां प्रकोप है वहां पर रोस्टर के हिसाब से छिड़काव करने का प्रयास किया जा रहा है।

**देवेन्द्र सिंह चौहान**
**आयुक्त, नगर निगम मुरैना**

# खून के रिश्ते का एक बार फिर हुआ कत्ल पुत्र ने की पिता की हत्या, मां गंभीर घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में 2 दिन के अंदर खून के रिश्ते का दूसरी बार कत्ल हो गया स 2 दिन में लगातार एक ही प्रकार की दो घटनाओं से लोग स्तब्ध हैं और इन वारदातों ने आम आदमी को झकजोर कर रख दिया है। अभी एक दिन पूर्व माता बसैया थाना क्षेत्र में माता-पिता की हत्या हुई थी, उसे 24 घंटे भी नहीं बीते, तब तक सिटी कोतवाली क्षेत्र के दत्तपुरा इलाके में एक नशेड़ी पुत्र ने धारदार हथियार से अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया, वही मां पर भी जान से मारने की नीयत से हमला किया है। महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुरैना में एक बार फिर दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है जिसमें कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी, वहीं मां गंभीर रूप से घायल है। बताया जाता है कि दत्तपुरा इलाके में स्थित बाबा






वाली गली मैं रवि प्रताप जाटव पुत्र नत्थी लाल जाटव 55 वर्ष अपने परिवार के साथ निवास करता है। रवि प्रताप का छोटा बेटा सुधांशु जाटव 24 वर्ष आदतन नशेड़ी है और तमाम प्रकार के नशे कर आए दिन झगड़ा-फसाद व लोगों को परेशान करता था, जिसके चलते माता-पिता कई बार उसे ग्वालियर के नशा मुक्ति केंद्र एवं मेंटल हॉस्पिटल छोड़कर आए। बताया जाता है कि 2 दिन पूर्व ही परिजन उसे ग्वालियर से लेकर आए थे और वह घर पर था। गुरुवार की सुबह 10:00 बजे के लगभग सुधांशु जाटव ने धारदार हथियार उठाकर अपने पिता रवि प्रताप पर हमला बोल दिया और लगातार प्रहार करता रहा, जब तक कि उसके प्राण नहीं निकल गए। इस दौरान पति की आवाज सुनकर आई पत्नी शकुंतला देवी 50 वर्ष पर भी कलयुगी पुत्र ने हमला कर दिया और कई प्रहार सर पर कर डाले, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई। सुबह सवेरे हुई इस घटना को सुनकर लोग एकत्रित हो गए तथा पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक एवं घायल को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में रवि प्रताप ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, तो वहीं शकुंतला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। इधर पुलिस ने रवि प्रताप का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी व आरोपी पुत्र सुधांशु को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटनाक्रम में यह भी बात चर्चा में आई है कि सुधांशु जाटव को उसके परिवार वालों द्वारा 15 दिन से घर में बंधक बनाकर रखा गया था और 2 दिन पूर्व वह उनके चंगुल से बचकर निकल थाने में पहुंचा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है तथा आरोपी के विरुद्ध हत्या एवं हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

# बाइक सवार बदमाशों ने प्राइवेट टीचर से 90 हजार रुपए का मोबाइल लूटा

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत संजय कॉलोनी इलाके में बुधवार की रात्रि कोचिंग पढाकर घर लौट रहे प्राइवेट शिक्षक से पल्सर पर सवार तीन बदमाशों ने 90 हजार रुपए कीमत का एप्पल आईफोन लूट लिया और भाग निकले। कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करते हुए मात्र आवेदन लेकर खानापूर्ति कर ली गई है।




फरियादी श्रीमती माया सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा राहुल जैन बुधवार की रात्रि 9:15 बजे कोचिंग पढाकर घर लौट रहा था तभी संजय कॉलोनी स्थित मृगनयनी गार्डन मैरिज होम के सामने बिना नंबर की पल्सर बाइक से आए तीन बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया और भाग निकले। राहुल जैन मदद के लिए शोर मचाता रहा, मगर कोई मदद के लिए नहीं आया। बताया जाता है कि बदमाश राहुल से एप्पल आईफोन कीमती 90 हजार रुपए लूट कर ले गए हैं। इस मामले में सुबह राहुल की मां माया सिंह सिटी कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पहुंची, लेकिन पुलिस द्वारा लूट का मामला दर्ज न करते हुए आवेदन लेकर मामले को जांच में डाल दिया है। देखने में आ रहा है कि विभिन्न थाना क्षेत्र में हो रही लूट, चोरी की घटनाओं मैं पुलिस द्वारा मामला दर्ज न करते हुए आवेदन लेकर जांच करने की बात कही जाती है, लेकिन जब कोई छोटी-मोटी सफलता पुलिस हासिल करती है तो उसका लंबा चौड़ा प्रेस नोट बनाकर समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर झूठी वाहवाही लूटी जाती है।

# बीआर ऑइल्स की तीन फर्मों पर जीएसटी का छापा, कार्यवाही जारी




सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर की प्रतिष्ठित बीआर ऑइल्स के तीन प्रतिष्ठानों पर गुरुवार की दोपहर ग्वालियर से आई जीएसटी विभाग की टीम द्वारा छापा मारा गया और जांच पड़ताल आरंभ की। जांच दल द्वारा एक-एक कागज का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है, जिसमें शुक्रवार का दिन भी लग सकता है। गुरुवार की दोपहर जीएसटी विभाग के आधा दर्जन अधिकारियों की टीम द्वारा शहर के जीवाजी गंज स्थित बीआर ऑइल्स के ऑफिस, बीआर ऑइल्स बानमोर, बीआर एग्रो प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर छापामार कार्रवाई करते हुए सभी दस्तावेज एवं कंप्यूटर लैपटॉप अपनी कस्टडी में ले लिए और इसके बाद प्रत्येक दस्तावेज की बारीकी से जांच करना आरंभ कर दिया है। अभी इस मामले में जीएसटी विभाग के अधिकारी कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह रूटीन कार्यवाही है, जिसमें स्टॉक का अंतर खरीद बिक्री का डाटा सभी की जांच की जाएगी। यह जांच शुक्रवार को भी जारी रहेगी। फिलहाल जीएसटी विभाग द्वारा गुरुवार की दोपहर मुरैना में की गई कार्रवाई के बाद सभी व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठान से गायब हो गए।

### श्रद्धा भाव से मनाई गई केवट जयंती

**मुरैना।** मांझी, केवट, बाथम समाज द्वारा गुरुवार को केवट जयंती श्रद्धा भाव एवं भव्यता के साथ मनाई गई। हृदय स्थल गोपीनाथ की पुलिया दत्तपुरा मुरैना स्थित महामाया मंदिर धर्मशाला में बाथम- मांझी समाज के स्वजन एवं उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ ने भगवान श्री राम की नैया को पार लगाते हुई केवट महाराज की तस्वीर, मां महामाया जी को समाज बंधुओ ने श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना पुष्पहार पहनाकर महाआरती की। पूजा अर्चना पश्चात समिति की ओर से सभी को शरबत पिलाकर अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह राजपूत सहित समिति के पदाधिकारीगण एवं समाज के सैकड़ो लोग और धर्म प्रेमी बंधु,माताएं, बहने उपस्थित रहीं।

# जिला उपार्जन समिति की बैठक सम्पन्न



**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा है, कि जिले में सरसों की खरीदी के लिये 44 केन्द्र बनाये गये है। जिन पर 31 मई तक खरीदी कार्य किया जाना है, इसके अलावा गेहूं के लिये 28 खरीदी केन्द्र बनाये गये है, जिन पर 20 मई तक गेहूं खरीदी की जाना है। उन्होंने कहा कि जिले में वारदाना से संबंधित कोई समस्या हो तो अधिकारी बतायें, खरीदी कार्य में कोई रूकावट नहीं आना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिले में 13 हजार 523 किसानों ने गेहूं के लिये पंजीयन कराये थे, जिनमें से पंजीकृत किसानों का रकवा 23 हजार 334 बताया गया है। एसडीएम, तहसीलदार द्वारा इस रकवे का सत्यापित करने के बाद 13 हजार 27 बताया गया है। इस वर्ष उपार्जन का लक्ष्य 25 हजार मैट्रिक टन बताया गया है। इसी प्रकार सरसों के लिये 14 हजार 983 किसानों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 43 हजार 158 रकवा पंजीकृत था। एसडीएम, तहसीलदार द्वारा 14 हजार 289 किसान सत्यापित किये है। जिले में सरसों का उपार्जन लक्ष्य 70 हजार मैट्रिक टन निर्धारित किया गया है।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती शायदा पत्नी स्व. श्री फैयाज खांन निवासी चुंगी नाका रोड बनखण्डी मार्ग गोपालपुरा मुरैना से यूनिस खान, ईशू खान, जमील खान, रफीक खान पुत्रगण स्व. श्री फैयाज खान, श्रीमती नजमा वेगम पुत्री स्व. श्री फैयाज खान पत्नी मोहम्मद इब्राहीम शाह, श्रीमती अलीशा पुत्री स्व. श्री फैयाज खांन पत्नी इरशाद अली, श्रीमती शहनाज पुत्री स्व. श्री फैयाज खांन पत्नी असलम निवासीगण पुराना चुंगी नाका रोड गोपालपुरा मुरैना की सहमति से अपने स्वामित्व व आधिपत्य के दो मंजिला आवासीय भवन स्थित मौजा जौरा खुर्द तहसील व जिला मुरैना वार्ड क्रमांक 39 गोपाल वार्ड बाल निकेतन रोड गुलाब गली से निकलकर पुराना चुंगी नाका रोड गोपालपुरा मुरैना भवन क्रमांक 75/33 जो सर्वे क्रमांक 810 का अंश भाग जिसकी चौड़ाई उत्तर से दक्षिण 17 फीट, लम्बाई पूरव से पश्चिम 48 फीट यानि 816 वर्गफीट अर्थात 75.83 वर्गमीटर जिस भवन के पूरव मे भवन वैश्य, पश्चिम में आम रास्ता सडक, उत्तर भवन पंडित, दक्षिण भवन रीतेश गोयल को रजि. विक्रयपत्र दिनांक 2.5.2023 से क्रय कर स्वामित्व व आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त भवन से मेरे व्यवहारी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति का कोई संबंध व सरोकार नही है। मेरे उक्त भवन को कोई भी व्यक्ति अन्य किसी से कय विक्रय, बंधक, वसीयत आदि न करे, अन्यथा ऐसा विक्रयपत्र मेरे व्यवहारी के स्वामित्व, स्वत्व व आधिपत्य के मुकाबले शून्य व निष्प्रभावी होगा।

**सूचनाकर्ता**

**हमीद खान पुत्र**
**स्व. श्री फैयाज खान**
**निवासी चुंगी नाका रोड,**
**बनखण्डी रोड गोपालपुरा मुरैना**
**म.प्र.**
**आधार नंबर-.6382 5034 9395 मोबाइल नंबर- 95996 06909।**


**बैठक** कलेक्टर की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न

# जिले के 89 गांव चिन्हित, जो बाढ़ आने पर हो सकते है प्रभावित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

चम्बल एवं क्वारी नदी में जल स्तर बढ़ने से मुरैना जिले के 89 गांव प्रभावित हो सकते है, उन 89 गांवों को तात्कालिक सहायता क्या उपलब्ध कराई जा सकती है। इस संबंध में कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर, होमगार्ड कमांण्डेड, मुरैना एसडीएम, पीएचई, सिंचाई, जिला पंचायत, कृषि, राजस्व, के अलावा अम्बाह, जौरा, सबलगढ़ एसडीएम सहित जनपद सीईओ और झुण्डपुरा के सीएमओ गूगल मीट से जुड़े हुये थे।

कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा है कि चम्बल नदी का जल स्तर बढ़ने से 138 मीटर पर खतरे का निशान शुरू हो जाता है। तब चम्बल किनारे बसे हुये 68 गांव बाढ़ की चपेट में आते है।




इनके अलावा क्वारी नदी में बाढ़ आने से 21 गांव प्रभावित है। इसके लिये कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जिले स्तर के अलावा तहसील स्तर के कंट्रोल रूम मजबूत होने चाहिये, उनके पास गांव वार सूची चस्पा होनी चाहिये, इसके लिये जिन गांवों में बाढ़ आने की संभावना होती है, उन पंचायत भवनों पर भी सूची चस्पा होनी चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि इन गांवों में नाव, रस्सी, टॉर्च के अलावा अन्य आवश्यक उपकरण की डिमांड होमगार्ड बनाकर संचालनालय भेजे और क्रय करने के लिये प्रक्रिया प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सामग्री सबलगढ़, जौरा एवं अम्बाह तहसीलों में भी उपलब्ध रहे।

समस्त एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों के उन गोताखोरों के नाम भी सुरक्षित कर लें, उन्हें एक बार कंट्रोल रूम के माध्यम से फोन करके उनके नंबर अपडेट कर लें एवं सुनिश्चित करें कि किट जो कि इमीडियेट रिस्पांस के लिए ज़रूरी है समय पर पहुँच रही है कि नहीं। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में एक-एक बोर्ड लगवाया जाये, जिसमें कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर, राशन कर्मचारी का नाम, जेसीबी ऑपरेटर का नंबर, चिकित्सक, एम्बूलेंस के नंबर अंकित होना चाहिये। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित गांवों को कहां पर किस स्थान पर शिफ्ट किया जाना है, उस स्थान का नाम भी अंकित होने चाहिये। लोकल कम्युनिटी की लिस्ट तैयार कर लें, जो कि इमरजेंसी में सहयोग करती है। इसके अलावा निजी बोरवैल, हेण्डपंप, कुआ, बाबड़ी के लिये उन्हें हिदायत दें कि इसे शीघ्र बंद करायें। एमपीईबी महत्वपूर्ण रूप से सुनिश्चित करें, इन 89 गाँवों में कोई खुला तार ना पड़ा हो। सभी एसडीएम राहत शिविर के एसओपी पर नज़र डाले एवं एक साथ चर्चा कर लें।

## ब्रीफ न्यूज

### चलती ट्रेन से युवक को धक्का दिया, गंभीर घायल जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** छतरपुर में चलती ट्रेन से युवक को फेंकने/धक्का देकर मारने के पर्यास का मामला सामने आया है। जहां ट्रेन से गिरे युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका ट्रॉमा वार्ड में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के देवरा भापतपुरा का रहने वाला 22 वर्षीय युवक महेन्द्र कोंदर पिता बाबूलाल बीती शाम खजुराहो से कुरूक्षेत्र चलने वाली ट्रेन से मथुरा जा रहा था और ट्रेन की जनरल बोगी में उसका सीट और बैठने को लेकर दो लोगों से विवाद हो गया। ट्रेन जब छतरपुर के करीब पहुंची और युवक टॉयलेट के लिए टॉयलेट के पास पहुंचा तो टॉयलेट और गेट के पास खड़े उन्हीं (जिन्होंने विवाद किया था) लोगों ने उसे चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। घायल युवक और उसके पिता की माने तो वह लोगों को आउट पर ट्रेन की पटरी के किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस के माध्यम से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां वह ट्रॉमा वार्ड में भर्ती है। ट्रेन से गिरने पर उसके सिर हाथ पैर और कमर में गंभीर चोटें हैं। उसके बताने पर अस्पताल में उसके परिजनों को कॉल कर बुलाया है। वहीं, अब घटना और मामले की जानकारी लगाने पर संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### अनूपपुर में मवेशी को बूचड़खाने ले जाता वाहन पकड़ाया, पशु व्यापारी और ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के कोतमा से पशुओं की तस्करी करते हुए उत्तर प्रदेश के बूचड़खाने ले जाते हुए एक वाहन को पुलिस ने पकड़ा है। फुनगा पुलिस चौकी के जवानों ने वाहन को जब्त करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि 15 मई को धुर्वासिन से रक्सा के बीच धुरवासीन तरफ से एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। घेराबंदी कर उसे रोका गया। रोकने के बाद ट्रक चालक अफरोज अहमद को अभिरक्षा में लेकर ट्रक को चेक किया गया। ट्रक क्रमांक यूपी 92 टी 8593 में अवैध पशु भैस, पाड़ा 26 नग, कीमत लगभग 5 लाख 20 हजार को ठूंस-ठूंस कर लोड किया गया था। इन जानवरों को बूचड़खाना ले जाया जा रहा था। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। ट्रक क्रमांक यूपी 92टी 8593 के चालक अफ़रोज अहमद निवासी कौशांबी, उत्तर प्रदेश एवं पशु व्यापारी करण केवट निवासी कोतमा के विरुध्द धारा 6, 6 (क), 6 (ख), (1), 9 (1), 10, 11 पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वाहन को पशुओं के साथ जब्त कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में प्रमुख रूप से चौकी प्रभारी फुनगा उप निरीक्षक सुमित कौशिक, राकेश कनासे, सूर्यभान, अमन दुबे शमिल रहे।

### राज्य आनंद संस्थान ने कन्या छात्रावास में विश्व परिवार दिवस मनाया

# परिवार बचेंगे तो रिश्ते बचेंगे और रिश्ते बचेंगे तभी आएगी खुशहाली


### जिला नोडल अधिकारी नीरज पाराशर ने कहा



सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय परिवार दिवस पर 15 मई 2024 बुधवार को शासकीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास सिविल लाइंस खंडवा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न वक्ताओं ने परिवार का इतिहास,आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। आनंद विभाग के नोडल अधिकारी नीरज पाराशर ने कहा की पहले समाज में सयुक्त परिवार हुआ करते थे। तब परिवार के बीच प्रेम रहता था।सब सुरक्षित महसूस करते थे।बच्चो को बुजुर्गो से संस्कार मिलते थे।अब तो परिवार नामक इकाई खतरे में हे जिसे बचाने के लिए हमे आगे आना होगा। बच्चो को शिक्षा के साथ संस्कार देने की जरूरत है तभी परिवार मजबूत और खुशहाल बन सकेंगे और देश और दुनिया विकास कर पायेगी । मंडल संयोजक वीरेंद्र वर्मा ने कहा की पहले बच्चों को दादा दादी और नाना नानी खेल खेल में कहानियों के माध्यम से नैतिक शिक्षा और संस्कार देते थे। अब बुजुर्ग उपेक्षित हो रहे हे। परिवारों को बचाने हेतु सकारात्मक पहल करनी चाहिए। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर के बी मंसारे ने भी परिवारों का महत्व बताया। मंडल संयोजक प्रमोद काशीकर ने कहा परिवार बचाना हे तो घरों में सेवा , सहिष्णुता ओर संस्कार को बढ़ावा देना होगा। जिला संपर्क व्यक्ति गणेश कानडे ने बताया संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1993 में 15 मई को प्रतिवर्ष परिवार दिवस मनाने की शुरूआत की थी ।इस बार उसकी 30 वी वर्षगांठ मनाई जा रही है।इस वर्ष की थीम परिवार और जलवायु परिवर्तन रखी गई हे जिसमे परिवार और धरती को बचाने के लिए परिवारो की भूमिका तय की गई है।मास्टर ट्रेनर सुभाष शर्मा सर,मनीषा पाटिल और नारायण फरकले ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर ओम प्रकाश कोचले सहित पुष्पा अटूट, हॉस्टल अधीक्षक सुमन तिर्की,रवि कुमार पांडे,बरखा पांडे,छात्रा जय श्री जलखंडे,संजू चौहान,सुनीता रावत,अनिता कास्डे ,भावना,मयूरी पाटिल कविता सराठे सहित अन्य छात्राए उपस्थित थी।कार्यकम का संचालन गणेश कानड़े ने किया।

# भस्म आरती में रुद्राक्ष, फूलों और मुंड माला से सजे भोले बाबा, मंदिर में गूंजा जयश्री महाकाल



सत्ता सुधार ■ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में वैसाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर गुरुवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खोले गए। पंडे-पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट रुद्राक्ष व मुंड माला धारण करवाई गई। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि आज अष्टमी तिथि पर गुरुवार की भस्मआरती में बाबा महाकाल का श्री गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया। उनके मस्तक पर वैष्णव तिलक लगाकर फूलों, रुद्राक्ष और मुंड माला पहनाकर भगवान को सजाया गया। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्मी रमाई गई और भोग भी लगाया गया। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। इससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल के साथ जय श्री गणेश की गूंज भी गुंजायमान हो गया।

# बड़े बकायादारों पर निगम की कार्यवाही



सत्ता सुधार ■ खंडवा

गुरुवार को नगर निगम उपायुक्त एस आर सितोले के नेतृत्व में लक्कड़ बाजार एवं नगर निगम द्वारा मासिक किराए पर लीज पर दी गई दुकानों के बड़े बकायादारों से किराया वसूली की कार्यवाही की गई एवं किराया जमा न करने वाले बड़े बकायादारों की दुकानों को सील किया गया। आज निगम ने कुल 2 लाख 51 हजार 252 रूपए की वसूली की एवं अन्य छोटे बकायादारों को 8 दिन का समय दिया गया। तत्पश्चात मटन बाजार का भी निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में उपायुक्त सितोले के अलावा स. राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत, स. जनसंपर्क



अधिकारी गौरव खरे, प्रभारी बाजार अधिकारी अशोक तारे , एवं स. राजस्व निरीक्षक रसीद, रईस, अमित अग्रवाल एवं दयानंद वर्मा उपस्थित रहे।

### हत्यारिन पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास, पेट में चाकू भोंका फिर पत्थर पटककर की थी हत्या

**जबलपुर।** जबलपुर अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी करार दिया है। अदालत ने प्रीति रजक व मुकेश बर्मन को आजीवन कारावास व तीन-तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 16 नवंबर 2022 को रामवरन रजक की उसकी पत्नी प्रीति रजक ने अपने प्रेमी मुकेश बर्मन के साथ मिलकर हत्या की थी। आरोपीगणों ने मृतक रामवरन रजक के पेट में धारदार हथियार एवं सिर में पत्थर पटकते हुए उसे मार दिया था। उक्त मामले में भेड़ाघाट पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी सिहोरा मोहसाम हाल निवासी गोलबाजार 31 वर्षीय मुकेश बर्मन व गोसलपुर मानेगांव सिमरिया निवासी 32 वर्षीय प्रीति रजक को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई। मामले में विशेष लोक अभियोजक सुखलाल मार्को ने पक्ष रखा।

# प्रशासन के रोक के बावजूद जिले में हो रहा बोर उत्खनन, अधिकारी-कर्मचारी जानकर भी अनजान

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में कम बारिश होने पर प्रशासन ने बोर उत्खनन पर रोक लगाई है। इसके बाद भी रात के अंधेरे में और दिन के उजाले में अनुमति की आड़ में बोर हो रहे हैं। वहीं, रोक लगाने के बाद मशीन संचालक ने बोरिंग के रेट बढ़ा दिए हैं। अब लोगों को अवैध तरीके से बोरिंग कराने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह हैं। हरपालपुर नगर में कृषि उपज मंडी के सामने दिन के उजाले में अनुमति की आड़ में बोरिंग मशीन चल रही है। जबकि जिला प्रशासन ने पिछले माह तत्काल प्रभाव से मप्र पेयजल अधिनियम 1986 की धारा 3 के तहत जल प्रदाय सुरक्षित रखकर अबाध रखने के उद्देश्य से जिले की समस्त तहसीलों को अगली बरसात आने तक या अन्य आदेश तक जल अभावग्रस्त घोषित किया था। यह आदेश लागू होने से कोई भी व्यक्तिप्रशासन की अनुमति के बगैर पेयजल स्त्रोत का उपयोग सिंचाई साधन अथवा व्यवसायिक उद्देश्य से नहीं कर सकता। इसके साथ ही जल स्त्रोत हैंडपंप या ट्यूवेल से 200



मीटर की परिधि में अन्य हैंडपंप या ट्यूबवेल का उत्खनन नहीं कर सकेगा। साथ ही किसी भी निस्तारी तालाब के पानी का उपयोग सिंचाई अथवा व्यवसायिक कार्य के लिए नहीं किया जा सकेगा। यह आदेश शासकीय विभागों द्वारा खनित किए जाने वाले नलकूपों के खनन पर लागू नहीं है। विशेष परिस्थिति में एसडीएम की लिखित अनुमति से नलकूप खनन किया जा सकता है। पिछले माह जिला प्रशासन द्वारा बोर उत्खनन प्रतिबंधित कर दिया गया था। फिर भी इसका पूरी तरह पालन नहीं हो पा रहा है। प्रतिबंध से पहले बोर उत्खनन का रेट 80 से 85 रुपये फीट के हिसाब से बोरिंग की जा रही थी। लेकिन प्रतिबंध के बाद बोरिंग का रेट बढ़ाकर 110 से 130 रुपये फीट कर दिया गया है। यह काम पूरी तरह सेटिंग से चल रहा है।

इसके लिए पहले बोर उत्खनन के लिए संपर्क किया जाता है। इसके बाद तय स्थान को देखा जाता है। तब रात के रात के अंधेरे में बोर मशीन तय स्थान पर पहुंचती हैं। इसके लिए उनका पूरा नेटवर्क सक्रिय रहता है। जो तहसील सबंधित व्यक्ति को पेयजल की समस्या दर्शा कर बोर कराने की अनुमति लेते हैं। जबकि मौके न पटवारी, न नगर परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा वास्तविक स्थिति देखी जाती है। और कागजों में गुमराह कर अधिकारियों से अनुमति ली जाती है। पीने की पानी समस्या बतला कर भवन निर्माण के लिए खुलेआम बोरिंग कराई जा रही है।

# 20 साल से सेवाएं दे रहे 15 स्वास्थ्य कर्मचारियों को दो साल से नहीं मिला वेतन, कलेक्टर से लगाई गुहार

सत्ता सुधार ■ दमोह

दमोह जिला अस्पताल में कार्यरत करीब 15 कर्मचारियों को बीते दो साल से वेतन नहीं मिला है, जिससे इनकी पारिवारिक हालत खराब हो चुकी है। गुरुवार को यह कर्मचारी वेतन की मांग लेकर कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे और इन्हें नौकरी करते हुए 20 साल बीत गए हैं। एक कर्मचारी अपनी लकवाग्रस्त मां को लेकर भी पहुंचा था तो दो कर्मचारियों की हार्ट की बायपास सर्जरी होनी है, लेकिन हाथ में पैसे नहीं हैं। यह सभी कर्मचारी दो साल से परेशान हैं और लगातार शासन से पत्राचार कर रहे हैं। इन कर्मचारियों का कहना है कि वह सभी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। परिवार के लोगों के भरण-पोषण की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है। इसलिए वह चाहते हैं कि उनका वेतन जारी किया जाए। कर्मचारी संदीप चौबे ने बताया कि वह 20 साल से जिला अस्पताल में कार्यरत हैं। पहले रोगी कल्याण समिति के माध्यम से सेवाएं दे रहे थे, उसके बाद शासन के नियमों के तहत उनकी नियुक्ति की गई। सभी 15 कर्मचारी इसी प्रक्रिया के तहत नियुक्त किए गए हैं। पहले उन्हें हमेशा वेतन मिलता था, लेकिन दो साल से वेतन नहीं मिल रहा।

### दो साल पहले उनका वेतन रोका

जब उन्होंने पत्राचार किया तो शासन से स्पष्ट नियमावली आई कि यह कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र का मामला है। सिविल सर्जन ने इस मामले की फाइल को दबा रखा था। इसलिए वह अब कलेक्टर के पास पहुंचे हैं। ताकि उनका वेतन जारी किया जा सके। लेब अटेंडेंट मनोज जोशी ने बताया कि उसके पिता बुजुर्ग हैं, परिवार की जवाबदारी है। वेतन नहीं मिल रहा है, इसलिए बहुत परेशान हैं। एक और कर्मचारी संदीप सोनी अपनी लकवाग्रस्त मां को ऑटो में लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा और गोद में उठाकर कलेक्टर के पास तक ले गया। उसने भी अपनी परेशानी बताई, ताकि उसका वेतन मिल सके। ड्राइवर नदीम खान ने बताया कि उसका हार्ट का आपरेशन हुआ है। पैसे न होने के कारण कर्ज लेकर इलाज कराया है। अब आगे इलाज कराने के लिए उसे और अधिक कर्ज लेना पड़ेगा। कैसे बच्चों की पढ़ाई, लिखाई हो पाएगी।

### गर्मी : बच्चों का वजन-हाइट मापने वेट मशीन और इंची टेप लेकर घर-घर पहुंच रहीं सहायिका



**राजगढ़।** आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्मी के बढ़े हुए पारे के कारण माता-पिता अपने छोटे-छोटे बच्चों को भेजने से कतरा रहे हैं। क्योंकि हीट वेव को लेकर भी माता-पिता बच्चों की सुरक्षा के प्रति समर्पित हैं। लेकिन शासन के आंकड़ों के मुताबिक, छोटे बच्चों के हाइट और वेट के आंकड़े भी आंगनवाड़ी के माध्यम से मंगवाए जाते हैं। आंगनवाड़ी की आशा कार्यकर्ता और सहायिका वेट मशीन और इंची टेप लेकर घर-घर पहुंच रही हैं।

**घटना** ग्रामीणों ने बताया हमला करने के बाद मधुमक्खियां गांव में घुस गई और लोगों को अपना निशाना बना रही है

# मधुमक्खियों के हमले में सौ से अधिक लोग घायल, तीन जगह घटी घटनाएं

सत्ता सुधार ■ बैतूल

बैतूल जिले में मधुमक्खी काटने से सौ से अधिक लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। तीन जगह घटनाएं घटी हैं। कई लोगों को अस्पताल में उपचार जारी है। बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाले मुलताई क्षेत्र के ग्रामो में खेतों में देवस्थानों पर ग्रामीणों द्वारा चोटी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसमें देवस्थान पर पूजा करने के बाद बकरे एवं मुर्गे की बलि देकर खाना बनाया जाता है। जिसके बाद सभी लोग भोजन करते है। इस कार्यक्रम में परिजनों के अलावा रिश्तेदार, ग्रामीण एवं दोस्त शामिल होते है। बुधवार को भी ग्राम खैरवानी, पारडसिंगा एवं देवरी में अलग-अलग चोटी के कार्यक्रम आयोजित थे। इस दौरान खेतों पर स्थित पेड़ों पर लगे मधुमक्खियों के छातों में बैठी मधुमक्खियां खेत में भोजन बनाने के लिए जल रहे चूल्हों से निकले धुएं के कारण उड़ने लगी और वहां उपस्थित लोगों पर



मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे तीन स्थानों पर चोटी में शामिल होने आए करीब एक सैकड़ा लोग घायल हो गए। इसमें से करीब आधा सैकड़ा लोग उपचार कराने के लिए नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे थे। जहां पर उनका उपचार चालू है।

### खेत में था चोटी का कार्यक्रम

क्षेत्र के ग्राम पारडसिंगा में स्कूल के पीछे खेत में स्थित देवस्थान पर चोटी का कार्यक्रम आयोजित था। जहां पर चोटी का कार्यक्रम हो रहा था इस दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें शामिल आयुष अनिल, लक्ष्मण हरदयाल, अनिता पन्नालाल एवं नागपूर, पाथाखेड़ा सारणी सहित अन्य ग्रामों के करीब 70 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया हमला करने के बाद मधुमक्खियां गांव में घुस गई और लोगों को अपना निशाना बना रही है।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग

# पांच फायर ब्रिगेड से भी नहीं बुझ पाई, फायर फाइटर भी बुलाए

**उज्जैन ।** उज्जैन में बुधवार शाम लगभग पांच से 5-15 बजे के बीच तीन बत्ती चौराहा स्थित टिल्लू इलेक्ट्रॉनिक्स की तीन मंजिला दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

इस आगजनी के कारण दुकान की ऊपरी दो मंजिलों में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान में आग पकड़ ली, जिसके कारण भीषण आग कुछ ऐसी फैली की यहां खड़े लोग सहम गए। आगजनी की जानकारी लगते ही तुरंत माधवनगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जिन्होंने क्षेत्र की लाइट बंद करवाई और फायर फाइटर के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आगजनी की जानकारी देते हुए एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तीन बत्ती चौराहा प्रकाश नगर स्थित टिल्लू इलेक्ट्रॉनिक्स की तीन मंजिला दुकान (दुकान संचालक-संजय खंडेलवाल) की ऊपरी दो मंजिलों में शॉर्ट सर्किट के कारण आगजनी की घटना घटित हुई है। यह आगजनी की घटना इतनी भयावह थी कि लगभग आधे घंटे तक दोनों ही मंजिलों पर सिर्फ आग ही आग दिखाई दी। एसपी शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक की दुकान की ऊपरी दोनों मंजिलों में दुकान से संबंधित सामान ही भरा हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 1 मई से भरे जाएगे

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र 01 मई से भरे जा रहे है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र केवल ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया मण्डल की वेबसाईट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

### शांति एवं कानून व्यवस्थाओं के लिए दंडाधिकारियों को सौंपे दायित्व

**सागर।** पीली कोठी सालाना उर्स 74 वें वर्ष आयोजन के समय 24 मई से 26 मई तक संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है। जिसके लिए 24 मई को मधुकर शाह वार्ड यादव कालोनी से मदन बाबा के निवास से संदली चादर शाम 4 बजे उठकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पीली कोठी दरगाह पर चढ़ाई जाएगी व मीलाद शरीफ होने के उपरांत प्रातः काल के लिए नायब तहसीलदार विजय चौधरी एव नायब तहसीलदार सुरेश सोनी डयूटी करेंगे। 25 मई को सायं 6 बजे से कब्बाली समाप्ति तक के लिए नायब तहसीलदार सुनील बाल्मीक एव नायब तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी एवं 26 मई को सायं 6 बजे से कब्बाली समाप्ति तक अधीक्षक भू अभिलेख देवी प्रसाद चक्रवर्ती एवं नायब तहसीलदार हरीश लालवानी डयूटी करेंगें।

### वृद्वाजनों के लिए नि शुक्ल स्वास्थ्य शिविर 20 मई को

**सागर।** 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृद्धाजनों के स्वास्थ्य की जांच कर पीड़ित मिलने पर विशेषज्ञों से उनका उपचार कराने की उददेश्य से जिला चिकित्सालय सागर में आगामी 20 मई को निशुक्ल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 20 मई को सुबह 09 बजे से लेकर सायंकाल 04 बजे तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृद्धाजनों के स्वास्थ्य की जांच उपचार और फिजियोथैरेपी परामर्श एवं उपचार की जावेगा । साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए उन्हें आवश्यक मार्ग दर्शन भी दिया जावेगा। स्वस्थ्य शिविर में बीपी, सुगर, मोतियाबिन्द के लिए ऑखों का परिक्षण, हड्डी रोग, मानसिक स्वास्थ्य की जांच बधिरता, नाक, कान, गला, खून की जांच समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांचें की जावेंगी। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आर एस जयं के साथ चिकित्सकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच एवं उपचार कराने की अपील की है।

# सर्व हिंदू संगठन ने सौपा ज्ञापन, कहा देव रघुनाथ मंदिर ट्रस्ट के महंत को जमीन बेचने की अनुमति न दी जाए

## 37 एकड़ भूमि देकर मात्र 8366 वर्गफुट भूमि क्रय करने का क्या औचित्य है ?

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

सर्व हिंदू संगठन द्वारा गुरुवार को उस समय एक नया मोड़ आया जब तहसील परिसर में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई की देव रघुनाथ ट्रस्ट के महंत द्वारा भूमि विक्रय करने की अनुमति चाही गई उसे निरस्त किया जाए और जो भी विकास कार्य करना है वह बीना की धारा पर ही किया जाए उन्होंने ज्ञापन में आठ सूत्री मांगों को रखते हुए कहा गया कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर से ज्ञात हुआ की श्री देवरघुनाथ जी ट्रस्ट बड़ा मंदिर बीना के महंत द्वारा मंदिर ट्रस्ट की भूमि विक्रय की अनुमति हेतु कलेक्टर जिला सागर को आवेदन किया गया है यह भूमि खसरा नंबर 134, 166 ग्राम बरदौरा तहसील बीना जिला सागर में स्थित है।



### इस विषय में भूमि विक्रय / अनुमति रोकने हेतु आपत्ति प्रस्तुत है -

- यह की इस प्रकार की अनुमति देने से धार्मिक भवनाये आहात होगी एवं इस तरह से मंदिरों की संपत्ति खुर्द बुर्द करने की एक नई परिपाटी बन जायेगी। यह निर्णय क्षेत्र में भूमाफिया को बढ़ावा देगा जो जनहित में नहीं है ।
- नगर सीमा से लगी हुई लगभग 37 एकड़ भूमि देकर मात्र 8366 वर्गफुट भूमि क्रय करने का क्या औचित्य या तत्काल आवश्यकता है ?
- क्या संस्कृत विद्यालय बीना में नहीं बन सकता? बीना के हित में इस भूमि पर अन्य धार्मिक/जनहित के कार्य भी हो सकते है। बीना के लोगो की दान की हुई सम्पत्ती का उपयोग बीना के हित में ही होना चाहिये, बीना के बाहर नहीं।
- इस भूमि को बीना के प्रतिष्ठित आचवल परिवार ने दान में दिया था। इस ट्रस्ट के निर्माण का उद्देश्य मंदिर की व्यवस्था करना, धर्म का प्रसार करना, व्यवस्था करना एवं जनहित के कार्य करना है न की भूमि वेचना। यह भूमि उन दानदाताओं के दान को निरर्थक कर देगा। उद्देश्य को भंग कर देगा।
- आवेदन में इस भूमि को ककरीली, पथरीली, कम उपजाऊ बताया गया है जो की झूठ एवं गलत है। इस भूमि पर सालो से दूफसली खेती हो रही है. पूर्णतः सिंचित है, कछ्बारे है, बगीचे है दर्जनों फलदार वृक्ष मौजूद है।
- यह भूमि प्रस्तावित नगर पालिका विस्तार योजना के अंतर्गत आ चुकी है। अतः वर्तमान गाइडलाइन कीमत पर इस भूमि को बेचना ट्रस्ट एवं शासन दोनों के ही राजस्व के लिए नुकसानदायक होगा। वर्तमान परिस्तिथी को देखते हुए इस मामले में बड़े षड़यंत्र/भ्रष्टाचार का संदेह है।
- महंत कुछ माह पूर्व ही बीना में खसरा नम्बर 171/1 की भूमि मन्दिर की आवश्यकता बता कर बेच चुके है। इस राशि का क्या उपयोग हुआ? खसरा नम्बर 171/1 रकवा 0.344 हेक्टेयर जमीन जो कुछ समय पूर्व मंदिर जीर्णोद्धार के नाम पर बेची गयी उसकी रजिस्ट्री शून्य की जाए।
- मन्दिर ट्रस्ट लमभग 1000 एकड़ भूमी पर कृषि करता है या ठेके से देता है। क्या यह आय मन्दिर ट्रस्ट के लिए नियत कार्यो को पूरी नहीं पड़ती? मन्दिर की आय व्यय की जांच की जाकर सार्वजनिक किया जाए।
- भविष्य अगर शासन को किसी योजना के क्रियान्वयन अथवा निर्माण हेतु भूमी की आवश्यकता होगी मेतो इससे अधिक उपयुक्त कोई भूमी नहीं है जो नगर के इतने पास आदर्श परिस्थिती में उपलब्ध होगे।
- इस भूमी के विक्रय का निर्णय भूमाफिया को संरक्षण देने वाला, क्षेष का धार्मिक सौहाद्र बिगाड़ने वाला एवं अच्छा करने वाले, दान देने वाले दानदाताओं को धोखा देने वाला होगा।
- यह कि पूर्व में 5 एकड़ जमीन ट्रांसपोर्ट नगर के लिए मांगी गई थी जिसके लिए मना कर दिया गया था। इसके बाद दो एकड़ जमीन स्टेडियम के लिए मांगी गई थी तब भी मना कर दिया गया था। पार्क के लिए मांगी गई थीए उसके लिए भी मना कर दिया गया था। अब अचानक से यह पथरीली हो गई और इसे बेचने की योजना बनाई जा रही है।

जनहित और धर्महित में विक्रय अनुमति प्रदान नहीं करी जाए। मंदिर ट्रस्ट का विक्रय अनुमती का आवेदन निरस्त किया जाए।

# देवी बगलामुखी 10 महाविद्याओं में से एक हैं : आचार्य प्रदीप नागाइच

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना के पीतांबरा ज्योतिष केंद्र नई बस्ती में बगलामुखी का जन्म महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बगलामुखी जयंती वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक किया गया । मां बगलामुखी जयंती को विशेष पूजन हवन अनुष्ठान प्रसाद वितरण के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। ज्योतिष आचार्य प्रदीप नागाइच ने बताया कि मां बगलामुखी की पूजा करने का विधान है. देवी बगलामुखी 10 महाविद्याओं में से एक हैं. ये आठवीं महाविद्या हैं. जो शत्रुओं को नियंत्रित और परास्त करने की क्षमता रखती हैं. जो लोग अपने शत्रुओं का दमन करना चाहते हैं, उनको हराना चाहते हैं या किसी बड़ी प्रतियोगिता या कार्य में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, उनको देवी बगलामुखी की पूजा करनी चाहिए. ज्योतिष आचार्य पंडित प्रदीप नागाइच जी ने बताया कि बगलामुखी जयंती पूजा का समय, पूजा विधि और महत्व क्या है? बगलामुखी जयंती पर आप सुबह में स्नान आदि करके निवृत हो जाएं. उसके बाद पीले वस्त्र पहनें. फिर शुभ मुहूर्त में देवीबगलामुखी की मूर्ति या तस्वीर की स्थापना करें. पूर्व दिशा में मुख करके बगलामुखी देवी की पूजा करें. उनको पीले फूल, पीला चंदन, पीला वस्त्र, धूप, दीप, गंध, नैवेद्य आदि चढ़ाएं. बगलामुखी चालीसा, देवी बगलामुखी की कथा पढ़ें. फिर उनकी आरती करें. पूजा में हल्दी का उपयोग करें. हल्दी की माला से मां बगलामुखी के मंत्र का जाप कर सकते हैं।

### मां बगलामुखी देवी जन्मोत्सव पर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हवन पूजन भंडारे के साथ हुआ संपन्न



### देवी बगलामुखी पूजा के फायदे

- देवी बगलामुखी की पूजा करने से व्यक्ति को दुश्मनों पर विजय प्राप्त होती है
- किसी भी कार्य में सफलता के लिए आप बगलामुखी की पूजा अर्चना करें
- मां बगलामुखी अपने भक्तों की जीवन के हर संकट से रक्षा करती हैं
- बगलामुखी की कृपा से व्यक्ति को भोग और मोक्ष दोनों ही प्राप्त होता है
- वाद-विवाद या कोर्ट केस में सफलता प्राप्ति के लिए भी मां बगलामुखी की पूजा की जाती है।

# सिविल न्यायालय देवरी के नवनिर्मित ''ई-सेवा'' केन्द्र का ई-लोकार्पण संपन्न

सत्ता सुधार ■ देवरी(सागर)

सिविल न्यायालय देवरी के नवनिर्मित ''ई-सेवा'' केन्द्र का ई-लोकार्पण महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुज कुमार जिला न्यायाधीश देवरी ने कहा कि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा प्रत्येक जिला एवं तहसील स्तर न्यायालयों में ''ई-सेवा'' केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। यह एक ऐसा केन्द्र बिन्दु है जिसके अंतर्गत निम्न सेवाए प्रदान की जावेगी।



### ई-सेवा केन्द्र में प्रदान की जाने वाली सुविधाए

ई-सेवा केन्द्रों को आरंभ में वादकारियों और अधिवक्ता के लिए विभिन्न सेवाएं दी जाएंगी।वाद की स्थिति सुनवाई की अगली तारीख और अन्य विवरणों के बारे में पूछताछ को संचालित करना।,प्रमाणित प्रतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन सुकर बनाना।,याचिकाओं की ई-फाइलिंग को सुकर बनाने के लिए याचिकाओं की हार्ड कॉपी की स्कैनिंग से लेकर ई सिगनेचर जोडना सीआईएस में उनको अपलोड करना और दायरा संख्या उत्पन्न करना।ई-भुगतान ईस्टाम्प पेपर की ऑनलाईन खरीद में सहायता करना।आधार आधारित डिजिटल हस्ताक्षर के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने में सहायता करना। एंड्राइड और आईओएस के लिए ईकोर्ट के मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने में सहायता करना और प्रचार करना। जेल में रिश्तेदारों से मुलाकात के लिए ईमीटिंग की बुकिग में सहायता देना। अवकाश पर न्यायाधीशों के बारे में पूछताछ का संचालन करना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति और उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति से निःशुल्क विधिक सेवाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को मार्गदशर्नन करता है।वर्चुअल न्यायालयों में यातायात चालान के निस्तारण की सुविधा प्रदान करना और साथ ही यातायात चालान और अन्य छोटे अपराधों का ऑनलाइन शमन करना।अदालती सुनवाई का वीडिया कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था कराने और आयोजन कराने के तरीके की व्यवस्था करना। ईमेल व्हाट्सएप या किसी अन्य उपलब्ध तरीके के माध्यम से न्यायिक आदेशों के निर्णयों की सॉफ्ट प्रतियां प्रदान करना।इस अवसर पर अनुज कुमार जिला न्यायाधीश, महेश कुमार झा, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश देवरी, सुश्री निकीता चौहान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 देवरी मनोरम तिवारी न्यायाधीश, दीपू शाक्य न्यायालय देवरी दीपक सोनी, सहायक सिस्टम अधिकारी देवरी, नाजिर प्रहलाद साहू, विधिक सहायता से गोविन्द सिंह ठाकुर, अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी के अध्यक्ष मिथलेश ब्रम्हपुरिया, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, कोषाध्याक्ष आदित्य रावत सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण व पक्षकारगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# 3 दिवसीय शिविर में रक्तदान करके मानव सेवा के पुनीत कार्य में योगदान दें : भूपेन्द्र सिंह

## पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 3 दिवसीय रक्तदान शिविर आज से

सत्ता सुधार ■ सागर



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने अपने सभी शुभचिंतकों और आमजनों से आग्रह किया है कि 17/18/19 मई को दीपाली परिसर में आयोजित तीन दिवसीय रक्तदान शिविर में रक्तदान करके मानव सेवा के पुनीत कार्य में अपना योगदान अवश्य दें। यह तीन दिवसीय रक्तदान शिविर पूर्व मंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्वमंत्री श्री सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस तरह के आयोजन का निरंतर नौवां वर्ष है। विगत आठ वर्षों में आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से 9374 यूनिट रक्त एकत्र करके सागर, व भोपाल के ब्लड बैंकों को भेंट किया था जिससे सैकड़ों लोगों की जान बचाई जा सकी। गतवर्ष के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की उत्साहजनक भागीदारी से रक्तदान का रिकार्ड बन चुका है। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने बयान जारी कर कहा है कि इस बार भी हम अपने इस पुण्य अभियान को पूरे जोश, सक्रियता, संकल्प और भावपूर्णता के साथ संचालित करेंगे। गत वर्ष खुरई में सबसे बड़े ब्लडबैंक के लोकार्पण के साथ सागर जिले के ब्लड बैंकों की रक्त संग्रह क्षमता कई गुना बढ़ी है। इसी के साथ हम सभी का दायित्व है कि जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़े। श्री सिंह ने कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि रक्तदान करने से कई प्रकार के स्वास्थ्य गत लाभ होते हैं। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने बताया है कि एक सर्वे के अनुसार भारत में हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है।

### लोकसभा निर्वाचन की मतगणना/डाक मतपत्र गणना में संलग्न अधिकारी / कर्मचारियों के प्रशिक्षण 20 और 21 मई को

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन की मतगणना / डाक मतपत्र गणना 4 जून को निर्धारित है। उक्त कार्य को संपादित करने हेतु आपके कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी (संलग्न सूची अनुसार) को गणना पर्यवेक्षक / गणना सहायक / सूक्ष्म प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाना है। मतगणना हेतु प्रशिक्षण 20 एवं 21 मई को समय प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक एवं डाक मतपत्र गणना प्रशिक्षण दोप. 2.30 से 4.30 तक पद्माकर सभागार मोतीनगर चौराहा, सागर में आयोजित किया जाएगा।

# केवट जयंती पर निकाली वाहन रैली और दिया समरसता का संदेश

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



बीना में रैकवार समाज ने बुधवार की शाम को केवट जयंती के अवसर पर विशाल वाहन रैली निकाली। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। वहीं इस दौरान प्रसाद वितरित भी किया गया।

### इन मार्गो से निकाली गई वाहन रैली

वाहन रैली सुभाष वार्ड स्थिति रैकवार धर्मशाला से शुरू हुई जो सुभाष वार्ड ग्वालटोली से शुरू होकर कच्चा रोड, थाने के पीछे से होकर सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा, महावीर चौक, दुर्गा मंदिर होते हुए वापस रैकवार धर्मशाला ग्वाल टोली पहुंची, जहां पर भगवान श्रीराम का पूजन, आरती, श्रीराम नाम कीर्तन किया गया।

# मारपीट करने वाले फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ सागर

दिनाँक 07.05.2024 को फरियादी अंसू पिता सुरेश यादव उम्र 18 साल निवासी शुक्ला गली के पास शास्त्री वार्ड थाना मोतीनगर जिला सागर ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिनाँक 07.05.24 के करीबन 12.00 बजे की बात है मैं अपने दोस्त ऋषिकेश सोनी के साथ राहतगढ से वापसी आ रहा था तभी रविशंकर स्कूल के आगे अन्नु पवार व ऋषि साहू मिले जो अडीबाजी कर शराब पीने के पैसे लिए 500 रूपये मांगने लगे पैसे नहीं देने पर दोनो माँ बहन की गंदी गंदी गालिया देने लगे गाली देने से मना किया तो दोनो लात घूसो से मारपीट करने लगे और मुझे अन्नु पवार ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मारा जो मेरे बाये कंधे के पास लगा और कट कर खून निकलने लगा। उसी समय मेरे दोस्त ऋषिकेश सोनी ने बीच बचाव किया जो अन्नु पवार ने ऋषिकेश सोनी को भी चाकू मारा जो उसे दाहिने हाथ पर कलाई के उपर लगा कटकर खून निकलने लगा मौके पर बालकिशन




अहिरवार आ गया जिनसे बीच बचाव किया दोनो जाते हुए कह रहे थे कि अगली बार मिले तो जान से खत्म कर देगें की रिपोर्ट पर अपराध क 537/2024 धारा 294,323,324,327,506,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सागर के मार्गदर्शन मे अपराधिक गतिविधियो मे संलिप्त सकिय बदमाशो की पतारसी एवं उनके आपराधिक गतिविधियो मे रोकथाम हेतु मुहिम मे अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे एंव नगर पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जो त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी ऋषि साहू पिता विनोद साहू उम्र 22 साल नि0 मोहननगर वार्ड सागर को तलास कर पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया जो आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

कार्यवाही के दौरान निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर,प्रआर अनिल प्रभाकर प्रआर जानकी रमण मिश्रा. प्रआर प्रमोद बागरी आर देवेन्द्र शुक्ला प्रआर. आर प्रेम कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# 12 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन, विद्यार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र।

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

बीना के सीएम राइज स्कूल में चल रहे 12 दिवसायी समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप में शामिल छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि की ओर से प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। बीना के सीएम राइज स्कूल में समर कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सहायक संचालक रचना प्रजापति, अतिथि पूर्व प्राचार्य किरण गांधी, प्राचार्य डीके शर्मा, प्राचार्य मुकेश दुबे ने समर कैंप में पहुंचकर विद्यार्थियों की ओर से आर्ट और क्राफ्ट संगीत, पेंटिंग आदि विद्या को देखा और उत्साह वर्धन किया।साथ ही स्पोर्ट में भी टेबिल टेनिस, कैरम, बेड मिंटन आदि देखकर सराहा और सहभागिता भी की। इस मौके पर प्राचार्य मंजू यादव ने विद्यालय में चल रहे समर कैंप की अवधारणा को समझाया। मंच संचालन पंचम सिंह राय, सौरभ सिंह ने किया आभार शांति ताम्रकार की ओर से व्यक्त किया गया।



### समापन के मौके पर यह रहे मौजूद

इस अवसर पर ज्ञानी चौधरी, अवध किशोर पांडे, रमाकांत अहिरवार, सुभ्रा शुक्ला, दीपेश मिश्र, सुनील जैन, राकेश पुरोहित, घनश्याम शास्त्री, रितिका तिवारी, जफर खान सहित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर।** क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान की अध्यक्षता में आज संभागीय मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में संभाग के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एनएचएम भोपाल से श्रीमती सविता दुबे राज्य सलाहकार बी.एम.सी. से डॉ.जागृति नाहर, डॉ.निधि मिश्रा, डॉ.सुषीला यादव संयुक्त संचालक के साथ-साथ डी.सी.एम./डी.एच.ओ./चिकित्सा अधिकारी/नर्सिग अधिकारी उपस्थित हुयें। उक्त बैठक में संभाग जिला सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ से 1-1 प्रकरणों का चयन किया जाकर उनकी समीक्षा की गई। निर्देष दिये गये कि आज बैठक में जो भी निषकर्ष निकल रहा है उसका पालन करें तथा कोषिश करें कि आपके जिले में गर्भवती माताओं की जॉच समय पर एवं उन्हें उचित उपचार प्राप्त हों।

## ब्रीफ न्यूज

### फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे धोनी : रायुडू

**हैदराबाद।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि चेन्नई महेन्द्र सिंह के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। इसी कारण वह 42 साल की उम्र में भी खेल रहे हैं। रायुडू ने कहा कि बढ़ती उम्र को देखते हुए धोनी ने पिछले कुछ साल में अपनी फिटनेस पर विशेष जोर दिया है क्योंकि वह जानते हैं कि 40 के दशक में सब कुछ इतना आसान नहीं रहता है। इसी कारण वह 42 साल की उम्र में भी विकेटकीपिंग करते हुए फिट नजर आते हैं। वह अनुभवी विकेटकीपर के रूप में सजग हैं और बल्लेबाजी के दौरान डेथ ओवरों में छक्के भी लगा रहे हैं। धोनी ने अब तक 13 मैचों में 226.26 की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। इस आईपीएल सत्र में उनका 68 का औसत चेन्नई के सभी बल्लेबाजों में सबसे अच्छा है। इस सत्र में वह केवल 2 बार आउट हुए हैं।

### धोनी की सादगी से मिलती है प्रेरणा : जान्हवी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का सादगी भरा व्यवहार सभी को पसंद है। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, पहले इसके नाम से लग रहा था कि ये धोनी और उनकी पत्नी पर बनी होगी पर एक रिपोर्ट के अनुसार ऐसा नहीं है हालांकि इसकी भुमिका में कुछ जगहों पर समानता की बात कही जा रही है। जान्हवी ने कहा, मेरा मानना है कि मेरे साथ ही अन्य लोग भी धोनी के प्रशंसक हैं। साथ ही कहा कि उनका सादगी भरा व्यक्तित्व कुछ ऐसा है कि हर कोई उनकी ओर आकर्षित हो जाता है। कुछ दिन पहले मैं उनके साथ एक समारोह में थी, जैसे ही मैंने उन्हें देखा, मुझे लगा कि वह चल नहीं रहे थे, बल्कि उड़ रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि कैसे धोनी के व्यवहार ने उन्हें काफी प्रभावित किया।

### सीएसके के खिलाफ मैच नहीं हो पाया तो आरसीबी होगी बाहर

**नई दिल्ली।** आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच 18 मई को बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच में बारिश का साया मंडरा रहा है। इस मैच में अगर बारिश हुई तो आरसीबी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। शुरुआत में लगातार छह मैच हारने के बाद आरसीबी की टीम ने बाकि मुकाबले जीतकर अपनी संभावनाएं बनायी हैं। ऐसे में अब टीम दुआ करेगी कि बारिश न हो।

### बुमराह की जगह हर्षल को मिली पर्पल कैप

**मुम्बई।** पंजाब किंग्स के गेंदबाज हर्षल पटेल अब आईपीएल में सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाले पर्पल कैप के सबसे बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। इस प्रकार उन्होंने अब तक इस दौड़ में नंबर एक पर चल रहे मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह को करारा झटका दिया है। अब तक नंबर पर चल रहे बुमराह अब दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। पंजाब की जीत के साथ ही मुंबई की टीम अब अंकतालिका में अंतिम स्थान पर फिसल गयी है। हर्षल ने राजस्थान के बल्लेबाज को आउट कर बुमराह से पर्पल कैप छीनी।

ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें भी अंतिम चार में पहुंचेंगी...

# हरमनप्रीत को भारत सहित चार टीमों के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद



**एजेंसी ■ ढाका**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है भारतीय टीम इस साल अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साथ ही कहा कि भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें भी अंतिम चार में पहुंचेंगी। महिला टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। हरमनप्रीत के अनुसार हाल के समय में उनकी टीम ने बांग्लादेश का दौर किया है और उस अनुभव का लाभ भी टीम को विश्वकप में मिलेगा। इसमें भारतीय टीम को



ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में शामिल किया गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें हैं। हरमनप्रीतम के अनुसार भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं क्योंकि इन सभी टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हरमनप्रीत ने कहा, 'क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं इसलिए उम्मीद है कि ये चारों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5-0 से हराया था। हरमनप्रीत ने एक समारोह के दौरान कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा जिसका मुकाबला करने के लिए हमारी टीम उत्साहित है क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमारा मनोबल बढ़ेगा इसलिए मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित हूं। हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान बांग्लादेश टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की सीरीज में शानदार जीत से टीम बेहतर हुई है।

टी20 विश्वकप सेमीफाइन के दिन बारिश हुई तो ...

# आठ लेवल में शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अगले माह वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने टी20 विश्व कप में अगर दूसरे सेमीफाइनल में बारिश हुई तो सुपर आठ लेवल में टॉप पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। विश्व कप में केवल फाइनल के लिए रिजर्व दिन रखा गया है पर दोनो सेमीफाइनल के लिए कोई रिजर्व दिन नहीं है। भारतीय टीम अगर सेमीफाइनल में पहुंचती है तो 27 जून को गुयाना में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला होगा। वहीं पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में होगा जो रात का मैच है जबकि गुयाना में दूसरा सेमीफाइनल दिन में होगा। दूसरा सेमीफाइनल भारतीय समयानुसार रात 8.30 से शुरू होगा जिसमें मौसम की गाज गिरने पर 250 मिनट का अतिरिक्त समय होगा। पहले सेमीफाइनल को भी इसी तरह अतिरिक्त समय दिया जायेगा जो 26 जून को 60 मिनट और 27 जून को दोपहर दो बजे से





190 मिनट का होगा। फाइनल 29 जून को होगा जिसके लिए 30 जून को रिजर्व दिन होगा।

टी20 विश्व कप में खेलने की शर्तों के अनुसार रिजर्व दिन केवल 29 जून को बारबाडोस में होने वाले फाइनल के लिये रखा गया है।सभी मैचों में प्रत्येक पक्ष के लिए एक पारी होगी, प्रत्येक पारी अधिकतम 20 ओवरों तक सीमित होगी। सभी मैच एक दिन की निर्धारित अवधि के होंगे, बशर्ते कि किसी सीरीज या टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देश रिजर्व डे के लिए सहमत हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो अधूरा मैच फिर से खेला जा सकता है या निर्धारित दिन से जारी रखा जा सकता है।

यदि मैच को रिजर्व डे पर जारी रखना है तो मैच को निर्धारित दिन पर पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और ओवरों में आवश्यक कमी की जाएगी। केवल तभी जब निर्धारित दिन पर मैच के लिए आवश्यक न्यूनतम ओवर नहीं फेंके जा सकें तो मैच को रिजर्व डे पर पूरा किया जाएगा।

### अंतिम स्थान से बचने का प्रयास कर रहीं पंजाब किंग्स और मुम्बई

**मुम्बई।** आईपीएल में पंजाब किंग्स की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत से मुंबई इंडियंस अब अंक तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गयी है। पंजाब किंग्स की जीत से अंक तालिका में ऊपर तो कोई प्रभाव नहीं पड़ा पर अंतिम दो टीमों की जगह बदल गयी है। .

पंजाब किंग्स इस जीत के साथ ही 13 मैच से 10 अंक लेकर अब अंकतालिका में एक स्थान ऊपर आकर नौवें पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई इंडियंस 10वें नंबर पर खिसक गई ह।. मुंबई के 13 मैच में 4 जीत से 8 अंक हैं। अब ये दोनो का लक्ष्य अंतिम स्थान से बचना रहेगा।

पंजाब किंग्स जहां अब 19 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम में केवल एक अश्वेत खिलाड़ी होने पर सवाल उठे



**एजेंसी ■ जोहानिसबर्ग**

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में केवल एक अश्वेत खिलाड़ी को शामिल किया है। इससे सीएसए विवादों में आ गया है। शुरुआत में विश्वकप के लिए तय की गयी संभावित टीम में करीब छह अश्वित खिलाड़ी थे पर बाद में केवल एक ही खिलाड़ी कागिसो रबाडा को टीम में जगह मिली। इसके अलावा लुंगी एनगिडी को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। वहीं सीएसए के देश में भेदभाव पर बदलाव लाने के लक्ष्य के तहत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है पर टी20 विश्व कप के लिए चयनित टीम में केवल एक अश्वित खिलाड़ी रबाडा को ही जगह मिली है। ऐसे में सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने से सभी नाराज हैं। वहीं इस मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने सोशल मीडिया पर अपनी सफाई में कहा'आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है और रूप से यह बदलाव लाने की प्रक्रिया के विपरीत है क्योकि इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का सही प्रतिनिधित्व नहीं आया है।

वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्व अध्यक्ष रे माली ने कहा कि देश इस खेल में पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया है पर मेरा मानना है कि हम क्रिकेट के मामले में पीछे हो रहे हैं। इसमें हम आगे बढ़ने की जगह पीछे हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि हम ज्यादा संख्या में अश्वेत खिलाड़ियों को क्यों नहीं रख सकते।

# पूर्व पाक क्रिकेटर बोला, महिलाओं के नौकरी करने से टूट रहे घर

## सईद अनवर महिलाओं को लेकर एक बयान से विवादों में घिरे

**एजेंसी ■ लाहौर**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सईद अनवर महिलाओं को लेकर अपने एक बयान से विवादों में घिर गये हैं। अनवर ने एक सभा में कहा है कि महिलाओं के नौकरी करने से ही देश में तलाक के मामले बढ़ रहे हैं। इस बयान के बाद से ही लोगों ने सोशल मीडिया पर उनकी कड़ी निंदा की है। पूर्व पाक बल्लेबाज अनवर क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से ही धर्म का प्रचार-प्रसार करने में लगे हैं। इसी दौरान एक सभा में अनवर ने कहा कि तलाक की बढ़ती वजह के पीछे नौकरी करने वालीं औरते हैं।। अनवर के अनुसार इसी कारण घर बर्बाद हो रहे हैं। इस वीडियो की लोगों ने जमकर आलोचना की है। अनवर का जो वीडियो आया है उसमें उन्होंने कहा, जब से महिलाओं ने पाकिस्तान में काम करना शुरू किया है, पिछले तीन साल में तलाक का





औसल 30 फीसदी बढ़ गया है। पत्नियां कहती हैं, मुझे तुम्हारी जरुरत नहीं है, मैं खुद कमा सकती हूँ। मैं अपने दम पर घर चला सकती हूं। ये पूरा गेम प्लान है. जब तक आपको मार्गदर्शन नहीं मिलेगा, आप इस गेम प्लान को नहीं समझ पाएंगे। अनवर ने साथ ही कहा कि दुनिया भर में ये देखा है और महिलाओं के नौकरी में प्रवेश के कारण परिवारों को परेशानी हो रही है। उन्होंने साथ ही कहा, मैंने दुनिया भर की यात्रा की है। मैं अभी ऑस्ट्रेलिया, यूरोप से लौट रहा हूं। वहां युवा पीड़ित हैं, परिवार बुरी स्थिति में हैं। पति और पत्नियां लड़ रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि उन्हें पैसे के लिए अपनी महिलाओं से काम कराना पड़ता है। अनवर के इस वीडियो पर लोगों ने उनको जमकर फटकारा है। वीडियो में इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन और एक ऑस्ट्रेलियाई मेयर का भी यही मानना है।

### रॉयल्स प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में हार के बाद भी प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी है। सबसे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स प्लेऑफ में पहुंची थी। राजस्थान के अब 13 मैचों में 8 जीत और 5 हार से 16 अंक हैं। ये रॉयल्स की सत्र में चौथी हार है।

वहीं पंजाब जीत 10 अंक के साथ ही नौवे स्थान पर पहुंच गयी है। राजस्थान की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि पंजाब 9वें स्थान पर है।

वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) 19 अंक के साथ नंबर एक पर है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स 14-14 अंक के साथ तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। सीएसके ने 13 मैच खेले हैं जबकि सनराइजर्स ने 12 और दिल्ली के लीग मैच के सभी 14 मुकाबले हो गये हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 12 अंक लेकर छठे और लखनऊ सुपर जाइंट्स भी 12 अंक लेकर सातवें स्थान पर है।

### जीत के बाद जश्न ...




रोम में इटेलियन कप फुटबॉल में जीत के बाद जश्न मनाते हुए एफसी जुवेंटस के खिलाड़ी।

## आखिरी मुकाबला

6 जून को खेलेंगे अपना अंतिम मुकाबला



# छेत्री ने संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। छेत्री ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिये की है। छेत्री के अनुसार वह अपना अंतिम मैच 6 जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन मुकाबले में खेलेंगे। 39 साल के छेत्री ने 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कारने के साथ ही अपना पहला गोल भी किया था। छेत्री ने अपने दो दशक के करियर में 145 मैच खेलते हुए 93 गोल दागे हैं।

छेत्री अब सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर और सर्वाधिक कैप्ड खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहेंगे। वह अभी सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद तीसरे स्थान पर हैं। छेत्री ने संन्यास की घोषणा करने के दौरान अपने डेब्यू से लेकर अपने पूरे करियर में बताये समय को भी याद किया और भावुक भी हो गये। उन्होंने अपना एक वीडियो भी जारी किया। इसमें उन्होंने अपना सफर दिखाया। उन्होंने अपने करियर में कुल 6 बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीते हैं। इसके अलावा 2011 में उन्हे अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्म श्री पुरस्कार मिला था। अंतरराष्ट्रीय मंच पर छेत्री एएफसी में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों में शामिल रहे हैं। 2008 में चैलेंज कप, 2011 और 2015 में सैफ चैंपियनशिप, 2007, 2009 और 2012 में नेहरू कप, साथ ही 2017 और 2018 में इंटरकांटिनेंटल कप खेला था।

# लामिछाने बलात्कार के आरोपों से बरी हुए, टी20 विश्वकप में खेलने का रास्ता साफ

**एजेंसी ■ काठमांडू**

नेपाल क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी संदीप लामिछाने को बड़ी राहत मिली है। लामिछाने को बलात्कार के आरोपों से बरी कर दिया गया है। अब वह अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप में खेल सकेंगे।

इससे पहले इस क्रिकेटर पर 18 साल की साल की एक युवती ने बलात्कार का आरोप लगाया था। इसी कारण साल 2022 में लामिछाने के खिलाफ इस युवती ने पुलिस में शिकायत की थी। इसके बाद इस क्रिकेटर की गिरफ्तारी भी हुई थी। वहीं इसी साल की शुरुआत में काठमांडू जिला अदालत ने इस क्रिकेटर पर लगे आरोपों में इन्हें दोषी पाया था। उन्हें कोर्ट ने 8 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था।

वहीं अब पाटन हाई कोर्ट ने निलंबित राष्ट्रीय क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार के आरोप से बरी कर दिया।

सत्ता सुधार





## ब्रीफ न्यूज

### सपा के संस्थापक सदस्य रामहरि ने दिया इस्तीफा

**मऊ।** सपा के संस्थापक सदस्य और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामहरि चौहान ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। लोक सभा चुनाव के दौरान रामहरि के इस्तीफे को सपा के बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। रामहरि ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि लोकसभा चुनाव में सपा ने चौहान समाज के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है। जबकि हमने हमेशा सपा का साथ दिया था। कहा कि पार्टी की गलत नीतियों और गलत निर्णय से वह क्षुब्ध हैं। रामहरि ने लिखा कि पार्टी की निति निर्धारित करने वालों को जनता से कोई सरोकार नहीं है। एक तरफ सपा द्वारा पीडीए का नारा दिया जाता है, लेकिन जहां पर चौहान समाज की ताकत है, वहीं पर उसकी उपेक्षा हो रही है। बीते कई दिनों से समाज के लोग इस बात को लेकर नाराज हैं, लेकिन स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश तक उनकी बातों को नजर अंदाज किया जा रहा है। ऐसे में जहां पर कार्यकर्ता अपनी बात को रख न सके, उस माहौल में काम करना संभव नहीं है। चौहान ने यादव को पत्र लिखकर त्यागपत्र स्वीकार करने का आग्रह किया है।

### महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही भाजपा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि भाजपा महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही है। राशन से बदले वोट गरीबों के साथ मजाक है। भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल साबित हो रही है। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कंपनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है। लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है।

### शिवलिंग मिलने की वर्षगांठ पर धाम पहुंचा हिंदू पक्ष

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में दो साल पहले हुए कोर्ट कमिश्नर सर्वे में कथित शिवलिंग मिलने की हिंदू पक्ष ने वर्षगांठ मनाई। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष की वादिनी और अधिवक्ताओं ने गुरुवार को काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने वजू स्थल में प्राप्त कथित शिवलिंग का दर्शन-पूजन का अधिकार मिलने की मन्नत मांगी। विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करने ज्ञानवापी की श्रृंगार गौरी केस की चार वादिनी महिलाएं, पैरोकार व उनके अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, बाल गोपाल साहू पहुंचे। यहां रुद्राभिषेक व पूजन-अर्चन किया। बाबा विश्वनाथ धाम में मत्था टेकने के बाद परिसर में तस्वीरें भी ली।

### डॉक्टर के कहने पर बच्ची को धूप में रखा, तोड़ा दम

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक हैरान करने वाली घटना वाली सामने आई है, जहां 5 दिन की बच्ची की धूप में रखने से मौत हो गई। बच्ची की मौत पर परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की सलाह पर बच्ची को धूप में रखा था। बच्ची की मौत के बाद डॉक्टर अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल, सीएमओ के निर्देश पर प्राइवेट अस्पताल को सील कर दिया गया है। दरअसल, ग्राम भुगाई निवासी विमलेश कुमार की पत्नी रीता ने सांईं अस्पताल में पांच दिन पूर्व ऑपरेशन से एक बच्ची को जन्म दिया था। बच्ची को थोड़ी दिक्कत थी, तब अस्पताल के डॉक्टर ने बच्ची को आधा घंटा धूप में रखने की सलाह दी थी। परिजनों ने साढ़े ग्यारह बजे मासूम बच्ची को अस्पताल की छत पर धूप खाने के लिए रखा था।

# तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## पीएम बोले- इंडी गठबंधन ने भारत को किया बदहाल

### लोकसभा चुनाव : 2014 के पहले की सरकार में हर क्षेत्र में मची थी लूट, सपा-कांग्रेस सीएए के बारे में झूठ फैलाकर दंगे कराना चाहती थीं

एजेंसी ■ प्रतापगढ़/आजमगढ़

नरेंद्र मोदी ने प्रतापगढ़ में कहा कि कांग्रेस देश के विकास का मजाक बना रही है। सपा और कांग्रेस का मानना है कि देश का विकास अपने आप हो जाएगा। हमने शौचालय बनवाए तो सपा कांग्रेस ने कहा तो कहा इससे क्या होगा। भाजपा ने पक्का घर गरीबों को दिया तो कहा कि क्या होगा।

वर्षों शासन करने के बावजूद देश के पचासी फीसदी घरों में नल से जल नहीं आता था। हमने 14 करोड़ गरीबों तक पीने का पानी पहुंचाया। जीआईसी में आयोजित जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग सेना के शौर्य पर सवाल उठा रहे हैं। यह लोग कह रहे हैं कि सत्ता में आने के बाद आर्टिकल 370 वापस कर देंगे। यह लोग पाकिस्तान के पास जाएंगे कबूतर उड़ाएंगे। सपा और कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। देश जब आजाद हुआ था तो भारत छह नंबर की अर्थव्यवस्था थी। कांग्रेस ने वर्षों शासन करने के बाद अर्थव्यवस्था को ग्यारह नंबर पर ला दिया था। 2014 के बाद भाजपा की सरकार आने के बाद कड़ी मेहनत के बाद अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर लाया है। पीएम ने कहा कि हमारी सरकारी तीसरी बार सत्ता में आई तो देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। सपा और कांग्रेस के लोग न मेहनत के आदी हैं न ही नजीते लागे की इनमें सामर्थ्य है।

#### इंडिया गठबंधन ही रहा पीएम के निशाने पर

सपा और कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति यहीं पर नहीं रुकी। यह लोग मोदी के खिलाफ वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वह सत्ता में आएंगे तो रामलला को फिर टेंट में भेज देंगे और राम मंदिर में ताला लगवा देंगे, लेकिन मोदी ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे रहते ऐसा नहीं हो सकता है। 27 मिनट के भाषण में पीएम मोदी के निशाने पर सिर्फ सपा और कांग्रेस ही रही। उन्होंने एक बार भी मायावती या बसपा का नाम नहीं। पूरे भाषण में वह राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर ही हमलावर रहे।

#### आजमगढ़ में भरी हुंकार

इधर, प्रधानमंत्री ने गुरुवार को



आजमगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा-कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर जनता को जानकारी भी दी। मोदी जनसभा में मौजूद लोगों को हंसाते भी रहे।

#### खटाखट हो जाएगा इंडी गठबंधन

पीएम ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि अमेठी से भगाए गए हैं और अब रायबरेली से भी भगाए जाएंगे। देश चलाना सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है। यह आपसे नहीं हो पाएगा। चार जून को बाद मोदी सरकार तो बनेगी ही बनेगी, लेकिन और बहुत कुछ होने वाला है। चार जून के बाद इंडी गठबंधन टूट करके बिखर जाएगा खटाखट खटाखट। पराजय के बाद बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ या दिल्ली वाले हों यह शहजादे गर्मी की छुट्टी पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट खटाखट। किसी ने बताया है कि टिकट बुक कराने के लिए भी बोल दिया है।

#### कांग्रेस समाप्त करना चाहती है आरक्षण

मोदी ने कहा कि कांग्रेस पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है। यह कार्य कर्नाटक से शुरू भी कर दिया है। यह लोग पिछड़ों का आरक्षण लेकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। कांग्रेस के शहजादे कह रहे हैं सबकी जांच कराएंगे। उन्होंने दलितों और पिछड़ों का आरक्षण भी शुरू कर दी है। कांग्रेस कर्नाटक का यह फार्मूला पूरे देशभर में लागू करना चाहती है। ओबीसी से विश्वासघात करने वाली सपा इस पर चुप बैठी है।

#### अब बिजली बिल होगा जीरो

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मुफ्त व्यवस्था मिलेगी। अब आपके घर का बिजली बिल जीरो हो जाएगा। बिजली इस्तेमाल करने वाला भी हीरो बन जाएगा। सिर्फ निरहुआ ही नहीं आप भी हीरो बन जाइए। बिजली उपभोक्ता अभी से ही इसका रजिस्ट्रेशन करवा लें। इसमें सोलर लाइट के माध्यम से आप अपने घर की बिजली जलाएंगे। साथ ही ज्यादा बिजली होने पर उसे मुख्यमंत्री योगी खरीद लेंगे। इससे आपकी कमाई भी होगी।

#### भाषण की खास बातें

- जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म करवाकर वहां शांति व्यवस्था बहाल की। लोगों को आतंकवाद से छुटकारा मिल गया।
- मेरे रग-रग में राष्ट्रवाद का संकल्प बह रहा है। मैं इससे भारत को बदल रहा हूं।
- देश में बम धमाके, दंगे, आतंकवाद के साथ आजमगढ़ की पहचान को बदल दिया गया।
- सीएए को लेकर सपा-कांग्रेस और इंडी गठबंधन का सपना कभी पूरा नहीं होने दूंगा। सीएए हमेशा लागू रहेगा।
- देश की जनता को धर्म और जात-पात के नाम पर बांटकर रखा गया था। आज राष्ट्रवाद की गूंज हो रही है।
- सपा-कांग्रेस, दल दो हैं लेकिन दुकान एक ही है। ये झूठ का सामान बेचते हैं।
- पिछड़े-दलितों और आदिवासियों का आरक्षण छिनकर उसे अपने वोट बैंक का इस्तेमाल करता रहा विपक्ष।
- देश में बाबा साहब अंबेडकर का सपना साकार हो रहा है। हिंदू-मुसलमान से अलग समाज एक होकर चले तभी दुनिया में भारत का नाम होगा।
- विपक्षियों ने राम मंदिर को भी नहीं बख्शा। इस पर भी वे अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते दिखे।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले

## पूरी तरह फ्लाप साबित होगा इंडी गठबंधन केजरीवाल यूपी के लिए अनुपयोगी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव में फ्लाप साबित होगा। ये भ्रष्टाचार में डूबे हुए लोगों का समूह है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव को अपने ही प्रदेश में जनता ने ठुकरा दिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस पर कहा कि इसका कोई मतलब नहीं है।

खड़गे और राहुल का यूपी में कोई प्रभाव नहीं है। अरविंद केजरीवाल यूपी की राजनीति के लिए अनुपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में 400 सीटें जीतेगी और यूपी में 80 में से सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। लखनऊ में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में



संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया था। गुरुवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर इंडिया गठबंधन की जीत के दावे किए।

## केजरीवाल बोले- मोदी सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी

### अखिलेश यादव ने किया दावा- भाजपा चुनाव में 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीतेगी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ के सपा कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु 75 साल रखी गई थी। सुमित्रा



महाजन, मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी इसका उदाहरण हैं। अगले साल 17 सितंबर को मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे। मोदी ने धीरे-धीरे अमित शाह के रास्ते के कांटों को दूर कर किया। वसुंधरा राजे, सुमित्रा महाजन, शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह को हटाया। अब केवल योगी ही बाधा हैं। उन्हें हटाया जाएगा। उन्हें मोदी हटाएंगे क्योंकि अपने बनाए नियम को वो नहीं तोड़ते। वरना लोग उन पर सवाल उठाएंगे। ये नियम उन्होंने आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को हटाने के लिए बनाए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा 220 सीटों से ज्यादा नहीं बढ़ेगी।

#### चार चरणों में भाजपा चित्त

अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों में अब तक भाजपा चित्त हो चुकी है। जनता में आंसुओं का उफान है। 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है कि 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे। इस बार जनता 140 सीटों के लिए तरसा देगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में भाजपा को करारी हार मिलेगी। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ आरक्षण को बचाना होगा। हारने के बाद ये झूठ का विश्वविद्यालय खोलेंगे।

### राजनीति | अब भाजपा 400 पार का नारा नहीं दोहराती, प्रियंका ने स्वाति के केस में कहा

## मैं हमेशा महिलाओं के साथ खड़ी रहती हूं

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्वाति मालीवाल से हिंसा मामले पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें दो बाते हैं। पहला, अगर महिलाओं के साथ कुछ गलत होता है तो हम उनके साथ खड़े हैं। मैं हमेशा महिलाओं के साथ ही खड़ी रहती हूं चाहें वे किसी भी पार्टी की हों। दूसरा आप आपस में चर्चा करेंगी... वो आपस में निर्णय लेंगे। ये उन पर है। वहीं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस अमेठी और



#### पीएम पर हम कैसे भरोसा करें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तुष्टिकरण के आरोप लगाने पर प्रियंका गांधी ने कहा कि अभी वो कल ही कह रहे थे कि अगर वो इस तरह की बातें करते हैं तो सार्वजनिक जीवन में रहने के योग्य नहीं हैं। वो एक दिन कुछ कहते हैं, दूसरे दिन कुछ कहते हैं। हम उनकी बात का कैसे यकीन कर सकते हैं।

रायबरेली दोनों ही सीटों पर जीत दर्ज कर रही है। जनता हमारे साथ है। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव की शुरुआत में भाजपा अबकी बार 400 पार... का नारा दोहराती थी पर अब वो ऐसा नहीं करते हैं। चार चरणों के चुनाव के बाद अब वो इसकी बात भी नहीं कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री के चेहरे पर कहा कि जब मौका आएगा तो इसका भी निर्णय हो जाएगा। ये चुनाव महंगाई, बेरोजगारी, मध्यम वर्ग की दिक्कतों और किसानों के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। भाजपा के नेताओं को इन मुद्दों पर बात करनी चाहिए।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार बोले

## इंडिया गठबंधन जीतेगा 300 सीट

### प्रधानमंत्री का फैसला चुनाव के बाद होगा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री व कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन 300 सीटों पर जीत हासिल करेगा। इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली। इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने पर प्रधानमंत्री कौन होगा? इस पर शिवकुमार ने कहा कि इसका निर्णय बाद में होगा। हम संयुक्त नेतृत्व में विश्वास करते हैं। वह गरुवार को लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। डीके ने कहा है कि हमने कर्नाटक में सरकार बनने से पहले जिन गारंटी का वादा किया था सरकार में आने के बाद उसे पूरा



किया। उन्होंने कहा कि 10 किलो फ्री राशन, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह, महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा और युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि कर्नाटक में पांच किलो राशन और पांच किलो का पैसा दे रहे हैं। अगर इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनी तो ये सभी गारंटी पूरे देश में लागू करेंगे। केंद्र और यूपी की सरकार बताए उन्होंने 10 साल में क्या किया? युवा बेरोजगार हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।